फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 229 प्रभात जयपुर, मंगलवार 24 मार्च, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**American steel baron comments on...** Travelling on the Indian railways, Carnegie could not help but comment on its impact on Indian society. The introduction of the railways in the country had helped lower caste barriers

**Diamonds Need A Makover**

**The Power of Coffee Blends**

# यूपी चुनाव से पहले बड़ा "मास्टर स्ट्रोक" खेलेगी भाजपा

## केन्द्र सरकार 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पूर्व महिला आरक्षण बिल लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- चर्चा है कि परिसीमन के बाद लोकसभा की सीटें बढ़कर 816 हो जाएंगी। इनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। अगर ऐसा होता है तो बड़े पैमाने पर चुनावी गणित प्रभावित हो सकता है।
- महिला आरक्षण बिल संविधान संशोधन बिल है और परिसीमन से जुड़ा हुआ है। सरकार को बिल लाने की इतनी जल्दी है कि वह इसे परिसीमन से "डीलिंक" करने पर विचार कर रही है।
- केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस पर चर्चा के लिए कुछ विपक्षी दलों के साथ बैठक की, जिसमें ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम, तेलुगु देशम व कुछ अन्य क्षेत्रीय दल शामिल थे, पर, कांग्रेस को नहीं बुलाया गया।
- केन्द्र सरकार विधेयक पर सर्वसम्मति चाहती है, जो कांग्रेस के बिना संभव नहीं है। यही नहीं, कांग्रेस के समर्थन के बिना संविधान संशोधन विधेयक भी पारित नहीं हो सकता है।

नई दिल्ली, 23 मार्च। नरेन्द्र मोदी सरकार संसद के मौजूदा सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है, खासकर 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए।

महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण एक संवैधानिक संशोधन विधेयक है, जो परिसीमन (डिलिमिटेशन) से जुड़ा हुआ है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि सरकार इतनी जल्दबाजी में है कि वह इसे परिसीमन से अलग (डिलिंक) करने पर विचार कर रही है और 2011 की जनगणना के आधार पर लगभग 273 सीटें महिलाओं के लिए निर्धारित करने की योजना बना रही है।

परिसीमन के बाद लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर 816 होने का अनुमान है।

गृह मंत्री अमित शाह ने आज इस मुद्दे पर चर्चा के लिए कुछ क्षेत्रीय दलों की बैठक बुलाई, लेकिन मज़ेदार बात यह है कि इसमें कांग्रेस को आमंत्रित नहीं किया गया। केवल तेलुगू देशम पार्टी, ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और अन्य क्षेत्रीय दलों को बुलाया गया।

संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'ट्रंप से कोई बात नहीं हुई'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के तेहरान के साथ हुई "उपयोगी बातचीत" के दावों को सख्ती से खारिज करते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई।

ईरानी सरकारी मीडिया ने भी कहा कि देश ने ऐसी कोई बातचीत नहीं की है, जबकि काबुल स्थित ईरानी दूतावास

- ईरान ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया कि उनकी ईरान के नेताओं से युद्ध विराम पर वार्ता हुई है और अमेरिका ईरान के पावर प्लांट्स पर हमला नहीं करेगा।

ने "ईरान की सख्त चेतावनी के बाद ट्रंप की पीछे हटने की कार्रवाही" शीर्षक से तीखी प्रतिक्रिया पोस्ट की।

जानकार कूटनीतिक सूत्रों का कहना है कि तेहरान ने ट्रंप की चाल को भांप लिया, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति का ढुलमुल रवैया अब जग-जाहिर हो चुका है। हालांकि इस पोस्ट में ट्रंप के इस नाटकीय बयान को पूरी तरह खारिज नहीं किया गया कि दो दिनों से बातचीत चल रही है, लेकिन ईरान की "फार्स" समाचार एजेंसी ने एक अज्ञात स्रोत के हवाले से कहा कि अमेरिका के साथ "कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बातचीत नहीं हो रही है।'

# 'मैंने पश्चिम एशिया के सभी राष्ट्र प्रमुखों से फोन पर बात की है'

## प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में अपने संबोधन में कहा, मैंने सभी से आपस में बातचीत कर तनाव कम करने का आग्रह किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- प्रधानमंत्री ने संसद में अपने भाषण में कहा कि पश्चिम एशिया के हालात बेहत चिंताजनक हैं और हम वहाँ रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहे हैं।
- मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया के लगभग सभी देशों से हमारे व्यापारिक संबंध हैं। तेल और एलपीजी की हमारी अधिकांश जरुरत यहीं से पूरी होती है, इसलिए इस क्षेत्र में शांति स्थापित होना हमारे लिए बहुत जरुरी है।
- उन्होंने देश की जनता को भरोसा दिलाया कि पैट्रोल, डीज़ल, एलपीजी और खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी।

नई दिल्ली, 23 मार्च। वर्तमान संकट को लेकर भारत की संसद से पूरी दुनिया तक एकजुट और सर्वसम्मत संदेश पहुँचे, इस बात के महत्व को बताते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया की स्थिति "चिंताजनक" है। उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और प्रवासी भारतीयों पर इस युद्ध के व्यापक प्रभाव को रेखांकित किया, साथ ही यह भी कहा कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है और अभी तक न तो गर्मियों की फसल बुवाई के मौसम में उर्वरकों की कमी है और न ही कोयले या ईंधन का संकट है।

लोकसभा में अपने संबोधन में मोदी ने कहा, "पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। यह संकट तीन सप्ताह से अधिक समय से चल रहा है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा लोगों के जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पूरी दुनिया सभी पक्षों से इस संकट को जल्द से जल्द हल करने की अपील कर रही है।"

पिछले महीने शुरू हुआ यह युद्ध हवाई यात्रा से लेकर समुद्री परिवहन और गैस आपूर्ति तक कई क्षेत्रों को प्रभावित कर चुका है। खासकर होर्मुज़ जलडमरूमध्य लगभग बंद होने की स्थिति में है, जिसके जरिए भारत के 40 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात और दुनिया के 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन होता है।

ऊर्जा कीमतों पर नजर रख रहे लोगों और घरेलू बजट पर उसके असर को लेकर चिंतित लोगों को भरोसा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बंगाल में "ममता राज" खत्म करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही भाजपा

## प्रधानमंत्री मोदी राज्य के 14 स्थानों पर विशाल जनसभा करेंगे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- यही नहीं, ममता बनर्जी जिस भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ रही हैं, वहाँ भी प्र.मंत्री की एक सभा होगी। यहाँ ममता के सामने भाजपा ने सुवेन्दु अधिकारी को उतारा है। कभी ममता बनर्जी के विश्वस्त रहे सुवेन्दु अधिकारी बाद में भाजपा में चले गए थे और 2026 के गत चुनाव में उन्होंने नंदीग्राम सीट से ममता बनर्जी को 1956 वोटों से हराया था।
- भाजपा 28 मार्च को राज्य के लिए चुनाव घोषणा पत्र, "संकल्प पत्र" जारी करेगी, जिसमें युवाओं का रोजगार देने पर विशेष फोकस रहने की संभावना है। इसके अलावा कई लोक लुभावन घोषणाएं और विकास के बड़े-बड़े दावे भी घोषणा पत्र में किए जा सकते हैं।

नई दिल्ली, 23 मार्च। पश्चिम बंगाल को कथित अराजकता और भ्रष्टाचार से मुक्त कर "सोनार बांग्ला" की शुरुआत का वादा करते हुए, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) "संकल्प पत्र" या घोषणापत्र, जिसे वह 28 मार्च को जारी करने जा रही है, इसमें युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देने की संभावना है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन राज्य के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे, जहां वे बूथ स्तर के प्रबंधन, विधानसभा क्षेत्र की योजना, जिला इकाइयों के बीच समन्वय और जमीनी नेटवर्क को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर पार्टी संगठन को सक्रिय करेंगे। पार्टी के संदेश को मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और तयशुदा प्रचार रणनीतियों के जरिए अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

घोषणापत्र में राज्य में शासन व्यवस्था, विकास, रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कानून-व्यवस्था, युवा सहभागिता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण-शहरी संपर्क को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर फोकस रहने की संभावना है।

घोषणापत्र को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा ने व्यापक स्तर पर प्रयास किए हैं। राज्य के पार्टी नेताओं ने बुद्धिजीवियों, महिलाओं और युवाओं

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ट्रंप ने कहा, ईरान से वार्ता हो रही है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 23 मार्च। घरेलू दबाव, और ईरान के साथ युद्ध के 24वें दिन में प्रवेश करने से खजाने पर बढ़ते आर्थिक बोझ के चलते, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अमेरिका की ईरान के साथ अच्छी

- ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका 5 दिनों तक ईरान के पावर प्लांट्स पर हमला नहीं करेगा।

और उपयोगी बातचीत हुई है और वे ईरानी बिजली संयंत्रों तथा ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी सैन्य हमले को पांच दिनों के लिए स्थगित करने का आदेश देंगे।

लेकिन, ट्रंप ने यह बताने से परहेज किया कि क्या अमेरिका का सहयोगी इज़रायल भी ईरान पर हमले टाल रहा है या नहीं।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ट्रंप ने अपनी "टाको" छवि को बरकरार रखा

## ट्रंप ने अचानक घोषणा की, कि वे ईरान के पावर प्लांट्स पर हमला नहीं करेंगे, ईरान चाहे होर्मुज़ स्ट्रेट खोले चाहे ना खोले

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जबकि, गत सप्ताह ट्रंप ने घोषणा की थी, अगर ईरान ने होर्मुज़ स्ट्रेट नहीं खोला और जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित नहीं की तो वे ईरान के पावर प्लांट्स पर हमले करेंगे।
- इसके जवाब में ईरान ने भी धमकी दी थी कि वह खाड़ी देशों के डीसैलिनेशन प्लांट्स (समुद्र के खारे पानी को पीने योग्य बनाने वाला संयंत्र) और इन क्षेत्रों में मौजूद अमेरिकन इकाइयों पर भारी हमला करेगा।
- ईरान का कहना है कि इन्हीं धमकियों के कारण ट्रंप पीछे हटे हैं, लेकिन असल में ट्रंप पहले भी ऐसा करते रहे हैं। वे जोर-शोर से कोई मुहिम शुरु करते हैं और घबराकर पीछे हट जाते हैं, यूक्रेन में भी उन्होंने ऐसा ही किया था।
- घबराकर पीछे हटने के कारण ही ट्रंप की टाको (टीएसीओ) इमेज बन गई है अर्थात् "ट्रंप ऑलवेज़ चिकन्स आउट।"

नई दिल्ली, 23 मार्च। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपनी "टीएसीओ" (टाको) छवि को बरकरार रखा है। टीएसीओ अर्थात "ट्रंप ऑलवेज़ चिकन्स आउट।" इसका अर्थ है, ट्रंप हमेशा पीछे हट जाते हैं। इस छवि के अनुरुप ट्रंप ने अचानक यह घोषणा कर दी कि वे ईरान के नागरिक बिजली संयंत्रों पर हमला नहीं करेंगे, भले ही होर्मुज़ जलडमरुमध्य (स्ट्रेट) से जहाजों की आवाजाही सामान्य न हो।

पिछले सप्ताह ट्रंप ने कहा था कि यदि ईरान ने सोमवार शाम तक होर्मुज़ स्ट्रेट से नियंत्रण नहीं हटाया और जहाजों को निर्बाध आवाजाही की अनुमति नहीं दी, तो वे ईरान की सभी बिजली उत्पादन इकाइयों को नष्ट कर देंगे।

इसके जवाब में ईरान ने धमकी दी थी कि वह क्षेत्र के अरब देशों में सभी बिजली संयंत्रों, अन्य बुनियादी ढांचों और विशेष रूप से समुद्री पानी को मीठा कर पीने योग्य बनाने वाले डीसैलाइनेशन प्लांट्स के साथ ही, अमेरिका से जुडे सभी ठिकानों और इकाइयों को निशाना बनाएगा।

कई लोग ट्रंप के इस अचानक पीछे हटने को पहले दौर में ईरान की जीत के रूप में देख रहे हैं, हालांकि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि आगे क्या होगा।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका की ईरानी अधिकारियों के साथ बहुत उपयोगी बातचीत हुई है, जिससे अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच सभी मुद्दों के समग्र समाधान की दिशा में सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

लेकिन, ईरान के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने ट्रंप के इन दावों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ है। इसके बजाय, ईरान का कहना है कि उसके जवाबी हमले की धमकियों ने ही अमेरिका को अपनी योजना को आगे बढ़ाने से रोक दिया।

क्षेत्र के रणनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी देशों के भारी दबाव के कारण अमेरिका को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना पड़ा। अब तक सऊदी अरब, कतर, यूएई, ओमान और बहरीन

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबूलाल कटारा की अंतरिम जमानत रद्द की

जयपुर, 23 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022 पेपरलीक मामले में आरपीएससी के

- राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि कटारा ने अदालत से तथ्य छुपाये हैं। उसके खिलाफ पांच अपराधिक मामले लंबित हैं तथा उसके पास से 51 लाख रूपए नकद व 500 ग्राम सोने के आभूषण बरामद हुए थे।

निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा को मिली अंतरिम जमानत को रद्द कर दिया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'अगर अमेरिका ने हमला किया तो पाकिस्तान दिल्ली-मुंबई को निशाना बनाएगा'

## भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित का यह बयान क्या सिर्फ नारेबाजी है या पाक ऐसी टिप्पणियों के जरिए खुद को बचाने का जतन कर रहा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- रणनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के बयानों का उद्देश्य यह होता है कि जोखिम को इतना बढ़ा-बढ़ाकर पेश किया जाए कि उससे संभावित हमले से बचाव हो सके। यहाँ पाकिस्तान को खतरा अमेरिका से है, क्योंकि अमेरिका में एक वर्ग पाकिस्तान को ईरान की तरह परमाणु खतरा बता रहा है।
- वैसे बासित अभी किसी पद पर नहीं है और भारतीय नीतिकार अधिकारिक नीति व पूर्व डिप्लोमैट्स के बयानों को अलग तरह से देखते हैं, क्योंकि पूर्व अफसर नीति संबंधी वो बाते भी कह देते हैं, जिन्हें कहने से मौजूदा अधिकारी बचते हैं, इसलिए बासित के बयान को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ भी नहीं किया जा सकता है।
- पाकिस्तान द्वारा दिल्ली और मुंबई का उल्लेख स्पष्ट संकेत देता है कि अगर अमेरिका, पाकिस्तान पर हमला करता है तो वह उस संघर्ष को सीमा पार, यानि भारत तक विस्तार दे सकता है।
- पर, अभी भारत के लिए जरूरी है कि जवाबी बयानबाजी में न उलझे और पूर्ण सतर्कता बरतते हुए तैयारी में जुटा रहे, ताकि हर खतरे का मुकाबला किया जा सके।

नई दिल्ली, 23 मार्च। भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित की यह टिप्पणी, कि यदि अमेरिका हमला करता है तो पाकिस्तान दिल्ली और मुंबई को निशाना बना सकता है, पहली नज़र में चौंकाने वाली लगती है। लेकिन दक्षिण एशियाई भू-राजनीति की भाषा में यह किसी वास्तविक सैन्य खतरे से ज्यादा एक परिचित रणनीतिक संकेत (स्ट्रैटेजिक सिग्नलिंग) का साधन है, जिसका उद्देश्य जोखिम को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना, संघर्ष के दायरे को व्यापक करना और एक साथ कई पक्षों की गणनाओं को प्रभावित करना होता है।

सबसे पहले, बासित अब पद पर नहीं हैं। यह बात महत्वपूर्ण है। भारतीय सुरक्षा योजनाकार आमतौर पर आधिकारिक नीति और पूर्व राजनयिकों के बयानों में फर्क करते हैं, क्योंकि पूर्व अधिकारी अक्सर वह स्पष्टता दिखाते हैं, जिससे वर्तमान अधिकारी बचते हैं। इसलिए उनके बयान में नीतिगत तत्व तो नहीं है, लेकिन इसे पूरी तरह नज़रअंदाज़ भी नहीं किया जाता। ऐसे क्षेत्र में, जहां संकट अप्रत्याशित रूप से बढ़ सकते हैं, बयानों को भी गहराई से पढ़ा जाता है, ताकि रणनीतिक सोच का अंदाजा लगाया जा सके।

एक स्तर पर, यह बयान पाकिस्तान की उस पुरानी रणनीति के अनुरूप है, जिसमें वह तनाव को बढ़ाकर निरोध (डिटरेंस) स्थापित करने की कोशिश करता है। दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों का उल्लेख स्पष्ट संकेत देता है कि पाकिस्तान से जुड़ा कोई भी संघर्ष, चाहे वह अमेरिका द्वारा शुरू किया गया हो या नहीं, भौगोलिक या राजनीतिक रूप से सीमित नहीं रहेगा। इन शहरों का

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# दो और भारतीय जहाजों ने होर्मुज़ पार किया

नई दिल्ली, 23 मार्च। भारत के दो और जहाज होर्मुज स्ट्रेट को पार कर गए हैं। इन जहाजों में एलपीजी है और इनके दो से ढ ाई दिन में भारत पहुंचने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक, पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट को पार

- 92,000 टन एलपीजी लेकर आ रहे ये जहाज दो-ढाई दिन में भारत पहुंच जाएंगे।

कर चुके हैं। दोनों जहाज सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए थे। दोनों जहाज एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। शिपिंग मिनिस्ट्री के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों जहाजों पर लगभग 92,000 टन एलपीजी है। उन्होंने बताया कि खाड़ी से भारत तक पहुंचने में जहाज को आमतौर पर दो से ढ ाई दिन लगते हैं।

जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चलता है कि होर्मुज स्ट्रेट को पार करने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर**

# इस युद्ध का अंजाम क्या होगा?

अमेरिका – इजरायल और ईरान के बीच चल रहे महायुद्ध को 24 दिन पूरे हो चुके हैं और इसका कोई अंत फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा है। इस युद्ध की शुरुआत 28 फरवरी, 2026 को इजरायल द्वारा ईरान पर मिसाइल हमले करने के साथ हुई। पहले ही दिन ईरान के एक स्कूल पर बमबारी से स्कूल में पढ़ने वाली लगभग डेढ़ सौ बालिकाएं मौत के मुंह में समा गईं। तब से अब तक अमेरिका एवं इजरायल द्वारा ईरान पर निरंतर बमबारी की जा रही है एवं उसके विभिन्न नागरिक और सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया गया है। ईरान की सर्वोच्च लीडरशिप को एक के बाद एक कर मार दिया गया है।

इसके बावजूद, ईरान की ओर से इस हमले के उत्तर में दागी जा रही आधुनिकतम मिसाइलें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ईरान ने इस युद्ध में आशातीत आत्मविश्वास और सैन्य क्षमता का परिचय दिया है।

पहले हम यह देख लें कि युद्ध को प्रारंभ करने के पीछे इजरायल और अमेरिका ने कारण क्या बताया? इजराइल और अमेरिका का यह मानना है कि ईरान न्यूक्लियर शक्ति बनने यानि परमाणु बम बनाने की दिशा में कार्य कर रहा था। इस संबंध में अमेरिका और ईरान के मध्य एक समझौता भी 25 फरवरी को लगभग हो चुका था, किंतु इसके तत्काल बाद 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर संयुक्त रूप से हवाई हमला कर दिया। इसका कोई सबूत अमेरिका या इजरायल के पास नहीं था कि ईरान के पास यूरेनियम संवर्धन के माध्यम से परमाणु बम बनाने का कोई कार्यक्रम था। अमेरिका द्वारा ईरान के विभिन्न शहरों और उसके सैन्य ठिकानों पर गत 24 दिनों से निरंतर बमबारी की जा रही है। ईरान ने इसके विपरीत, विभिन्न अरब देशों में स्थित अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर मिसाइल से हमले किए हैं, जिनसे अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचा है। इजराइल के सुरक्षा कवच को तोड़ते हुए ईरान, इजरायल के कई क्षेत्रों में बमबारी कर भारी नुकसान पहुंचाने में सफल हुआ है। हाल ही में इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के द्वारा ईरान ने 4000 किलोमीटर दूर हिंद महासागर में स्थित दियागो गार्सिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर भी हमला किया है।

ईरान में अयातुल्लाह खमेनेई की हत्या के बाद उनके लड़के मुजतबा खमेनेई को सुप्रीम लीडर बनाया गया। ईरान के प्रमुख नेता लारीजानी को मार दिया गया। इसके अतिरिक्त भी कई सैन्य सलाहकार और नेताओं को अमेरिका ने विभिन्न हमलों के माध्यम से मार दिया।

ईरान द्वारा विभिन्न अरब देशों में स्थित अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर लगातार बमबारी जारी है। उसने हॉर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) से निकलने वाले सभी तेल वाहक जहाजों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब धीरे–धीरे केवल उन जहाजों को छूट दी जा रही है जो अमेरिका और इजरायल के समर्थन में नहीं हैं। इन पर प्रति टैंकर 20 लाख डॉलर का शुल्क लगा दिया है। हॉर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने से पूरे विश्व में कच्चे तेल की समस्या उत्पन्न हो गई है क्योंकि विश्व के कुल तेल उत्पादन का 20 प्रतिशत इसी स्ट्रेट के माध्यम से जाता है। कच्चे तेल के दाम बहुत बढ़ने लगे हैं।

जहां तक भारत का प्रश्न है, कच्चा तेल इस युद्ध से पहले 70–75 डॉलर प्रति बैरल के हिसाब से मिल रहा था। इसकी कीमत अब लगभग 119 डॉलर प्रति बैरल हो चुकी है। भारत के कुछ तेल वाहक जहाज़ को अवश्य ईरान ने हॉर्मूज स्ट्रेट से निकलने की अनुमति दी है जिसके कारण भारत में पेट्रोल और गैस की व्यवस्था जैसे–तैसे हो पा रही है। कई स्थानों पर इसकी कालाबाजारी हो रही है और काला बाजार में एल पी जी गैस का सिलेंडर लगभग 4–5000 रुपए देकर खरीद रहे हैं। भारत सरकार ने अभी तक पेट्रोल के दाम में वृद्धि नहीं की है जबकि गैस के दाम बहुत पहले ही 60रू. प्रति सिलेंडर बढ़ा दिया गया था। पेट्रोल के दामों में सरकार ने वृद्धि को शायद बंगाल, तमिलनाडु, केरल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक के लिए रोक रखा है। जैसे ही यह चुनाव पूरे होंगे, इसकी पूरी संभावना है कि पेट्रोल के दाम बहुत बढ़ा दिए जाएँ।

इस युद्ध का एक विचित्र पहलू यह भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार विरोधाभासी और ऊलजुलूल बयान देते रहे हैं। कभी वह कहते हैं कि युद्ध समाप्त हो चुका है और फिर लगातार हमले करने और ईरान को नष्ट करने की बात करते हैं। इस युद्ध के दौरान अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मापदंड ध्वस्त हो चुके हैं। केवल एक ही कहावत लागू हो रही है [illegible]।

इस युद्ध में ईरान को रूस और चीन से अघोषित समर्थन मिल रहा है। अमेरिका का समर्थन तो नाटो के देशों ने भी करने से मना कर दिया है। अभी तक अमेरिका ने अपने सैनिकों को ईरान की धरती पर नहीं उतारा है। अमेरिका का यह मानना था कि केवल ईरान के शासको को समाप्त करके वहां सत्ता परिवर्तन कर देंगे और ऐसी सरकार को बिठा देंगे जो अमेरिका की पिछलग्गू की तरह काम करे ताकि इस क्षेत्र के तेल भंडारों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर सके। ट्रंप का यह सपना, अभी तक केवल सपना ही बना हुआ है और इसके साकार होने के कोई आसार भी नजर भी नहीं आ रहे हैं।

> **इस युद्ध की शुरुआत 28 फरवरी, 2026 को इजरायल द्वारा ईरान पर मिसाइल हमले करने के साथ हुई। पहले ही दिन ईरान के एक स्कूल पर बमबारी से स्कूल में पढ़ने वाली लगभग डेढ़ सौ बालिकाएं मौत के मुंह में समा गईं। तब से अब तक अमेरिका एवं इजरायल द्वारा ईरान पर निरंतर बमबारी की जा रही है एवं उसके विभिन्न नागरिक और सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया गया है। ईरान की सर्वोच्च लीडरशिप को एक के बाद एक कर मार दिया गया है।**

इस युद्ध का एक और अलग पहलू यह भी है कि मुस्लिम देश आपस में ही लड़ रहे हैं। अमेरिका के सैन्य ठिकाने संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, सऊदी अरब आदि स्थानों पर हैं, जहां ईरान बमबारी कर रहा है। इन हमलों से इन देशों की जन और धन हानि भी बहुत हुई। इस युद्ध ने विभिन्न मुस्लिम अरब देशों को, मुस्लिम देश ईरान के ही खिलाफ खड़ा कर दिया है। ईरान द्वारा लगातार अरब देशों को इस बात के लिए आगाह किया जा रहा है कि वे अमेरिका का समर्थन बंद करें और उसे, अपने सीमाओं में सैन्य ठिकाने संचालित करने की अनुमति नहीं दें। इसी दौरान इजरायल ने लेबनान पर भी भयंकर बमबारी करके वहां बहुत क्षति पहुंचाई है।

ऐसा लगने लगा है कि अमेरिका की जनता ट्रंप के इस प्रकार के अजीब व्यवहार के समर्थन में नहीं है। अमेरिकी सैनिकों की भी जान अब जाने लगी है और जब उनके शव लौटकर अमेरिका आए तो वहां के लोगों में बहुत गुस्सा देखा गया। वे पहले देख चुके हैं कि किस प्रकार अमेरिकी सैनिकों के बड़ी संख्या में जान गंवाने के बाद भी अमेरिका, इराक –अफगानिस्तान –यमन –सीरिया आदि देशों में कोई खास परिवर्तन नहीं कर पाया है। पूरे विश्व में अपना एकमात्र साम्राज्य स्थापित करने का सपना देखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप धीरे–धीरे अपने देश की खराब होती आर्थिक स्थिति के कारण वहां के लोगों का भी विरोध झेल रहे हैं। इस युद्ध के विरोध में वहां के अनेक सीनेटर और अन्य जन प्रतिनिधि भी हैं। कई लोग इसे ट्रंप द्वारा एप्स्टीन फाइल से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए छेड़ा गया युद्ध भी बता रहे हैं। स्वतंत्र विश्लेषकों को ऐसा लगता है कि ट्रंप ने इजरायल का साथ देते समय स्थिति का आकलन करने में बड़ी भूल की है।

इस युद्ध में अफवाहों का बाजार भी गर्म है। कौन सी खबर सही है या झूठ, यह पता ही नहीं लगता। कभी नेतन्याहू के मारे जाने की खबर फैलती है तो इजरायली मीडिया उनके वीडियो प्रसारित करता है। उसे लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से बनाए गए वीडियो बता रहे हैं। अमेरिका का यह सोचना कि ईरान के लोग जो अयातुल्लाह खामैनी के कट्टर धार्मिक शासन के विरोध में थे, वे स्वयं सत्ता विरोध के लिए उतर आएंगे और सत्ता परिवर्तन कर देंगे, गलत साबित हुआ है। ईरान के लाखों लोगों ने अयातुल्लाह खमेनेई की अंतिम यात्रा में भाग लिया और अब जब लारीजानी को मारा गया तो उसके भी समर्थन में लाखों लोग उतर आए। ईरान में सैंकड़ों –हजारों लोग मारे जा चुके हैं। इसी प्रकार लेबनान में भी कई लोग मारे गए हैं।

जिस प्रकार से इंसानों द्वारा इंसानों की मौत दोनों तरफ हो रही है, उसे देखकर तो लगता है कि हम पाषाण काल में पहुंच गए हैं। इतनी बड़ी बर्बादी दोनों तरफ हो रही और इसका कोई परिणाम निकलने की संभावना नहीं है। तो, क्या यह युद्ध केवल हथियार निर्माता कंपनियों और देशों के लिए व्यवसाय का अवसर बनकर ही रह जाएगा? क्या दुनियाँ में मानवीय संवेदनाएं बिल्कुल समाप्त हो गई हैं? क्या पूरा विश्व इंसानों की इस प्रकार निर्मम हत्याओं के विरुद्ध में उठकर खड़ा नहीं हो सकता? कब तक बमबारी में दोनों तरफ लोग मारे जाते रहेंगे? इससे केवल उन कंपनियों को फायदा हो सकता है जो इस प्रकार नष्ट हुई बड़ी संपत्तियों के पुनर्निर्माण के लाखों करोड़ रुपए के आदेश प्राप्त करेंगे।

आज जो बच्चे अमेरिकी आक्रमण का शिकार हो रहे हैं और अपने परिजनों को खो कर अनाथ हो रहे हैं, वे किस प्रकार की मानसिकता से बड़े होंगे, इसका अनुमान लगाना भी कठिन है।

विनाश के बारे में जो अनुमान हैं, उससे कहीं अधिक नुकसान इस युद्ध से हो रहा है। पूरे विश्व में इससे बड़ी अस्थिरता और अनिश्चितता का वातावरण गया है। भारत पर भी इसका बहुत बड़ा दुष्प्रभाव शीघ्र ही पड़ने की संभावना है। भारत ने इजरायल–अमेरिका द्वारा किए गए आक्रमण के बावजूद, न तो अमेरिका को इसके लिए जिम्मेदार माना, न ही इजरायल की निंदा की। यह भी एक संयोग ही है कि इस 28 फरवरी को इजरायल द्वारा किए गए आक्रमण के ठीक दो दिन पूर्व भारत के प्रधानमंत्री मोदी, इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ गले मिल रहे थे।

कुल मिलाकर हम यही कह सकते हैं कि इजरायल–अमेरिका और ईरान के बीच हो रहे इस युद्ध का दुष्प्रभाव फिलहाल तो मध्य पूर्व और अरब देशों के द्वारा अनुभव किया जा रहा है, किंतु यदि चीन और रूस इसमें प्रत्यक्ष रूप से शामिल हो गए, तो यह विश्व युद्ध का आकार तत्काल ही ले लेगा। ईरान के पास यदि वास्तव में कहीं न्यूक्लियर क्षमता हुई और उसका उपयोग उसने कर लिया तो उसका कितना भयंकर दुष्परिणाम हो सकता है, इसका अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

हम केवल आशा ही कर सकते हैं कि ऐसा नहीं होगा और इस बेमतलब, बेनतीजा युद्ध को शीघ्र ही दोनों पक्ष समाप्त करने की ओर अग्रसर होंगे। सब लोग आशा कर रहे हैं कि यह युद्ध शीघ्र समाप्त हो, विश्व में शांति स्थापित हो। युद्ध का अंजाम सदैव विनाश ही होता है और यह युद्ध भी इससे अलग नहीं है। प्रत्येक देश के शासक को सद्बुद्धि आए और वह मानवता का संहार करने से बचे, यही कामना हम कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# गौ संरक्षण से सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता राजस्थान



जोराराम कुमावत

भारतीय परंपरा में 'गोधन' को केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समृद्धि, पोषण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला माना गया है। राजस्थान की सांस्कृतिक चेतना, ग्रामीण जीवन और कृषि व्यवस्था में गाय का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। कृषि और पशुपालन को साथ लेकर ग्रामीण विकास की नई रणनीति बनाई जा रही है। इस स्थिति में गौ संरक्षण, गौसंवर्धन और पशुधन प्रबंधन की नीति अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित 'गौ सेवा नीति–2026' इसी व्यापक सोच का परिणाम है। इसका उद्देश्य गौवंश के संरक्षण के साथ–साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। देश के कुल पशुधन का लगभग 10.6 प्रतिशत और गौवंश का लगभग 8 प्रतिशत राजस्थान में है। कुल पशुधन की दृष्टि से उत्तरप्रदेश के बाद राजस्थान दूसरे स्थान पर है। बीसवीं पशुधन गणना 2019 के अनुसार प्रदेश में कुल पशुधन 5.68 करोड़ एवं गौवंश 1.39 करोड़ है।

पशुपालन प्रदेश के लाखों किसानों और पशुपालकों के लिए आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। ऐसे में गौवंश के संरक्षण, पोषण और वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में समर्पित नीति बनाना समय की आवश्यकता थी। प्रस्तावित गौ सेवा नीति–2026 का उद्देश्य गौवंश के संरक्षण के साथ उनके समुचित प्रबंधन और आर्थिक उपयोगिता को बढ़ाना है। इस नीति के माध्यम से गौशालाओं को मजबूत करना, निराश्रित गौवंश की देखभाल, पशुपालकों को प्रोत्साहन तथा गौ आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे अनेक कदम उठाए जा रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत गौशालाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जानी है। वर्तमान में बड़े पशुओं के लिए प्रतिदिन 50 रुपये और छोटे पशुओं के लिए 25 रुपये प्रतिदिन का अनुदान दिया जा रहा है। इससे हजारों गौशालाओं के संचालन को सहयोग मिला है और बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश को संरक्षण प्राप्त हुआ है।

गौ संरक्षण को सरकारी प्रयासों के साथ ही सामाजिक भागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है। भारतीय संस्कृति में सदियों से 'गौग्रास' की परंपरा रही है, जिसके अंतर्गत घर में भोजन बनने से पहले गाय के लिए अन्न का एक भाग अलग निकालने की परंपरा रही है। यह धार्मिक परंपरा होने के साथ ही सामाजिक संवेदना का प्रतीक है। इस परंपरा को पुनर्जीवित कर समाज के विभिन्न वर्गों को गौशालाओं तथा निराश्रित गौवंश की सेवा से जोड़ने से गौ संरक्षण का कार्य अधिक प्रभावी और स्थायी बन सकता है। राज्य सरकार भी समाज और गौसेवी संस्थाओं की सहभागिता से इस परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में प्रयास कर रही है।

गौ संरक्षण की स्थायी व्यवस्था के लिए चारागाहों का संरक्षण और विकास अत्यंत आवश्यक है। राजस्थान में मौजूद हजारों चारागाह क्षेत्र परंपरागत रूप से पशुधन के लिए चारे का मुख्य स्त्रोत रहे हैं। समय के साथ इन चारागाहों पर अतिक्रमण और उपेक्षा के कारण कई क्षेत्रों में चारे की समस्या उत्पन्न हो गई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अब चारागाहों के संरक्षण और विकास को प्राथमिकता दे रही है। चारागाह भूमि पर चारा विकास कार्यक्रम, पौधारोपण, वर्षाजल संचयन, चराई प्रबंधन और स्थानीय समुदाय की भागीदारी के माध्यम से इन्हें पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। चारागाहों का वैज्ञानिक विकास करने से पशुधन के लिए प्राकृतिक चारे की उपलब्धता बढ़ेगी, पशुपालकों की लागत कम होगी और पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा। राजस्थान आज देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है। राज्य में प्रतिवर्ष करीब 3 करोड़ टन के आसपास दूध उत्पादन होता है। इससे लाखों ग्रामीण परिवारों को नियमित आय प्राप्त होती है। राज्य की राठी, थारपारकर, गिर और नागौरी जैसी देशी नस्लें दुग्ध उत्पादन और पशुधन की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राज्य में दुग्ध उत्पादन और पशु आहार का वार्षिक कारोबार 8 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 10 हजार करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। यह वृद्धि राजस्थान के डेयरी क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

डेयरी क्षेत्र में हुई प्रगति का सबसे बड़ा संकेत यह है कि वार्षिक मुनाफे में 46 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले 47 वर्षों में सबसे अधिक है। राज्य के 24 दुग्ध संघों में से पहले घाटे में चल रहे 15 संघ अब लाभ में आ चुके हैं। राज्य में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता भी तेजी से बढ़ाई जा रही है। यह क्षमता 48 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 52 लाख लीटर प्रतिदिन की का चुकी है और वित्तीय वर्ष के अंत तक इसे 65 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए डेयरी सहकारिता को भी मजबूत किया गया है। पिछले एक वर्ष में 1,000 नई डेयरी सहकारी समितियों का गठन किया गया है, 2,000 दुग्ध संकलन केंद्र स्थापित किए गए हैं और 1 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी नेटवर्क से जोड़ा गया है। इससे किसानों को दूध का बेहतर मूल्य मिल रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा और प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार विभिन्न योजनाएँ चला रही है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना पशुओं के बीमा की सुविधा प्रदान करती है। इससे आकस्मिक नुकसान की स्थिति में पशुपालकों को आर्थिक सहायता मिलती है। इसी प्रकार राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से पशुपालकों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना दूध उत्पादकों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को पर्यावरणीय दृष्टि से सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार बायोगैस प्लांट स्थापित कर रही है। इससे गोबर का उपयोग स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में होगा और जैविक खाद भी तैयार होगी, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगी।

राजस्थान की कृषि व्यवस्था में पशुपालन एक महत्वपूर्ण पूरक भूमिका निभाता है। राज्य सरकार ने किसानों के हित में कई कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को प्रति वर्ष 9 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और अब तक करीब 11 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

वित्त वर्ष 2026–27 के बजट में 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ रुपये का कृषि बजट रखकर राज्य सरकार ने कृषि और पशुपालन दोनों क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में रखने का स्पष्ट संकेत दिया है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गेहूं की खरीद पर प्रति क्विंटल 150 रुपये बोनस देने की घोषणा की है। इसके परिणामस्वरूप किसानों को गेहूं का मूल्य 2 हजार 735 रुपये प्रति क्विंटल प्राप्त होगा।

गौ संरक्षण, गौग्रास की परंपरा, चारागाह विकास, डेयरी सहकारिता का विस्तार और पशुपालकों के लिए लागू योजनाएं मिलकर राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रही हैं। इन पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर राजस्थान पशुधन आधारित समृद्धि का एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उठाए गए इन कदमों से यह स्पष्ट है कि राजस्थान गौ संरक्षण की परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ ही गोधन के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण, किसान समृद्धि और सतत ग्रामीण विकास की नई दिशा तय कर रहा है।

**–जोराराम कुमावत,**
**पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन मंत्री**

# बालिका शिक्षा और साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए अद्भुत समर्पण



ब्रजेश सामरिया

शिक्षाविद् डॉ. अब्दुल रज्जाक ने दूरदराज के क्षेत्रों में बालिकाओं के स्कूल ड्रॉप आउट को रोकने में अहम भूमिका निभाई।

कुरान की पहली आयत का पहला शब्द इकरा है जिसका अर्थ पढ़ो है। यह आध्यात्मिक और दुनियावी ज्ञान के महत्व को प्रदर्शित करता है। अब 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर नजर डालें तो जहां राष्ट्रीय साक्षरता दर 72.98 है, वहीं मुस्लिम समुदाय में यह मात्र 68.54 प्रतिशत है। इससे भी खराब स्थिति यह है कि मुस्लिम महिलाओं में यह 52 प्रतिशत भी नहीं है। इसका कारण इस समाज द्वारा बालिका शिक्षा को उतना महत्व न देना या दे पाना, जल्द शादी और आर्थिक कारणों से निजी विद्यालयों तक तुलनात्मक रूप से कम पहुंच माना जा सकता है। इस लिहाज से मुस्लिम बालिका शिक्षा का महत्व अधिक बढ़ जाता है।

राजस्थान में केन्द्र और राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की बालिकाओं की शिक्षा के गुणवत्तापूर्ण प्रसार के लिए निःशुल्क साईकिल, लैपटॉप, ट्रांसपोर्ट वाउचर, छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तक उपलब्ध करवा रही है। इसके साथ ही निजी प्रयासों से भी तस्वीर बदली है। इसका परिणाम देखना है तो दौसा शहर के नागौरी, देशवाली, खटीकान, रैगर मौहल्लों का दौरा किया जा सकता है। गत 15 साल में यहां के विद्यालय सैंट हाफिज उच्च माध्यमिक विद्यालय से पढ़ी 200 से ज्यादा बालिकाओं जिसमें अधिकांश अल्पसंख्यक और एससी वर्ग की हैं, बीएड और बीपीएड डिठी ली और इसके बाद इनमें से ज्यादातर सरकारी और निजी विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा की उस अलख को जगाए हुए है, जिससे उनका स्वयं का जीवन रोशन हुआ। इस मिशन की शुरूआत सूफी डॉ. अब्दुल रज्जाक शाह ने की।

डॉ. शाह शिक्षा विभाग में अपनी पूरे कॅरियर के दौरान शिक्षा से जुड़े नवाचार करते रहे और 1998 में राज्य के शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक के पद से सेवानिवृत होने के पश्चात भी उन्होंने अपना समय परिवार या किसी व्यवसाय को देने के बजाय बालिका शिक्षा को समर्पित कर दिया। उन्होंने केकड़ी में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और जूनिया में एकता शिक्षण संस्थान भी खोला। इन सभी शिक्षण संस्थानों की खासियत यह है कि फीस उन्हीं बच्चों से ली जाती है, जिसके परिवार देने में समर्थ हैं।

शाह अब्दुल रज्जाक एशियन डवलपमेंट बैंक से भी जुडे और विकासशील देशों में विषम परिस्थितियों में शिक्षा विशेषकर बालिका शिक्षा के सम्बंध में उपयोगी सुझाव दिये जिससे बच्चियों का स्कूलों में ठहराव सुनिश्चित हो, ड्रॉप आउट न हो। इन्हें 1979 में शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय सर्वोच्च शिक्षक सम्मान से नवाजा गया।

हिन्दू और मुस्लिम दोनों धर्मों में बड़ी संख्या में लोग उनसे जुड़े और बाद के दिनों में उन्होंने जूनिया में खानकाह स्थापित कर सूफी परम्परा को आगे बढाया। प्रतिवर्ष 4 से 7 जिल्काद को उनका उर्स मुबारक शानकाह शाह ए रज्जाक, जूनिया में मनाया जाता है। बालिका शिक्षा और साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने वाली प्रतिभाओं को इस उर्स के दौरान ही समारोह आयोजित कर सुदर्श अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। उनकी बालिका शिक्षा और साम्प्रदायिक सद्भाव की विरासत को उनके पुत्र सूफी डॉ. अब्दुल लतीफ शाह रज्जाकी अन्ना मियां बखूबी निभा रहे हैं। वे शिक्षा विभाग में सहायक जिला परियोजना अधिकारी रहे, राज्य के ख्यातनाम अखबार में उप सम्पादक के रूप में सेवाएं दीं, अपने पिता द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थाओं में समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी। दुनियावी के साथ ही दीनी मामलों में भी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर जूनिया स्थित खानकाह के सज्जादनशीं की भूमिका निभा रहे हैं। देश को आज सबसे ज्यादा आवश्यकता शांति और विकास की है तथा सूफी परम्परा ने पिछले कम से कम 800 सालों में देश में शांति और साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए जो प्रयास किए, योगदान दिया, उससे डॉ. अब्दुल रज्जाक और डॉ. अब्दुल लतीफ जैसे प्रयासों का महत्व समझा जा सकता है।

**–ब्रजेश सामरिया,**
**उप निदेशक, डीआईपीआर**

# नसीराबाद : बनेवडा गांव में स्कूल मार्ग पर जलभराव से बच्चों को परेशानी

- **समस्याओं को लेकर एक युवक अपनी दो बेटियों के साथ कलैक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठा**
- **गांव में रोडवेज बस सेवा शुरू कराने, स्कूल मार्ग पर पक्की सड़क निर्माण, पानी की टंकी बनवाने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रयास जारी**

**अजमेर,** (कासं)। जिले की नसीराबाद तहसील क्षेत्र के बनवेडा गांव की मूलभूत समस्याओं को लेकर एक युवक अपनी दो बेटियों के साथ जिला कलैक्टर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गया। युवक का आरोप है कि कई बार प्रशासन को ज्ञापन देने के बावजूद अब तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है।

धरने पर बैठे जितेन्द्र सिंह बनेवडा ने बताया कि गांव में रोडवेज बस सेवा शुरू कराने, स्कूल मार्ग पर पक्की सड़क निर्माण, पेयजल के लिए पानी की टंकी बनवाने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर वह लंबे समय से प्रयास कर रहा है। इसके लिए पूर्व में जिला कलैक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन आज दिन तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जितेन्द्र सिंह ने बताया कि जिस रास्ते से गांव के बच्चे स्कूल जाते हैं, वहां बरसात के दौरान पानी भर जाता है। इससे बच्चों को स्कूल पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार बच्चों को कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे हादसे की आशंका भी बनी रहती है। अब बारिश का मौसम नजदीक होने के कारण ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में रोडवेज बस सेवा नहीं होने के कारण लोगों को शहर तक आने–जाने में काफी परेशानी होती है। निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। मरीजों, बुजुर्गों और विद्यार्थियों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

धरने पर बैठे जितेन्द्र सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द समाधान कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## राशिफल मंगलवार 24 मार्च, 2026



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2083, रोहिणी नक्षत्र सायं 7:05 तक, प्रीति योग प्रातः 09:07 तक, तैतिल करण प्रातः 4:08 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–वृष, मंगल–कुम्भ, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह


आज कुमार योग सायं 4:08 तक है। रवियोग सायं 7:05 से आरम्भ होगा। आज भद्रा दिन 1:50 से रात्रि 12:49 तक रहेगी। आज से दुर्गा पूजन (बंगाल में) आरम्भ होगा। आज जैन ओली आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:32 से 11:03 तक, लाभ अमृत 11:03 से 2:04 तक, शुभ 3:35 से 5:05 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 6:36

### मेष

परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।


### वृष

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण तनाव बना रहेगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

### कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### सिंह

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

### कन्या


नवीन कार्यों के संबंध में [illegible] आश्वासन/संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में परेशानी हो सकती है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### वृश्चिक

परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

परिवार में चल रही स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### मकर

व्यावसायिक प्रयासों एवं आर्थिक मामलों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### कुंभ

घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी का आरोपी 2 अप्रैल तक रिमांड पर

## एयरफोर्स स्टेशन की गोपनीय जानकारी साझा करने का आरोप

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार सुमित कुमार को सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सीजेएम कोर्ट महानगर प्रथम में पेश किया गया। राजस्थान इंटेलिजेंस ने आगे की जांच के लिए 12 दिन का रिमांड मांगा। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को 2 अप्रैल तक रिमांड पर सौंप दिया। आदेश न्यायाधीश प्रिय शंकर सिंह ने जारी किए।

- आरोपी को असम ले जाकर जांच करेगी राजस्थान इंटेलीजेंस

वहीं मामले में राजस्थान इंटेलिजेंस की ओर से एडवोकेट सुदेश सत्तावन ने पैरवी की। जांच एजेंसियां आरोपी को नक्शा-मौका तस्दीक के लिए जल्द ही असम के डिब्रूगढ़ ले जाएंगी।

जानकारी के अनुसार राजस्थान इंटेलिजेंस और एयरफोर्स इंटेलिजेंस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वह असम के चबुआ एयरफोर्स स्टेशन में मल्टी टास्किंग स्टाफ के पद पर कार्यरत था। जांच में सामने आया कि वह 2023 से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था और रुपयों के बदले संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था।

आरोपी ने एयरफोर्स स्टेशन सहित अन्य सैन्य ठिकानों की गोपनीय जानकारी सोशल मीडिया के जरिए भेजी। इनमें लड़ाकू विमानों की लोकेशन, मिसाइल सिस्टम और अधिकारियों-कर्मचारियों से जुड़ी जानकारी शामिल है। वह अपने मोबाइल नंबरों का उपयोग पाकिस्तानी हैंडलर्स के लिए सोशल मीडिया अकाउंट बनाने में भी करता था।

प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि 2023 में गुवाहाटी में एक सत्संग के दौरान उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसके माध्यम से वह पाकिस्तानी एजेंसियों के संपर्क में आया। इस नेटवर्क का खुलासा जनवरी 2026 में जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी के बाद हुआ था। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुटी हैं।

## निकाय चुनाव में लेटलतीफी का मुद्दा हाईकोर्ट पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में पूर्व विधायक संयम लोढा ने राजस्थान सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है, क्योंकि 14 नवम्बर 2025 को राजस्थान हाईकोर्ट की खण्डपीठ ने आदेश पारित किये थे कि प्रदेश की सभी स्थानीय निकायों के चुनाव 15 अप्रैल 2026 से पूर्व करवा लिये जाए।

गौरतलब है कि अदालती आदेशों के बावजूद निर्वाचन आयोग ने गत 20 फरवरी को सर्कुलर जारी किया, जिसमें मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल तक किए जाने की बात कही गई है। यानि अदालत के आदेश के मुताबिक 15 अप्रैल तक चुनाव सम्पन्न करवाया जाना संभव प्रतीत नहीं होता है। यह मामला मंगलवार को न्यायाधीश सुदेश बंसल और आशुतोष कुमार के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

# मुख्यमंत्री ने परिवेदनाओं का मौके पर निस्तारण किया तो संतुष्ट हुए परिवादी



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी।

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला, किसान, मजदूर, युवा सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि जवाबदेहिता एवं पारदर्शिता से कार्य करते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई भी इसी ध्येय की ओर बढ़ता एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत दे रहे हैं। शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की।

- लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान हो, अधिकारी करें मॉनिटरिंग : मु. मंत्री

उन्होंने इस दौरान आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए अधिकारियों को उन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी उम्मीद के साथ आते हैं। ऐसे में अधिकारी इन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका शीघ्र निस्तारण करें। शर्मा ने जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आई महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों सहित विभिन्न लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। आमजन अपनी परिवेदनाओं के निस्तारण से बेहद संतुष्ट नजर आए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। साथ ही, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए इसका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई में जोधपुर के प्रेम हरि प्राणी मात्र सेवा संस्थान से आए संत-महात्माओं का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया एवं उनसे आशीर्वाद लिया। शर्मा ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन भी किए। जन सुनवाई में मुख्यमंत्री से 'मुएथई' खेल में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने वाले राजस्थान के युवा प्रतिभागियों से मुलाकात भी की। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में जयपुर जिले का राज्य में प्रथम स्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा जारी बीस सूत्री कार्यक्रम की नवीनतम रैंकिंग में जयपुर जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के प्रभावी निर्देशन, सतत मॉनिटरिंग एवं विभागीय समन्वय के परिणामस्वरूप जिले की समग्र रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाई गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सभी संकेतकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है, जो विभागीय कार्यप्रणाली की दक्षता को दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत पम्पसेट ऊर्जीकरण में राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध 200 प्रतिशत तक प्रगति प्राप्त की गई है, जो जिले के किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्य आयोजना अधिकारी ने बताया कि संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में जयपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है।

- महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी समस्त संकेतकों में हासिल की शत-प्रतिशत उपलब्धि

इसके साथ ही अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करने में भी जयपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है, जिससे सामाजिक सुरक्षा एवं शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा संचालित पौधारोपण अभियान में जयपुर जिले को 'ए ग्रेड' प्राप्त हुआ है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिले की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त अन्य शेष संकेतकों में भी निरंतर सुधार दर्ज किया गया है। मुख्य आयोजना अधिकारी ने यह भी बताया कि जयपुर जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध करवाने के क्षेत्र में राज्य औसत से अधिक उपलब्धि हासिल की है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे विस्तृत कार्ययोजना बनाकर शेष संकेतकों में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें।

# मानसून से पूर्व सीवरेज और पेयजल कार्य पूर्ण करने के निर्देश



यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में सोमवार को रूडसिको की 20वीं वार्षिक बैठक हुई।

**जयपुर।** राजस्थान अर्बन ड्रिंकिंग वाटर, सीवरेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन (रूडसिको) की 20वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में सोमवार को स्वायत्त शासन विभाग के सभागार में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय विवरण, निदेशक मंडल एवं लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों सहित प्रस्तुत किए गए। गहन विचार-विमर्श के पश्चात इनका अनुमोदन किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वैधानिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की पुष्टि करते हुए उनके पारिश्रमिक को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, लागत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति को भी मंजूरी देते हुए उनके पारिश्रमिक का अनुसमर्थन किया गया।

- रूडसिको में सूर्य प्रकाश चौपड़ा एवं सुमन शर्मा को स्वतंत्र निदेशक बनाने का निर्णय

बैठक में रूडसिको के प्रबंधन तंत्र को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सूर्य प्रकाश चौपड़ा एवं सुमन शर्मा को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त करने का निर्णय भी लिया गया।

मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में चल रहे सभी कार्यों को सुनियोजित ढंग से निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए सीवरेज एवं पेयजल पाइपलाइन से जुड़े कार्यों को पूर्व तैयारी के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में शासन सचिव रवि जैन, रूडसिको की कार्यकारी निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा, मुख्य अभियंता अरुण व्यास और प्रदीप गर्ग सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## योजनाओं के प्रसार-प्रसार में सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ाएं : जनसम्पर्क आयुक्त

**जयपुर।** राज्य और केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप और व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना जनसम्पर्क अधिकारियों का दायित्व है। इसके लिए स्थानीय आवश्यकता और परिस्थितियों को देखते हुए परम्परागत मीडिया माध्यमों के साथ -साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का भी अधिकतम उपयोग करें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त राकेश शर्मा ने सोमवार को जनसंपर्क सेवा के सभी अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक कर ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की जानकारी रियल टाइम में लक्षित वर्ग तक पहुंचाने के लिए जिलों एवं विभिन्न विभागों के सोशल मीडिया हैंडल्स का प्रभावी उपयोग करें।

शर्मा ने वीसी में सभी जनसंपर्क कार्यालयों के प्रभारियों को अधिक से अधिक संख्या में वाट्सएप ग्रुप बनाकर सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों, नीतिगत निर्णयों, उल्लेखनीय प्रगति, विकास कार्यों, महत्त्वपूर्ण फैसलों एवं प्रचार-प्रसार के लिए जनोपयोगी कन्टेंट का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामग्री को अधिक पठनीय एवं रोचक बनाने के लिए वीडियो, चार्ट, डायग्राम, ग्राफ आदि का उपयोग करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने आउटडोर मीडिया के माध्यम से भी सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तर पर विभागों में सतत् समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी आवश्यकतानुसार समय-समय पर सुजस पत्रिका, सुजस बुलेटिन, सुजस आवाज एवं ऑडियो-वीडियो के लिए उपयुक्त कंटेंट भिजवाते हुए प्रचार-प्रसार में अपनी भूमिका को ओर सशक्त बनाएं। वीसी में आयुक्त राकेश शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन तक व्यापक एवं समग्र प्रचार-प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए आगामी दिनों में पाक्षिक समीक्षा बैठक की जाएगी। समीक्षा वीसी के दौरान अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) डॉ. गोरधन लाल शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (सूजस) नर्बदा इंदौरिया, संयुक्त निदेशक मनमोहन हर्ष एवं जसराम मीणा, उपनिदेशक विजय खंडेलवाल व कुमार अजय भी उपस्थित रहे।

# पत्थर से सिर कुचलकर सुरक्षा गार्ड की हत्या

**जयपुर।** गलतागेट थाना इलाके में अज्ञात बदमाश ने सिक्योरिटी गार्ड की पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सड़क पर सिक्योरिटी गार्ड का शव देश राहगीरों में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने घटना स्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर हमलावर की तलाश शुरु कर दी है।

- गलता गेट इलाके में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला शव
- पांच महीने पहले काम की तलाश में आया था जयपुर

गलता गेट थाना प्रभारी धर्म सिंह ने बताया कि थाना इलाके में स्थित बास बदनपुरा में किसी अज्ञात बदमाश ने प्रमोद कुमार (51) निवासी दखली मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) की कनपटी पर पत्थर से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। और मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक प्रमोद कुमार काम के सिलसिले में 5 महीने पहले ही अपने गांव से जयपुर आया था और किराए के मकान में रहे रहा था। धर्म सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे जैन नसियां पार्किंग के गार्ड रुम में एक गार्ड के घायल होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसकी शिनाख्त की और घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाकर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

# 'हार्डकोर अपराधियों, साइबर ठगों और नशा तस्करों पर नकेल कसें'

## डी.जी.पी. राजीव कुमार शर्मा ने ली अपराध समीक्षा बैठक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय में सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में राज्य की एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में हुई इस बैठक में प्रदेश के सभी रेंज आईजी एवं जिला पुलिस अधीक्षक वर्चुअल माध्यम से जुड़े।



पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य की अपराध समीक्षा बैठक हुई। मीटिंग में प्रदेश के सभी रैंज आईजी एवं जिला पुलिस अधीक्षक वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

- पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश की कानून-व्यवस्था की पड़ताल
- सीसीटीवी नेटवर्क और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर दिया जोर

बैठक के दौरान प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जन सुरक्षा एवं गंभीर अपराधों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीजीपी श्री शर्मा ने विशेष रूप से परंपरागत अपराधों एवं साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश देते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की गतिविधियों को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आईजी व एसपी को फील्ड स्तर पर सघन मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश में चाक-चौबंद कानून-व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरें और पुलिस की विजिबिलिटी व गश्त (पेट्रोलिंग) को प्रभावी रूप से बढ़ाएं।

डीजीपी ने जिला पुलिस अधीक्षकों को अनुसंधान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अपने अधीनस्थ थानों का नियमित निरीक्षण करने को कहा है। पुलिस कल्याण को अपनी प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि एसपी नियमित रूप से पुलिस लाइन्स का दौरा करें और वहां मूलभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लें। पुलिस कर्मियों के बौद्धिक विकास के लिए पुलिस लाइन्स में लाइब्रेरी की स्थापना, उनके बेहतर उपयोग और पुलिस क्वार्टर्स की समयबद्ध मरम्मत के लिए भी ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन संबंधित पोर्टल की समीक्षा कर मामलों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने और विभिन्न एजेंसी के मध्य समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

डीजीपी ने सोशल मीडिया की राउंड-द-क्लॉक मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपराधियों का महिमामंडन करने या उन्हें प्रोत्साहित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही साइबर थानों को सशक्त बनाने के लिए तैनात कार्मिकों के विशेष प्रशिक्षण, उनकी समस्याओं के समाधान और लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया है।

बैठक में डीजीपी ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ई-विजिटर पोर्टल से अधिकाधिक होटलों को जोड़ते हुए राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग तथा आइसीजेएस सर्च को बढ़ावा दिया जाय। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों एवं रिहायशी क्षेत्रों में लगे निजी सीसीटीवी कैमरों को अभय कमांड सेंटर से जोड़ने पर विशेष बल दिया, जिससे अपराधों की रोकथाम एवं निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। फ़ोर्स मल्टीप्लायर इफ़ेक्ट के साथ ही अपराध अनुसंधान में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को अनिवार्य बताते हुए अधिकारियों को नवीन पोर्टल्स पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। ई-प्रोसिक्यूशन प्रणाली के प्रभावी उपयोग के निर्देश देते हुए जांच एवं अभियोजन प्रक्रिया को तकनीकी रूप से मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) की ओर से भेजे गए फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों की जांच के मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक दौरान पुलिस अधिकारियों को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आयोजन में निर्धारित प्रावधानों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान को तेज करने तथा ब्रेथ एनालाइजर के नियमित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में पुलिस मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




# मां के निधन पर चाकसू स्थित पीहर आ रही बेटी की भी सड़क हादसे में मौत

## मां-बेटी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया, परिवार में कोहराम मचा

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मां के आकस्मिक निधन पर चाकसू स्थित पीहर आ रही बेटी की हादसे में मौत हो जाने के कारण एक ही चिता पर मां-बेटी का अंतिम संस्कार किया गया। यह मार्मिक दृश्य चाकसू के तेलिया के मोहल्ले का है, जिसने पूरे इलाके को भावुक कर दिया।

- **मोनिका साहू अपने बेटे के साथ दो पहिया वाहन से चाकसू आ रही थी**
- **टोंक रोड से गुजर रही रिंग रोड के पास अज्ञात वाहन ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकसू के तेलियां के मोहल्ला निवासी गोकुल नारायण पंचोली ( बाबूलाल) की मां नाथी देवी का आकस्मिक निधन 20 मार्च को हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने सांगानेर निवासी बहन मोनिका साहू पत्नी रामदेव साहू को दी। इसके बाद मोनिका साहू बेटे के साथ दो पहिया वाहन से चाकसू के लिए रवाना हो गई। इस दौरान टोंक रोड से गुजर रही रिंग रोड के पास अज्ञात वाहन ने दोपहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें मोनिका साहू गंभीर घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उप जिला अस्पताल चाकसू लाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार में एक साथ दो लोगों कि अचानक मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया और सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया इसके बाद आपसी सलाह से मां बेटी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया गया। इस घटना ने इलाके को भावुक कर दिया।


मृतक मां-बेटी का फाइल फोटो।

## सड़क हादसे में दादा-पोते की मौत, पांच परिजन घायल

**टोंक, (निसं)।** अलीगढ़ थाना क्षेत्र के पचाला गांव से करीब चार किमी दूर से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में दादा और पोते की मौत हो गई। हादसे में कार में सवार पांच परिजन भी गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सवाईमाधोपुर जिला अस्पताल में रैफर किया गया, जहां से दो की हालत गंभीर होने पर जयपुर रैफर किया गया है। कार चालक धारासिंह मीणा की कार में एयरबैग खुलने से जान बच गई।

- **दो की हालत गंभीर, जयपुर रैफर किया, कार में एयरबैग खुलने से चालक की जान बच गई**

अलीगढ़ थानाधिकारी बाबूलाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के पचांला गांव निवासी मृतक दादा-पोता और अन्य एक घायल एक ही परिवार के बताये जा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पचाला निवासी धारा सिंह मीणा की बूंदी जिले के लाखेरी कस्बे के पास डडवाड़ा निवासी बुआ के लड़के शादी में शनिवार को भात लेकर गए थे। रविवार को रात्रि के दौरान कार से परिवार के आठ व्यक्ति वापस लौट रहे थे, तभी सवाई माधोपुर के रवाजना डूंगर थाना क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कार अनियंत्रित होकर पास ही मिट्टी के ढेर से टकराकर पलट गई। हादसे में रामफूल मीणा (60) और उनका पौत्र आकाश (16) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं धारासिंह की पत्नी कमलेश (35) और रामफूल (70) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तुरंत जयपुर रेफर कर दिया गया है।

# जोधपुर में महिला ने खुदकुशी की

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के निकटवर्ती विश्रोईयों की ढाणी उचियारड़ा गांव में एक महिला ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला के आत्महत्या के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में मृतका के पिता ने मर्ग में रिपोर्ट दी है। एयरपोर्ट थाना पुलिस अग्रिम पड़ताल में जुटी है। मृतका का बेटा कमरे के बाहर रोते दिखा तब घटना का पता लगा।

- **मृतका का बेटा कमरे के बाहर रोते दिखा, तब घटना का पता लगा**

एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि उचियारड़ा गांव स्थित विश्नोईयों की ढाणी के रहने वाले मोहनलाल विश्नोई ने मर्ग में पुलिस को रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि पुत्री ममता विश्नोई घर में अकेली थी। परिवार के लोग शादी में गए हुए थे। रविवार शाम को गाय दुहने में मदद करवाने के लिए पड़ोस की ही सात साल की लड़की घर आती थी। हमेशा की तरह वो रविवार को भी घर पहुंची तो उसने बाहर का दरवाजा बंद मिला, अंदर बच्चे के रोने की आवाजें सुनाई दी। रिपोर्ट के अनुसार बच्ची ने पास में रह रहे श्रवण राम (चाचा) को बताया। श्रवण राम मौके पर पहुंचे तो गेट अन्दर से बंद था। इस पर वे छत के रास्ते अंदर घुसे, जहां एक कमरे में ममता ओढ़नी से फंदे पर लटकी मिली, जबकि घर के चौक में उसका बेटा रो रहा था। बाद में ममता को फंदे से उतारकर एम्स अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। शादी को पांच साल होना बताया गया है। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शक्करगढ़ थाना पुलिस ने गोपालपुरा टोल नाका तोड़कर भागने वाली थार गाड़ी के वांछित आरोपी राधे परिहार को गिरफ्तार कर एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया है।

घटना 14 मार्च 2026 की है, जब मांडलगढ़ और बिगोद पुलिस ने सूचना दी थी कि एक सफेद रंग की थार गाड़ी, जिसमें 3-4 बदमाश सवार हैं, गोपालपुरा टोल तोड़कर काछोला की ओर तेज गति से आ रही है। सूचना मिलते ही एएसआई ताराचन्द मय जाब्ता और रामपुरा ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर खड़े कर रास्ता जाम किया गया। बदमाशों ने पुलिस को देखकर गाड़ी रामपुरा गांव के कच्चे रास्ते पर उतार दी, लेकिन आगे तालाब की पाल होने के कारण उन्हें गाड़ी छोड़नी पड़ी।


**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, सामान्य चिकित्सालय, करौली**
क्रमांक-लेखा/भण्डार/नीलामी/2026/581 दिनांक-11.03.2026
**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय के अनुपयोगी सामान औजार, फर्नीचर आदि की नीलामी दिनांक 30.03.2026 को प्रातः 12.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक कार्यालय परिसर में गठित समिति द्वारा की जावेगी। नीलामी शर्ते एवं सामान कार्यालय समय में देखा जा सकता है। बोली दाताओं को सामान की लागत 18462646/- रूपये का दो प्रतिशत 50000/- अमानत राशि जमा करानी होगी। अंतिम बोली दाता को सम्पूर्ण राशि मय जीएसटी मौके पर ही जमा करानी होगी। बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा।
नीलामी योग्य सामान का विवरण निम्न प्रकार है- विभिन्न चिकित्सा संबंधी उपकरण-ब्लड गैस एनालाईजर, वैन्टीलेटर, लैप्रोस्कोप, यूएसजी मशीन, बर्तन स्टील, तांबा, लोहे इत्यादि विधुत सामान- कूलर की बॉडी, कूलर की मोटर एवं पम्प, पंखे एवं अन्य विधुत उपकरण, लोहे के पलंग, आलमारी, कुसी, टेबिल, बैंच, लोकर, लकडी का फर्नीचर अन्य फुटकर वस्तुऐं जो लोहे, स्टील, पीतल द्वारा निर्मित है एवं स्टेशनरी सामान-रजिस्टर, डायरी आदि।
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
सामान्य चिकित्सालय, करौली
DIPR/C/5472/2026



**कार्यालय नगर परिषद् बालोतरा (राज.)**
Tel.-(02988-220043,220024) E-mail- mbbalotra@yahoo.co.in
क्रमांक/न.प.बा./सफाई/2026/21376 दिनांक :- 16.03.26
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना 07**
नगर परिषद् बालोतरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुबंध के आधार पर विभिन्न प्रकार के 03 कार्यो हेतु वार्षिक अनुबंध पर सेवाएं लेने/ठेका देने हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत बोलीदाताओं/संवेदकों जो कि राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, वस्तु एवं सेवाकर (GST), आयकर (पैन नम्बर) तथा राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजिकृत फर्म/प्लेसमेन्ट एजेन्सीज के माध्यम वार्षिक अनुबंध पर ई-निविदा/बोली प्रस्ताव आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते परिषद् कार्यालय एवं ई-टेण्डर की आनलाईन बेवसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर UBN No. DLB2526SLRC38930, 38931, 38933 के द्वारा देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्रो को वेब साइट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
प्रशासक नगर परिषद् बालोतरा
आयुक्त नगर परिषद् बालोतरा
राज.संवाद/सी/25/23071


## 5वीं, 8वीं और 10वीं का परीक्षा का परिणाम आज

**अजमेर/जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर 24 मार्च मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम जारी करेंगे और इसी के साथ 5वीं व 8वीं कक्षा के भी बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी करेंगे।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के कार्यालय से जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री मदन दिलावर दोपहर एक बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अजमेर स्थित कार्यालय से परीक्षा परिणाम जारी करेंगे। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री कक्षा पांचवी तथा आठवीं बोर्ड के परिणाम भी जारी करेंगे। इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड से पहले मार्च माह में ही नतीजा घोषित कर बोर्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। यह पहली बार होगा जब राजस्थान बोर्ड का सेकेंडरी परीक्षा परिणाम मार्च माह में जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा- 2026 में लगभग 10 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे। परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

# जोधपुर में ज्वलनशील पदार्थ से झुलसी महिला की अस्पताल में मौत

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सूरसागर स्थित कबीर नगर में गत मंगलवार की देर शाम ज्वलनशील पदार्थ से झुलसी महिला की उपचार के बीच मौत हो गई। वहीं आरोपी पति का उपचार जारी है।

- **आरोपी पति का उपचार जारी, पति के खिलाफ केस दर्ज किया**

जानकारी के अनुसार पिछले मंगलवार की देर शाम पति-पत्नी में घरेलू विवाद हो गया था। पति ने आवेशित होकर बाथरूम में रखा ज्वलनशील पदार्थ अपनी पत्नी पर डाल दिया था, जोकि संभवत : पेट्रोल बताया गया है। ज्वलनशील पदार्थ डालने से दोनों झुलस गए। इन्हें उपचार के लिए रात को एमजीएच में भर्ती कराया गया था। घायल पत्नी के पर्चा बयान पर पति के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला की सोमवार को एमजीएच में उपचार के बीच मौत हो गई। उसके परिजन पोस्टमार्टम नहीं करवाने की बात पर अड़ गए। हंगामा होते देख सरदारपुरा थानाधिकारी जयकिशन सोनी आदि वहां पहुंचे। बाद में समझाइश कर पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी किया गया। सूरसागर थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी ने बताया कि मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। पति के खिलाफ केस हो रखा है, इसमें हत्य की धारा भी जोड़ी जाएगी। फिलहाल पति उपचाराधीन है।

थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी ने बताया कि कबीर नगर में रहने वाली 25 साल की फिरदौस उर्फ पिंकी का अपने पति वसीम से किसी बात को लेकर गत मंगलवार की रात को झगड़ा हो गया था। जिस पर वसीम ने घर के बाथरूम में रखा ज्वलनशीन पदार्थ उस पर डाल दिया और तीली लगा दी, जिससे फिरदौस पचास फीसदी तक झुलस गई। इसमें उसका पति वसीम भी झुलस गया। उसके हाथ पैर झुलस गए। घर में शोर शराब सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए और दोनों को एमजीएच लाया गया था। फिरदौस उर्फ पिंकी के पर्चा बयान पर पति वसीम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फिरदौस का पीहर बीकानेर है और शादी चार पांच साल हो रखे थे। कोई संतान नहीं है।


**कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.**
Office of The Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan
Tel.- (01434) 232013, E-mail : npdeoli@gmail.com
क्रमांक/न.पा.दे./विकास/ई निविदा/2025-26/14557 दिनांक : 17.03.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या (12/2025-26)**
नगरपालिका देवली (टोंक) द्वारा नगर निकाय देवली एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्व ठेकेदारों/संवेदको एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा दिनांक 19.03.2026 को प्रातः 9.00 बजे से 30.03.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित निविदा प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जरिये RTGS/NEFT द्वारा HDFC Bank Account Number 25991450000134 IFSC Code HDFC0002599 में दिनांक 30.03.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक जमा करवाकर Transction ID सहित बैंक स्टेटमेन्ट की प्रति ऑनलाईन अपलोड करनी होगी। तकनीकी बिड दिनांक 30.03.2026 को दोपहर 02.00 बजे बाद एवं वित्तीय बिड तकनीकी निविदा सफल होने के बाद खोली जावेगी। निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है। 01 कार्य की कुल लागत 40.00 लाख है।
NIB Code- DLB2526B3154
UBN No. - DLB2526SLRC39119
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका देवली
राज.संवाद/सी/25/22985



**OFFICE OF THE PRINCIPAL S.M.S. MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER OF THE ATTACHED HOSPITALS, JAIPUR**
No. F/MC/Store/2025-26/17283-86 Dated: 16.03.2026
**Notice Inviting Bid**
Various items/equipments for various department of SMS Medical College, Jaipur are invited from interested bidders as per schedule in NIT Notice. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and SMS Medical College, Jaipur department website.
UBN: SMS2526GLOB00711 TO SMS2526GSOB00713
DIPR/C/5775/2026 PRINCIPAL & CONTROLLER



**कार्यालय जिला परियोजना प्रबंधन ईकाई राजीविका करौली**
Sr. no. 9525 Date: 16.03.2026
**Notice inviting E-Tender**
E-Tender for Purchase of livelihood assets (agricultural inputs, small businesses and goats) in Livelihood Assistance Grant to deprived families in the Samaveshi Aajeevika Youjana are invited by Shri Ganesh CLF Todabhim, Riddhi Siddhi CLF Pahadi, Sai Baba CLF Kariri Block Todabhim Dist Karauli from interested bidders up to 12.00 PM of 27.03.2026 at https://eproc.rajasthan.gov.in. Other particulars of the tender may be visited on procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in
UBN: RGA2526GLRC00520, RGA2526GLRC00521, RGA2526GLRC00521
DPM
जिला परियोजना प्रबन्धक, राजीविका करौली
DIPR/C/5722/2026



**ADPC, Karauli (Rajasthan)**
Add.- keshavpura puliya mandrayal road karauli
E-mail: adpcsamsakarauli@gmail.com
**NOTICE INVITING e-BID (NIB: 27/2025-26)**
Request for proposal invited for Supply, Installation, Testing, Commissioning of Digital Library in 12 Govt. Schools from 18.03.2026 to 06.00 PM of dated 25.03.2026. Other details may be seen in the Bidding Document at State Public Procurement Portal website www.sppp.rajasthan.gov.in and e-proc portal
Estimated cost: 79.56 Lacs
UBN NO. RSE2526GLOB07704
Additional District Project Coordinator Karauli (Rajasthan)
DIPR/C/5933/2026



**हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय**
प्लॉट संख्या 7, जेडीए सांस्थानिक योजना, ग्राम दहमीकलां, अजमेर रोड, जयपुर-303007 (राजस्थान)
**खुली बोली आमंत्रण सूचना**
हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से आई.टी. उपकरणों के उपापन हेतु दिनांक 27.03.2026 समय सायं 04:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण/शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://www.hju.ac.in पर देखी जा सकती है।
NIB No. : HJU2526A0009
UBN No. : HJU2526GLOB00009
राज.संवाद/सी/25/23108 कुलसचिव



**कार्यालय नगर निगम जोधपुर**
क्रमांकः- एफ.10/Zone-6/2025-26/43 दिनांकः- 19.03.2026
**:: ई-निविदा सूचना ::**
(UBN No. DLB2526WSOB39495)
नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.rajasthan.gov.in/mcj पर देखी जा सकती है।
प्रशासक नगर निगम जोधपुर
आयुक्त नगर निगम जोधपुर
राज.संवाद/सी/25/23093



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण खण्ड दूदू जिला जयपुर**
**पंचायत समिति परिसर दूदू, जयपुर**
E-mail: eewdsc.dudu@rajasthan.gov.in
क्रमांक-1251-58 दिनांक-16.03.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या-04/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.एम.के.एस.वाई.2.0 के अन्तर्गत जिला जयपुर के ब्लॉक दूदू में केटलशेड निर्माण कार्य निर्माण मय दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकां के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 17.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 को सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दिनांक 25.03.2026 को सुबह 11.00 बजे कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा का विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in" एवं विभागीय वेबसाईट "www.watershed.gov.in" पर देखा जा सकता है।
NIB CODE: WSC2526A1921, UBN NO. 1- WSC2526WSOB03232
(प्रीति सुमन भट्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण
पंचायत समिति दूदू जयपुर
DIPR/C/5695/2026


## जीएसएस पर कर्मचारी को करंट लगा, मौत

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सूरसागर बाइपास रोड पर आए 33/11 केवी जीएसएस पर कार्यरत एक कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक इस जीएसएस पर ऑपरेटर लगा हुआ था। शव को कार्रवाई के लिए एमजीएच मोर्चरी में रखवाया गया है। इधर परिजन का आरोप है कि उसकी मौत लापरवाही से हुई है। परिजन की तरफ से उचित मुआवजा और अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन एमजीएच मोर्चरी के बाहर दिया गया।

सूरसागर थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी ने बताया कि ऊंटों की घाटी सूरसागर निवासी उम्मेद सिंह चारण यहां सूरसागर बाइपास पर 33/11 केवी जीएसएस पर कार्यरत था। वह यहां पर ऑपरेटिंग पर लगा हुआ था। रात साढ़े ग्यारह बजे उसे करंट लग गया था और उसकी मौत हो गई। उसे करंट कैसे लगा इस बारे में अग्रिम जांच की जा रही है। शव को कार्रवाई के लिए एमजीएच मोर्चरी में रखवाया गया है। इधर मृतक के परिजन एमजीएच मोर्चरी पर एकत्र हो गए। और फिर कार्रवाई और उचित मुआवजे की मांग की।

## वन अधिकारी को चालीस हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**श्रीगंगानगर/जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कार्रवाई करते हुए श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोक सिंह को चालीस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

- **कार्य के पूर्ण होने पर एनओसी जारी करने की एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी**


आरोपी वन अधिकारी।

एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया कि उसकी फर्म को वन विभाग की रायसिंहनगर रेंज के अंतर्गत दो अलग-अलग माइनरों (छोटी नहरों) से पेड़ों के ठूंठ निकालने का ठेका मिला था। इस कार्य के पूर्ण होने पर एनओसी जारी करने की एवज में आरोपी अधिकारी ने एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत नहीं देने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने और एनओसी जारी नहीं करने की धमकी देकर आरोपी परिवादी को परेशान कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रेप की योजना बनाई। इस कार्रवाई भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में की गई। इस दौरान पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कुमार एवं एसीबी टीम ने आरोपी को परिवादी से चालीस हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस पूरी कार्रवाई एसीबी की अति. महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक एस परिमला के सुपरविजन में की गई।

## अ.भा. खंडेलवाल वैश्य महासभा की मीटिंग अयोजित

**जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय खंडेलवाल वैश्य महासभा, गंगा मंदिर, जयपुर की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 35 वें सत्र की मीटिंग का आयोजन खंडेलवाल युवा जनजागरण समिति, दिल्ली की और से दिल्ली में किया गया।

मीटिंग में महासभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता (तूँगा वाले) ने कहा कि समाज के विकास में धन की कमी नहीं आयेगी, इसके लिये समाज के भामाशाहों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर खंडेलवाल समाज के भामाशाह एवं उद्योगपति हरी मोहन डंगायच ने 42 लाख एवं महासभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता ने महासभा को समाज के विकास के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही महासभा के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार कट्टा ने 24 लाख रुपये देने की घोषणा की। महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी, प्रोफेसर रमेश कुमार रावत ने बताया कि कार्यक्रम में महासभा के प्रधानमंत्री चंद्रप्रकाश खंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल खण्डेलवाल आदि मौजूद थे।


**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड जिला उदयपुर (राज.)**
क्रमांक :- न.पा.फ.स./स्टोर/ 2025-26/466 दिनांक :- 17.03.2026
**-:: ई निविदा सूचना ::-**
नगरपालिका फतहनगर सनवाड द्वारा वार्षिक अनुबन्ध 2026-27 हेतु निम्नांकित कार्यो के लिए पंजीकृत ठेकेदारो एवं अन्य विभागो के निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत नियमानुसार योग्य संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद ई निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| कुल कार्य | 07 |
| कार्यो कि कुल लागत | 148.00 लाख |
| ऑनलाईन फार्म मिलने/डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 19.03.2026 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 30.03.2026 साय 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन फार्म जमा कराने की दिनांक | दिनांक 19.03.2026 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 30.03.2026 साय 06.00 बजे तक |
| ऑफलाईन निविदा शुल्क, धरोहर, दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक | दिनांक 01.04.2026 प्रातः 11.00 बजे तक। |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 01.04.2026 दोपहर 02.00 बजे से। |
| ऑनलाईन वित्तिय निविदा खोलने की दिनांक | तकनीकी अर्हता रखने वाले की वित्तिय निविदा खोली जावेगी। |

युबीएन कोड
DLB2526SLOB39356 DLB2526SLOB39357 DLB2526SLOB39358
DLB2526SLOB39359 DLB2526GLOB39360 DLB2526GLOB39361
DLB2526SLOB39363
निविदा से संबधित विवरण वेबसाईट http://www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम सेवेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत होना आवश्यक है।
प्रशासक नगरपालिका, फतहनगर सनवाड़
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, फतहनगर सनवाड़
राज.संवाद/सी/25/23042


# इथेनॉल फैक्टरी के विरोध में टिब्बी में किसानों का प्रदर्शन, रैली निकाली

## संघर्ष समिति ने फैक्टरी स्थल पर जमीन समतल करने जैसी गतिविधियों पर भी कड़ी आपत्ति जताई

**हनुमानगढ़, (निसं)।** इथेनॉल फैक्टरी के विरोध में संघर्ष समिति ने सोमवार को शहीदी दिवस पर बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया। टिब्बी में सैकड़ों किसानों और नागरिकों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि फैक्टरी का एमओयू रद्द नहीं किया गया और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन उग्र होगा।

- **किसानों और नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि फैक्टरी का एमओयू रद्द नहीं किया गया और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन उग्र होगा**
- **बताया गया कि 31 जुलाई को शहीद ऊधम सिंह के शहीदी दिवस पर हनुमानगढ़ जंक्शन में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।**

जानकारी के अनुसार भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम श्री गुरुद्वारा सिंह सभा से शुरू हुआ। जुलूस पुलिस थाने के सामने से होते हुए मुख्य बाजार पहुंचा, जहां बाबा साहेब अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर क्षेत्र के हक की लड़ाई को तेज करने का आव्हान किया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इथेनॉल फैक्टरी के खिलाफ आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। उनकी मुख्य मांगें फैक्टरी का एमओयू रद्द करना और किसानों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेना हैं।

समिति ने फैक्टरी स्थल पर जमीन समतल करने जैसी गतिविधियों पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन गतिविधियों को तुरंत नहीं रोका गया तो किसी भी अप्रिय स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संघर्ष समिति ने अपनी आगामी रणनीति का भी खुलासा किया। बताया गया कि 31 जुलाई को शहीद ऊधम सिंह के शहीदी दिवस पर हनुमानगढ़ जंक्शन में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से आंदोलन को और व्यापक रूप देने की तैयारी की जा रही है।

प्रदर्शन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद बिश्नोई के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने पहले से ही सतर्कता बरतते हुए पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी।


**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
झलकारी बाई स्मारक के पास, कांजी हाउस के सामने पंचशील नगर, अजमेर
दूरभाष-0145-249953, फैक्स-0145-2433813, Email- ajmermc@gmail.com, webajmermc.org.
क्रमांकः ननिअज/कां.हा./2025-26/351 दिनांक :- 17.03..2026
**: ई-निविदा सूचना संख्या /2026-27,2027-28**
वित्तीय वर्ष 2026-27, 2027-28 में शहर के आवारा श्वानों का बंध्याकरण एवं टीकाकरण का कार्य
महत्वपूर्ण दिनांक का विवरण

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा फार्म मिलना प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 17.03.2026 | 3.00 PM |
| 2 | ऑन लाईन निविदा फार्म मिलना समाप्त होने की दिनांक व समय | 26.03.2026 | 3.00 PM |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय | 26.03.2026 | 3.00 PM |
| 4 | ऑन लाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | 26.03.2026 | 4.00 PM |
| 5 | वित्तीय बिड खोलने की दिनाक व समय तकनीकी निविदा मे सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम से सूचित कर दिया जाएगा। | | |

-: निविदा का विवरण :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय राशि | निविदा शुल्क राशि | कार्य करने की अवधि (वर्ष) | प्रोसेसिगं फीस MD RISL JAIPUR | कार्य सम्पादक प्रतिभूति 2 प्रतिशत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| अजमेर सीमा क्षैत्र में आवारा व बीमार घूम रहे श्वानों (नर व मादा) को पकड़ कर उनका बन्ध्याकरण व टीकाकरण कार्य | 68 लाख | 1,000/- बैक ऑफ महाराष्ट्र पी. आर. मार्ग अजमेर के खाता न. 20168012381 ISFC Code- MAHB0001231 | वर्ष 2026-27, 2027-28 | 500/- ICICI Bank Ajmer के खाता नं. 018501006063 ISFC Code ICIC0000185 | 1,36,000/- एस.बी.आई बैक पी.आर. मार्ग अजमेर खाता न. 41777214185 ISFC Code- SBIN0001568 |

नोट :-
1. फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा ही मान्य होगी।
2. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
3. कार्य शर्तो के तहत् मूल/छायाप्रति दस्तावेजो के बिना निविदा मान्य नही की जावेगी।
4. शेष शर्तो की जानकारी वेबसाईट www.ajmermc.org, www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर पंचशील स्थित कांजी हाऊस में देखी जा सकती है।
NIB CODE-ANN256A0235
BID CODE-ANN2526SLOB00323
प्रभारी अधिकारी कांजी हाउस, नगर निगम, अजमेर
उपायुक्त नगर निगम, अजमेर
राज.संवाद/सी/25/23094

# जयपुर में 1000 किलो नकली पनीर और 800 घी सहित मिर्च पाउडर जब्त

## पिकअप वाहन में बर्फ में छुपाकर लाया गया था नकली घी और पनीर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । शहर में मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जवाहर नगर थाना पुलिस ने करीब 1000 किलो नकली पनीर और 800 किलो घी बरामद किया है। यह सामग्री मेवात से लाकर शहर के छोटे डेयरी केंद्रों पर सप्लाई की जानी थी।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) आलोक सिंघल ने बताया कि शांति पथ स्थित 'क्वालिटी पनीर सेंटर' पर संदिग्ध पिकअप से नकली पनीर-घी उतारा जा रहा था। घी ड्रमों में भरा था, जबकि पनीर को छोटे-छोटे बॉक्स में बर्फ में छिपाकर रखा गया था।

एसीपी लक्ष्मी सुथार के अनुसार गश्त के दौरान संदिग्ध वाहन की जांच में 11 कंटेनर (बॉक्स) मिले, जिनमें प्रत्येक में करीब 80-90 किलो पनीर भरा हुआ था। साथ ही बड़ी मात्रा में घी और क्रीम भी बरामद हुई।



**खाद्य सुरक्षा टीम और जवाहर नगर पुलिस ने मिलावटी पनीर और घी की बड़ी खेप जब्त की।**

थानाधिकारी महेशचंद गुर्जर ने बताया कि होली के दौरान भी टीला नंबर-1 क्षेत्र में करीब 250 किलो नकली मावा-पनीर पकड़ा गया था, जिसके बाद से इलाके में निगरानी बढ़ाई गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन मिलावटी उत्पादों को असली बताकर बाजार में बेचा जा रहा था। सीएमएचओ की टीम ने सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी है।

> ■ **जवाहर नगर थानाधिकारी महेशचंद गुर्जर ने बताया कि होली के दौरान भी टीला नंबर-1 क्षेत्र में करीब 250 किलो नकली मावा-पनीर पकड़ा गया था, जिसके बाद से इलाके में निगरानी बढ़ाई गई थी।**

वहीं खाद्य सुरक्षा विभाग ने विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में बड़ी कार्रवाई करते हुए मेसर्स वर्षा एंटरप्राइजेज (जैसल्या) पर छापा मारकर 4840 किलोग्राम मिलावटी मिर्च पाउडर जब्त किया। यहां रंग और चापड मिलाकर मिर्च पाउडर तैयार किया जा रहा था। जांच के लिए दो सैंपल लिए गए हैं।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन तथा अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह और संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई में फर्म संचालक मुजाहिदा बेगम ने बताया कि मिर्च पाउडर धीरज नामक कारोबारी के लिए तैयार किया जाता था, जिसे बाजार में रिटेल में बेचा जाता था। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुनियोजित शहरी विकास से बदलेगा शहरों का स्वरूप : आलोक गुप्ता

## गुप्ता ने यू.डी.एच. अतिरिक्त मुख्य सचिव का पदभार संभाला

**जयपुर** (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आलोक गुप्ता ने सोमवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवासन (यूडीएच) का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप राज्य के शहरों में सुनियोजित एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि शहरी विकास कार्यों को एकीकृत दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, जिसमें आवास, आधारभूत सुविधाएं और शहरी अवसंरचना का समन्वित विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नगरीय निकायों में पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देते हुए ई-गवर्नेंस को और सुदृढ़ किया जाएगा।

> ■ **उन्होंने पारदर्शिता, ई-गवर्नेंस तथा आधारभूत सुविधाओं की मजबूती पर जोर दिया**

गुप्ता ने कहा कि आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना यूडीएच की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में स्वच्छता, सीवरेज, जल निकासी और शहरी परिवहन जैसी मूलभूत सेवाओं को मजबूत किया जाएगा, ताकि शहरों को अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ और रहने योग्य बनाया जा सके।



**नगरीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का पदभार संभालने के बाद आलोक गुप्ता ने अधिकारियों से चर्चा की।**

उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के लिए विभागीय समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आव्हान किया।

बैठक में जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन, आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, जेडीए सचिव निशांत जैन, यूडीएच उप सचिव रवि विजय, राकेश गुप्ता, राष्ट्रदीप यादव, मण्डल सचिव गोपाल सिंह, मुख्य अभियन्ता तेजवीर सिंह मीणा, अमित अग्रवाल, प्रतीक श्रीवास्तव सहित जेडीए के निदेशक अभियांत्रिकी देवेंद्र गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑटो रिक्शा चालक ने विदेशी महिला से गालियां बुलवाई, वीडियो वायरल

**जयपुर** (कासं)। पर्यटक थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो के आधार पर विदेशी महिला से गाली-गलौज करवाने वाले ऑटो चालक को हिरासत में लिया है। थानाधिकारी मंजू कुमारी ने बताया कि गत 20 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर हुआ था। जिसमें एक ऑटो रिक्शा चालक विदेशी महिला के साथ अश्लील शब्द बोलता दिख रहा था। वह हंसते हुए महिला से इन शब्दों को दोहराने की कह रहा था। उनके अर्थ से अनजान महिला इन शब्दों को सामान्य बातचीत का हिस्सा समझकर बोलती रही। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक की तलाश शुरु की और चारदीवारी क्षेत्र में सैकड़ों ऑटोरिक्शा चालकों से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक मोहम्मद सोहेल (31) निवासी सूरजपोल गलतागेट को चिन्हित कर उसे दबोच लिया।

> ■ **महिला ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया तो पर्यटक थाना पुलिस ने ऑटो चालक को दबोचा**

थानाधिकारी मंजू कुमारी ने बताया कि करीब 10 दिन पहले जर्मनी से एक महिला घूमने के लिए जयपुर आई थी। ऑटो रिक्शा में परकोटा घूमते समय आरोपी सोहेल ने विदेशी महिला को समझ नहीं आने वाले अपशब्द बुलवाए। इसका वीडियो महिला ने अपने मोबाइल से बनाया था। जर्मनी लौटने के बाद महिला ने उसको सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। एक्स (ट्विटर) पोस्ट के जरिए यह वीडियो पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने विदेशी महिला से संपर्क कर वीडियो डिलीट करवा दिया है।

# एकादशम् पूजन और वैदिक यज्ञ में 621 बच्चियों को करवाया जाएगा भोजन

**जयपुर**। रामनवमी पर छोटीकाशी में जगह-जगह कन्या पूजन के कार्यक्रम होंगे। इसकी तैयारियां जोरों पर है। इसी कड़ी में पतंजलि किसान सेवा समिति एवं उत्थान सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च को झोटवाड़ा में नांगल जैसा बोहरा स्थित बोहरा जी की बावड़ी परिसर में आयोजित होने जा रहे एकादशम् कन्या पूजन एवं वैदिक यज्ञ महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति के अध्यक्ष कैप्टन शीशराम चौधरी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत वैदिक विधि-विधान से यज्ञ, कन्या पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रहने की संभावना है। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और शहरभर से श्रद्धालुओं एवं संस्थाओं का उत्साहजनक सहयोग प्राप्त हो रहा है। चौधरी ने बताया कि कन्या पूजन में इस बार 621 कन्याओं को भोजन कराया जाएगा। ये कन्याएं आसपास की विभिन्न झुग्गियों से गाड़ियों में बैठाकर लाई जाएंगी। बच्चियों के पैर धोकर तिलक-चुनरी से सम्मान किया जाएगा। इसके बाद सभी को प्रेमपूर्वक भोजन करवाकर उपहार भेंट किए जाएंगे।



**झोटवाड़ा क्षेत्र के बाढ़पीठावास स्थित योग कक्षा में कैप्टन शीशराम चौधरी एवं गोपाल पारीक ने योग प्रशिक्षक भगवान राम एवं रघुराज सिंह से पोस्टर का विमोचन करवाया।**

इसी कड़ी में झोटवाड़ा क्षेत्र के बाढ़पीठावास स्थित योग कक्षा में कैप्टन शीशराम चौधरी एवं गोपाल पारीक ने योग प्रशिक्षक भगवान राम एवं रघुराज सिंह से पोस्टर का विमोचन करवाया। इस दौरान आमंत्रण अभियान में कैप्टन शीशराम चौधरी, शिवानंद त्रिपाठी, रमेश गोयल, कैप्टन एस.आर. मुंड, रमेश चंद्र शर्मा, कर्नल जगदीश चंद्र, अशोक अग्रवाल, होशियार सिंह सहित कई गणमान्यजन सक्रिय रूप से सहभागी रहे।

# शहीदों को नमन, प्रदर्शनी भी देखी

**जयपुर** । भारत सेवा संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को यहां राजापार्क स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु सहित ज्ञात-अज्ञात असंख्य शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत सेवा संस्थान के सचिव गिरधारी सिंह बापना ने बताया कि, वीर क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्रांतिकारियों से जुड़े चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर बापना और राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजीव अरोड़ा सहित पूर्व कुलपति बी एम शर्मा सहित एस एस जोशी, हनुमान शर्मा नायला, संजय बापना,एलडी शर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। हनुमानगढ़ के शंकरलाल सोनी द्वारा तैयार की गई ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों की दुर्लभ चित्र प्रदर्शनी लगाई गई जिसे सैकड़ो लोगों ने देखा और सराहना करते हुए कहा कि हमने पहली बार ऐसी प्रदर्शनी देखी है।

## सार-समाचार

### आई.ए.एस. राजेश यादव ने संभाला पदभार



**जयपुर** । अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग एवं संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान राजेश यादव ने सोमवार को पदग्रहण के बाद शिक्षा संकुल स्थित माधव सभागार में विभागीय अधिकारियों की प्रथम बैठक ली। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने उन्हें विभागीय गतिविधियों व योजनाओं की मूलभूत जानकारी दी। राजेश यादव ने अधिकारियों से संबंधित प्रकोष्ठ की संरचना से लेकर वर्तमान में संचालित गतिविधियों तक का फीडबैक व जानकारी ली और विभिन्न सुझाव दिए। इस अवसर पर संयुक्त सचिव महेन्द्र खींची, निदेशक माध्यमिक व प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, वित्त सलाहकार अनुपमा शर्मा, निदेशक संस्कृत शिक्षा प्रियंका जोधावत, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक प्रथम सीमा शर्मा, द्वितीय अशोक कुमार मीणा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

### पंचायतराज मंत्री का अभिनंदन किया

**जयपुर** । विधानसभा सत्र में ग्रामीण आबादी में स्थित मंदिरों के पट्टों की घोषणा पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर जी द्वारा की गई जिस पुजारियों के संगठन पुजारी सेवक महासंघ रजि के प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पुजारियों ने इसके सरकार का साधुवाद ज्ञापित किया और पंचायत राज मंत्री का फूलमाला,दुपट्टे,तुलसी पौधा, दुशाला,प्रसाद, मां भगवती जमवाय माताजी फोटो और स्वस्ति वाचन द्वारा सनातन परंपरा से अभिनंदन किया गया।। इस अवसर पर भगवान लाल सेवक डूंगरपुर(वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष) के नेतृत्व में रतन लाल शर्मा, राम निवास तिवाड़ी, मुरारी खांडल, बनवारी स्वामी, जयराम शर्मा, गणेश खांडल, बजरंग लाल शर्मा, नंद किशोर शर्मा, भगवती प्रसाद वशिष्ठ, राधेश्याम त्रिवेदी, विष्णु जमवाय माताजी(प्रदेश महामंत्री) रामावतार भारद्वाज, विश्वनाथ शर्मा, सीताराम शर्मा आदि पुजारी सेवक उपस्थित रहे।। पुजारी सेवक महासंघ रजि द्वारा राजस्व मंत्री हेमंत मीणा का अभिनंदन करने के पश्चात् परिपत्र 12 सितम्बर 2018 की पालना और मंदिर माफी भूमि का गैर कृषि कार्य उपयोग आदि के ज्ञापन दिए गए। पुजारी रजिस्टर किशनगढ़ रेनवाल और शाहपुरा का ज्ञापन जिला कलेक्टर जयपुर को दिया गया कलेक्टर द्वारा तुरंत दोनों तहसीलदार को एक सप्ताह में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### सेवा बस्तियों में लगाए वाटर कूलर

**जयपुर**। सेवा भारती समिति, राजस्थान द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक क्षेत्र एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में अपने विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से सेवा कार्य चलाये जा रहे हैं । सेवा कार्यो की इस कडी में सेवा भारती समिति द्वारा राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड की सीएसआर पहल पर जयपुर महानगर की सेवा बस्तियों में स्वच्छ एवं शीतल जल उपलब्ध कराए जाने के लिए 10 वाटर कूलर लगाए गए। कूलरों पर जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया है। सेवा भारती समिति कार्यालय सेवा सदन में वाटर कूलरों का विधिवत पूजन कर इन्हें रवाना किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ प्रचारक मूलचंद सोनी, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जयपुर के सेवा प्रमुख एवं प्रांतीय सेवा भारती के सह कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह सहित अन्य दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिया कुमारी का जनसंवाद पर फोकस

**जयपुर** । विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के खातीपुरा मंडल के वार्ड 18 और भवानी निकेतन मंडल के वार्ड 15 में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित वार्ड कार्यशाला में उन्होंने जनसंवाद को मजबूत करने और क्षेत्रीय विकास में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जनता से सीधा संवाद संभव होगा और समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एक नई पहल की शुरुआत की गई है, जिसे आगे अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है, जिससे क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने और पूरी ईमानदारी से कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी लेना जितना महत्वपूर्ण है, उसे निभाना उससे भी अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर चुनौतियों के बीच देशहित में कार्य कर रहे हैं और सभी को उनसे प्रेरणा लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष माल सिंह, मंडल अध्यक्ष जयंत कुमावत, वार्ड संयोजक उपेंद्र शेखावत, वार्ड अध्यक्ष दिनेश सिंह, पार्षद सुरेश जांगिड़, पार्षद राम किशोर प्रजापत व रमेश गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

### शिवेंद्र को शिकागो यूनिवर्सिटी से सम्मान

**जयपुर** । राजस्थान के युवा उद्यमी, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपर्ट शिवेंद्र शर्मा को टैक्नोलॉजी एंड डिजिटल एंटरप्रन्योशिप के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिकागो यूनिवर्सिटी यूएसएस द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। शिवेंद्र शर्मा पिछले करीब 15 वर्षों से डिजिटल इनोवेशन, ब्रांडिंग, ऑटोमेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और बिज़नेस ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने 270 से अधिक व्यवसायों के विकास में योगदान दिया है और अपने कार्य के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।

### 25 मार्च को होगी कम्प्यूटर टंकण परीक्षा

**जयपुर** । जयपुर जिले में क्रीडा पदक विजेता एवं मृताश्रित राज्य कर्मचारियों मृतक राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति के पश्चात ली जाने वाली कंप्यूटर टंकण गति परीक्षा दिनांक 25 मार्च को यति पब्लिक स्कूल, पवनपुरी बैनाड़ रोड, बालाजी विहार-25 झोटवाड़ा, जयपुर में आयोजित की जाएगी।

# देश में समान नागरिक संहिता लागू करना समय की जरूरत : मदन राठौड़

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सोमवार को सदन में कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना समय की आवश्यकता है, जिससे सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि यूसीसी केवल एक कानूनी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है। राठौड़ ने कहा कि यूसीसी से महिलाओं को समान अधिकार मिलेगा, पारिवारिक कानूनों में एकरूपता आएगी और समाज में व्याप्त भेदभाव समाप्त होगा।

> ■ **यूसीसी केवल एक कानूनी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**
>
> ■ **मदन राठौड़ ने कहा कि ''देश में कुछ राजनीतिक दल केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण यूसीसी का विरोध कर रहे है।''**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण यूसीसी का विरोध कर रहे हैं, जबकि यह देशहित और समाजहित में अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने राज्य सरकारों और समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे इस विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और राष्ट्र निर्माण की इस प्रक्रिया में सहयोग दें। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार देश के हर नागरिक के लिए समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और यूसीसी उसी संकल्प का प्रतीक है।

राठौड़ ने कहा कि यूसीसी की दिशा में बढ़ाया हुआ कदम महिलाओं को विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मामलों में समान अधिकार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय की आवश्यकता पर बल दिया है। वर्ष 1985 में शाहबानो बेगम के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है। ऐसे में सदन में समान नागरिक संहिता के विषय में आवश्यक विधायी पहल की जानी चाहिए।

# गैस सिलेंडर चुराकर भागते समय स्कूटी सवार बदमाश गिरा

**जयपुर** । बजाज नगर इलाके में स्थित बरकत नगर के आदर्श बाजार में रविवार सुबह एक स्कूटी सवार दो बदमाशों को घर में घुसकर सिलेंडर चोरी करना भारी पड़ गया। सिलेंडर चोरी कर भागते वक्त बदमाश की स्कूटी अचानक से स्लिप हो गई और बदमाश सिलेंडर सहित जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने दौड़कर सिलेंडर चोर को दबोच लिया। दूसरा आरोपी स्कूटी लेकर भागने में कामयाब हो गया। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया।

डीसीपी संजीव नैन ने बताया कि बरकत नगर के आदर्श बाजार की गली नंबर-5 में एक स्कूटी सवार दो बदमाश घर में घुसे और बालकॉनी में रखा गैस सिलेंडर चोरी कर भागने लगा। इसी दौरान घबराहड में अचानक से उसकी स्कूटी स्लिप हो गई और वो गैस सिलेंडर समेंत जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने रोहित (19) खूनघाट, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी को दबोच लिया। दूसरा बदमाश स्कूटी लेकर भागने में कामयाब हो गया।

# नारी चौपाल में हजारों महिलाओं की भागीदारी से गूंज उठा जोबनेर

**जयपुर** (कासं)। जयपुर जिले में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से संचालित सक्षम जयपुर अभियान के तहत नारी चौपाल कार्यक्रम एक प्रभावी जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इन चौपालों ने महिलाओं को न केवल अपनी बात रखने का मंच दिया है, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित भी किया है।

सोमवार को जोबनेर उपखण्ड में आयोजित नारी चौपाल उत्साह, ऊर्जा और सहभागिता का अद्भुत उदाहरण बनी। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लेकर इसे जन-उत्सव का स्वरूप दे दिया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति के साथ-साथ महिलाओं ने भी अपने आत्मविश्वास, कौशल और नेतृत्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मृणाल कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड एवं उपखण्ड अधिकारी सर्वेश शर्मा एवं नेहा राठी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित चौपाल में महिलाओं ने आत्मविश्वास, हुनर और नेतृत्व क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा में चयनित ज्योति मौर्या ने अपनी प्रेरक यात्रा साझा करते हुए उपस्थित महिलाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित किया। नारी चौपाल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। मारवाड़ी लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक और आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं ने न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि समाज को जागरूकता का संदेश भी दिया। हम होंगे कामयाब और मेरा काम-मेरा सम्मान जैसे संदेशों ने आत्मनिर्भरता की भावना को और प्रबल किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

# पुलिस दूरसंचार विभाग के अधिकारी-कार्मिकों का सम्मान

**जयपुर** । राजस्थान पुलिस के तकनीकी स्तंभ पुलिस दूरसंचार द्वारा सोमवार को अलंकरण समारोह में उन जांबाज अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी विशिष्ट और उत्कृष्ट सेवाओं से विभाग का मान बढ़ाया। समारोह में 31 कार्मिकों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 38 को उत्कृष्ट सेवा पदक, 7 को डीजीपी डिस्क, 3 को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह, 9 को अति उत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 कार्मिकों को उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था संजय अग्रवाल ने सभी पदक विजेताओं को पदक पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि पुलिस दूरसंचार विभाग राजस्थान पुलिस की रीढ़ की हड्डी है। आधुनिक अपराधों से निपटने के लिए तकनीक और संचार का सटीक होना अनिवार्य है और इन अधिकारियों ने अपनी मेहनत से इसे सिद्ध किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीजी,पुलिस साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं वीके सिंह उपस्थित रहे। मंच पर निदेशक पुलिस दूरसंचार दौलत राम अटल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. हेमराज मीना ने भी शिरकत की। अधिकारियों ने सम्मानित होने वाले जवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर नवाचार और सेवाभाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। इनमें पुलिस निरीक्षक रतीराम मीना, कालूराम मीना, साहब सिंह, उप निरीक्षक बनवारी लाल योगी, महेन्द्र सिंह, सुवाराम मीना शामिल है। इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद मीना, पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण कुमार सैन, विजेंद्र सिंह, महावीर प्रसाद मीणा, अनिल कुमार रेवाड़िया, नीतू चौहान, कैलाश चंद्र शर्मा, एकता गौतम, ओमप्रकाश वर्मा, भीमचंद, मेघराज मीणा, पुलिस निरीक्षक संदीप कुमार अहलावत, मूल सिंह खींची, राहुल भारद्वाज, प्रवीण चौधरी, सुरेश शर्मा, रमेश चंद शर्मा, राजेश कुमार चौधरी, प्रमिला कुमारी मुलानी, राजकुमार स्वामी,विजय कुमार जांगिड़,शंकर सिंह उदावत, रतन लाल, कुलदीप सिंह, आशीष शर्मा समेत अन्य शामिल है।

# दिल्ली के बीकानेर हाऊस में अत्याधुनिक सरस पार्लर खोलेगी राजस्थान सरकार


**जयपुर** । राजस्थान के सहकारी डेयरी क्षेत्र में प्रमुख ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुके सरस ब्रांड को राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में पहचान दिलाने की मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर क्रियान्वयन शुरू हो गया है। राज्य सरकार के नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस के अतिरिक्त आवासीय आयुक्त ने बीकानेर हाउस में सरस पार्लर की स्थापना के लिए 3040 फीट साइज की जमीन का आवंटन भी कर दिया है। आरसीडीएफ द्वारा आवंटित जमीन पर भव्य और अत्याधुनिक सरस पार्लर खोलने की कवायद शुरू कर दी है।




राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडेरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि बीकानेर हाउस के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश में भी सरस के आउटलेट्स खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि उज्जैन में महाकाल के दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए आरसीडीएफ और जिला दुग्ध संघ कोटा द्वारा अत्याधुनिक सरस पार्लर खोला जायेगा, जहाँ सरस ब्रांड के उच्च गुणवत्तायुक्त दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार गोवर्धन परिक्रमा क्षेत्र में आरसीडीएफ और भरतपुर दुग्ध संघ द्वारा सरस आउटलेट्स खोले जायेंगे जहाँ परिक्रमा के लिए आने वाले भक्तों को सरस के उत्पाद आसानी से उपलब्ध होंगे।

उन्होने बताया कि सरस आउटलेट्स पर दूध, दही, छाछ, लस्सी, श्रीखण्ड, घी और मक्खन जैसे सरस उत्पादों की श्रृंखला के साथ राजस्थानी संस्कृति व स्वाद के अनुरूप परम्परागत व्यंजनो का भी विशेष प्रबन्ध किया जायेगा। उन्होने बताया कि राज्य सरकार की वित्तीय वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश आदि राज्यों में सरस उत्पादों के आउटलेट्स खोलने पर 100 करोड रूपये व्यय किये जायेंगे।

> ■ **सरस को राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की बड़ी पहल**
>
> ■ **एनसीआर व पडौसी राज्यों में सरस आउटलेट्स खोलने पर 100 करोड रूपये का होगा व्यय**





## Renewing The Fight Against A Preventable Disease

Observed every year on March 24, World Tuberculosis Day raises awareness about the global fight against TB and the urgent need to eliminate it. Despite being preventable and curable, tuberculosis continues to affect millions worldwide, including a significant number in India. The day marks the discovery of the TB-causing bacterium by Dr. Robert Koch in 1882. It serves as a reminder to strengthen early detection, ensure complete treatment, reduce stigma and improve public health outreach. Ending TB requires collective action, from governments and healthcare systems to communities and individuals.

#HEALTH AND WELLNESS

# The Power of Coffee Blends

When coffee is mixed with cocoa, it creates a potent blend that not only satisfies your taste buds but also enhances your cognitive functions





Coffee, one of the world's most beloved beverages, is not only a source of energy but also a potential powerhouse for improving health when combined with various natural ingredients. Each addition to your morning cup can bring specific benefits to your body and mind. Let's explore how mixing coffee with other ingredients like cocoa, star anise, sweet cloves, cinnamon, and ginger can improve memory, digestion, inflammation, and more.

### Coffee and Cocoa: Boosting Brain Power

When coffee is mixed with cocoa, it creates a potent blend that not only satisfies your taste buds but also enhances your cognitive functions. Cocoa is rich in flavonoids, which are known to improve memory, concentration, and overall brain health. When combined with coffee's caffeine, this mix may help prevent dementia and age-related cognitive decline. The antioxidants in cocoa protect brain cells, while coffee's stimulating properties help keep you alert and focused, making this blend ideal for mental clarity and long-term brain function.

### Coffee and Star Anise: Easing Bloating

If you often experience belly bloating, adding star anise to your coffee could be a game-changer. Star anise is known for its digestive properties and has been used in traditional medicine to relieve indigestion and bloating. It contains compounds that help promote the smooth flow of digestion and reduce gas buildup. When mixed with coffee, star anise helps soothe the stomach, reducing discomfort and making your coffee break both calming and refreshing.

### Coffee and Sweet Cloves: Improving Digestion

The addition of sweet cloves to coffee can do wonders for your digestive system. Cloves are packed with antioxidants and have antimicrobial properties that can help improve digestion and soothe the gastrointestinal tract. By stimulating digestive enzymes, cloves aid in breaking down food more efficiently, reducing bloating, and promoting overall gut health. The combination of coffee and cloves not only enhances flavour but also helps your digestive system function optimally.


### Coffee and Cinnamon: Controlling Blood Sugar

Cinnamon, known for its ability to regulate blood sugar levels, is a perfect companion for coffee. This warming spice has been shown to improve insulin sensitivity, helping to control blood glucose levels and prevent spikes after meals. For people with diabetes or those looking to maintain stable energy levels throughout the day, cinnamon in coffee is a delicious and beneficial way to manage glucose. Additionally, cinnamon's anti-inflammatory properties further enhance coffee's overall health benefits.

### Coffee and Ginger: Reducing Inflammation

For those dealing with inflammation, the addition of ginger to coffee provides significant relief. Ginger is a well-known anti-inflammatory agent, with compounds that help reduce swelling, pain, and discomfort in the body. When combined with coffee, ginger boosts its anti-inflammatory effects, making it an ideal choice for individuals with conditions like arthritis or chronic pain. This combination helps soothe the body while providing the stimulating effects of caffeine.






Andrew Carnegie.

# American steel baron comments on Banaras and the Taj

An unabashed supporter of the British Empire, Carnegie found it difficult to outright condemn the opium trade from India to China. "My readers may safely assume, I think, that the difficulties we encounter in restraining or abolishing the use of liquor among ourselves, also surround the opium question in the East," he said. "It is their liquor. China grows most of what she consumes, and I believe would grow it all if the Indian drug was not admitted. Its exclusion by the Chinese would not therefore seriously lessen its use. Still, it places England in a false position before the world to enforce its admission by treaty stipulations."



Benaras by Friedrich Perlberg.






Benaras Wellcome collection.

#ANDREW CARNEGIE

● Verna Mohon

Andrew Carnegie was a Scottish-American industrialist and philanthropist. Carnegie led the expansion of the American steel industry in the late-19th century and became one of the richest Americans in history. He became a leading philanthropist in the United States, Great Britain, and the British Empire.

In 1878, in the middle of building a steel empire, he decided to go on a world tour with his friend John Vandervort. The two set off from the Pacific Coast of the United States, spending time in Japan and China, before arriving in Ceylon and India.

The Scottish-born industrialist, whose parents immigrated to the US when he was 12, was raised in a traditional Christian family and harboured a range of odd ideas about India. His biggest obsession was the caste system. Starting from Ceylon, he kept observing its visible manifestations and wrote about them, along with other reflections, in his travelogue *Round the World*.

Entering India from Madras, Carnegie and Vandervort went to Calcutta, and from there, took a train to Benares, travelling in the most comfortable manner.

"We had all to ourselves a first-class carriage compartment containing two sofas lengthwise of the car and one across; above these were three upper berths, to be let down, if necessary, and used as beds," Carnegie wrote in Round the World. "A smaller compartment contained dressing-room, etc., for all of which there is no extra charge."

"Our route lay through the opium-growing district, and the white poppies were just beginning to bloom," he said. "I did not know before that only the white variety is grown, but, curiously enough, the red flower is not nearly so productive. This set us to thinking that there may, after all, be something in the Chinaman's preference for a black dog to one of another colour."

An unabashed supporter of the British Empire, Carnegie found it difficult to outright condemn the opium trade from India to China. "My readers may safely assume, I think, that the difficulties we encounter in restraining or abolishing the use of liquor among ourselves, also surround the opium question in the East," he said. "It is their liquor. China grows most of what she consumes, and I believe would grow it all if the Indian drug was not admitted. Its exclusion by the Chinese would not therefore seriously lessen its use. Still, it places England in a false position before the world to enforce its admission by treaty stipulations."


At the time, the colonial authorities were earning about £7 million a year as revenue from the opium trade with China, which would work out to £1 billion in today's prices. "I wish England's hands were entirely free from all stain in connection with this business," Carnegie wrote. "China should not be compelled by England to admit a drug which is considered pernicious."

Travelling on the Indian railways, Carnegie could not help but comment on its impact on Indian society. He felt that the introduction of the railways in the country had helped lower caste barriers.

"Caste also goes slowly with the tide of change, and Brahmans are now occasionally found taking employment below that of their caste; and while a high-caste Hindoo some years ago would have considered himself defiled if even the garments of a low-caste person touched him, he now rushes into the same railway compartment among the general crowd and struggles for a seat with various castes, and says nothing about it," he wrote. "One stand the English home Government took, in deference to English ideas as opposed to those of the Anglo-Indian authorities, which alone dooms caste, sooner or later, to extinction: it would not permit different classes on the railways to be established for Hindoos or Mohammedans, or for castes of the former."



Birthplace of Andrew Carnegie, Dunfermline.



He was just 4.10, really short for an American.

Carnegie said that many in India feared that people will not use the railway for fear of mixing with other castes, "but the result has wonderfully belied these fears and vindicated the sagacity of those who ventured to inaugurate this system." He added that one saw "Hindoos and Mohammedans, high caste and low caste, jostling each other in their efforts to get desirable seats in the third-class compartments, where, by the way, they travel for less per mile than anywhere else in the world, third-class fares in India being uniformly one-half of a cent per mile."

### Benaras

Carnegie was well informed about the ancient city of Benares and its significance for Hindus.

"Benares is to the pious Hindoo all that Mecca is to the good son of the Prophet, and much more besides, and he esteems himself happy if it is vouchsafed him to die in sight of this stream (Ganga) and this city," he wrote in Round the World. "Pilgrims flock here from all parts of India, and thousands are carried from long distances, while dying, that their eyes may behold, ere they close, the holy city of God." While taking a boat ride on the Ganga, Carnegie saw the king of Nepal by one of the ghats, gazing at the sun and reciting his prayers. "For one full month, this intelligent ruler, who speaks English fluently and is well informed of the views Europeans hold of his religious ideas, will nevertheless work hard, visiting daily the temples, going through various exercises, and bathing every morning in the Ganges," Carnegie said.

> The American industrialist witnessed a cremation in Benaras. As he watched the burning pyre, his guide told him that some women were still keen on committing sati even though the practice was outlawed by the British. To Carnegie, this did not seem outrageous. He said that he would not blame the widows for taking their lives: "I'm sure I don't see why, beyond the mere instinct of self-preservation, they should have a wish to live on..."

The American industrialist witnessed a cremation in Benaras. As he watched the burning pyre, his guide told him that some women were still keen on committing sati even though the practice was outlawed by the British. To Carnegie, this did not seem outrageous. He said that he would not blame the widows for taking their lives: "I'm sure I don't see why, beyond the mere instinct of self-preservation, they should have a wish to live on. Those educated people among us who commit suicide have prospects before them which might be called blissful compared with what confronts poor widows in India."

He was mesmerised by the textiles he saw in the holy city. "Benares has been famous for centuries for its manufacture of gold and silver embroideries," Carnegie wrote. "I remember that Macaulay speaks of them in his essay on Warren Hastings as decorating alike the court of Versailles and the halls of St. James. We went to the native village and saw the work carried on. How such exquisite fabrics come from the antiquated looms situated in mud hovels it is hard to understand, but they do." Carnegie could see that, as a member of the ruling race, the racial hierarchies of the Raj accorded him privileges denied to the brown man.

"I never was more thoroughly impressed with the position of the European of India than to-day when pushing through the crowded, narrow lanes of Benares," he said in his travelogue. "Our native guide went before us carrying a whip which he cracked and brandished among the crowd, calling out 'Sahib! Sahib!' and the people, casting one glance behind, at once hurried out of our way, making a clear track for our august person supposed to represent the conquering race."

He seemed to enjoy the 'respectful salaams' of the locals and their 'deferential, not to say obsequious, attitude' towards the sahibs. "That 'all men are born free and equal' will not enter the Hindoo mind for centuries, not till England has brought it up to the standard of self-government, which it is gradually doing, however, by its schools and colleges," Carnegie argued.

It saddened him to see the plight of the poor in a country that he said had the 'cheapest labour' in the world. "It is doubtful if men can be found anywhere else to do a day's work for as little as they are paid in India," he wrote. "Railway labourers and coolies of all kinds receive only four rupees per month, and find themselves; these are worth just now forty cents each, or, say, $1.60 in gold for a month's service."

"Is it any wonder that the masses are constantly upon the verge of starvation?" he continued. "Women earn much less, and of course, every member of a family has to work and earn something."

### By the river

Like many other visitors to Benares, Carnegie could not help but admire the hypnotic scenes by the river, which he said far excelled any representation he had seen or any description he had read.

"Photographs cannot be made to convey a just idea of its picturesque beauty because the view is enlivened by such masses and combinations of colour as (English Romantic painter Joseph Mallord William) Turner alone could do justice to," he said. "Indeed, my first thought as I saw the thousands on the ascending banks, one tier of resting-places above another, culminating in the grand temples' towering at the tops, was that I had seen something akin to this in a dazzling picture somewhere."

Only in London's Turner Gallery could such colours be seen, he said. Turner "should have painted the 'Hindoo Bathers at Benares,' and given the world one more gem revealing what he alone, in his generation, fully saw in the mind's eye, 'the light which never shone on sea or shore,'" he wrote. "We have voted this scene at Benares, the finest sight we have yet witnessed."

From Benaras, Carnegie and Vandervort travelled to Lucknow, a city they associated with the 1857 Indian War of Independence, and appreciated its bazaars. They also visited Agra, where Carnegie was awestruck by the Taj Mahal.


"We have seen it, but I am without the slightest desire to burst into rapturous adjectives," Carnegie said. "Do not expect me to attempt a description of it, or to try to express my feelings. There are some subjects too sacred for analysis, or even for words, and I now know that there is a human structure so exquisitely fine, or unearthly, as to lift it into this holy domain."

So amused was he by the Taj that he proclaimed: "If I am ever sentenced to hard labour for life for some unlawful outburst of my wild republicanism, I will make one request as I throw myself upon the mercy of the court: Let me be transported to India, and allowed to perform my daily task in beautifying and preserving the Taj. This would be a labour of love, and I should not be unhappy with my idol to worship, doing my part to hand it down untarnished to future generations."

Carnegie and Vandervort left India from Bombay, a city Carnegie described as "by far, the finest city in the East." His description of life in India in 1879 sounds eerily similar to how some expatriates or non-resident Indians describe the country now: "Life in India is only rendered tolerable by the opportunity people have to enjoy things which would be beyond their reach at home without fortunes."

Physically, Carnegie barely reached the shoulder of his rivals, but his influence was colossal. By perfecting the large-scale production of steel, the material that made skyscrapers and transcontinental railways possible, Carnegie helped define modern America. "He is, I think, and I don't think this is an exaggeration, the central figure in what we call the Gilded Age, the age of the Robber Barons, the age of the Moguls, the age in which the United States leaps from being a rural backwater to being an industrial manufacturing powerhouse," says Carnegie biographer's David Nasaw.

rajeshsharma1049@gmail.com



Taj in the Raj era.

#WORKOUT

# Diamonds Need A Makover

## Why Diamonds Mined from the Ground Aren't Ready for Jewelry

Diamonds, often referred to as nature's masterpieces, are not immediately ready for use in jewelry once they are mined from the earth. The raw, rough diamonds extracted from the ground are far from the dazzling gems that sparkle in engagement rings and necklaces. They require several steps of processing, including cutting, polishing, and certification, before becoming the finished product we admire. In this article, we explore why diamonds need extensive work before they're ready for jewelry, as well as other important uses of diamonds beyond adornment.



### 1. Rough Diamonds Aren't Shaped or Polished

When diamonds are first mined, they are in their rough state, irregularly shaped and often containing inclusions (imperfections) and varying colours. These diamonds need to be cut and polished by skilled artisans to transform them into the sparkling stones used in fine jewelry. Cutting a diamond is a delicate process; it requires careful planning and precision to bring out the stone's brilliance and to avoid damaging it, as diamonds, despite being the hardest natural material, are also quite brittle.

### 2. Evaluation of Quality

Before being made into jewelry, diamonds are sorted based on their four Cs: Cut, Colour, Clarity, and Carat weight. These characteristics determine the diamond's value and its suitability for different types of jewelry. A rough diamond's natural imperfections (inclusions) and its colour grade can influence whether it's used in high-end jewelry or more affordable pieces. Only the highest-quality diamonds are used for engagement rings or top-tier jewelry.

### 3. Breakage Risk During Cutting

While diamonds are incredibly hard, they are also brittle along certain crystallographic planes. This brittleness makes the cutting process high-risk, as diamonds can crack or break if not handled carefully. Experts in diamond cutting use advanced technology and techniques to avoid damaging the stone, and often work with the rough diamond's natural crystal structure to achieve the most beautiful result.

### Other Uses of Diamonds Beyond Jewelry


Beyond their aesthetic appeal, diamonds have numerous industrial and scientific applications, owing to their unmatched hardness and thermal conductivity.

- **Cutting and Drilling:** Diamonds are used in industrial tools such as cutting saws, drills, and grinding wheels due to their hardness. These tools are essential for industries that cut and shape other hard materials, such as concrete, metal, and stone.
- **Electronics and Technology:** Diamonds are used in high-performance semiconductors and lasers. Their ability to withstand high temperatures and conduct heat efficiently makes them ideal for advanced electronics, including microelectronics and high-power devices.
- **Medical and Scientific Research:** Diamonds are also used in medical and scientific applications, such as biological imaging and radiation detection. Their unique properties enable highly precise measurements and imaging techniques in research.

Diamonds extracted from the earth require extensive work before they can be used in jewelry. The rough stones need to be cut, polished, and certified to ensure their quality and brilliance. This process also involves ethical considerations, especially concerning conflict-free sourcing. Aside from their ornamental use, diamonds are invaluable in industry, technology, and science, showing that their worth extends far beyond the world of fine jewelry.



THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# विराटनगर में छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

## बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जब छोटे भाई ने गुस्से में आकर अपने ही बड़े भाई की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

वारदात के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नाजिम अली खान के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन में थानाधिकारी सोहनलाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम विराटनगर थानाधिकारी सोहनलाल, उप निरीक्षक कृष्णलाल, कांस्टेबल राजेश कुमार कंवर सिंह, शीशराम, नन्दसिंह द्वारा लगातार दबिश देकर आखिरकार आरोपी विक्रम खटीक (25) निवासी वार्ड नंबर 12, पावटा रोड, विराटनगर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली है, जिससे वारदात को अंजाम दिया गया था।



मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की और साक्ष्य जुटाये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गुलाबचंद खटीक (38) और उसका छोटा भाई विक्रम खटीक (25) एक ही मकान में रहते थे। परिजनों व स्थानीय लोगों के अनुसार विक्रम अक्सर घर में विवाद करता रहता था। शनिवार रात करीब 8:30 बजे दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में बेकाबू हुए विक्रम ने पहले गुलाबचंद को मकान के चौक में पटक दिया और फिर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के दौरान गुलाबचंद की पत्नी चित्रा देवी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल गुलाबचंद को तुरंत विराटनगर उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उसे शाहपुरा रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ विराटनगर उमेश निठारवाल एवं थानाधिकारी सोहनलाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एफएसएल टीम और एमओबी टीम

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की, जिससे वारदात को अंजाम दिया गया था
- पुलिस ने एफएसएल और एमओबी टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया और साक्ष्य जुटाए

को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया और महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। इसके बाद मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई।

थानाधिकारी सोहनलाल ने बताया कि चित्रा देवी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक गुलाबचंद चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसके एक बड़े भाई और पिता का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि दूसरा भाई अलग रहता है। गुलाबचंद अपनी पत्नी, मां और आरोपी भाई के साथ रहता था।

# दलित परिवार पर कथित हमले को लेकर बीएसपी का विरोध

**अजमेर, (कासं)।** बहुजन समाज पार्टी ने अजमेर जिले में एक दलित परिवार पर हुए कथित जानलेवा हमले को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी ने जिला कलैक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

ज्ञापन के अनुसार, 16 मार्च की सुबह करीब आठ बजे अजमेर जिले के सरवाड़ थाना क्षेत्र के गांव में एक गंभीर घटना सामने आई। बीएसपी के मुताबिक, दलित परिवार के सदस्यों पर गांव के कुछ लोगों द्वारा हमला किया गया। बीएसपी पदाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों

- कलैक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

और धारदार हथियारों से हमला कर पीड़ितों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में घायल व्यक्तियों के शरीर के कई हिस्सों पर गहरी चोटें आईं और स्थिति बेहद गंभीर हो गई। ज्ञापन में गांव के कुछ लोगों के नाम आरोपियों के रूप में बताए गए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से जाट समुदाय के व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है। आरोप है कि इन लोगों ने संगठित होकर इस घटना को अंजाम दिया। इसके अलावा, यह भी आरोप लगाया गया है कि हमले के दौरान पीड़ित पक्ष द्वारा की जा रही वीडियो रिकॉर्डिंग को भी आरोपियों ने तोड़ दिया। बीएसपी के अनुसार, इस हमले के पीछली पुरानी रंजिश और एक चल रहे केस में बयान बदलवाने का दबाव मुख्य कारण है। आरोपियों द्वारा पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया जा रहा था, और इसी कारण से यह हिंसक घटना हुई।

पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी अभी भी उनके खेतों के आसपास मौजूद रहते हैं, जिससे वे लगातार भय और तनाव में जी रहे हैं। खेत तक जाने का रास्ता भी आरोपियों द्वारा बाधित किया जा रहा है।

# मुकदमे से आहत बुजुर्ग ने आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर थाना इलाके में एक बुजुर्ग द्वारा थाने में दर्ज अपने उपर पॉक्सो एक्ट में लगे छेड़छाड़ के मुकदमे से आहत होकर घर में फांसी लगाकर सुसाइड करने का मामला सामने आया है।

उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि थाना इलाके में एक 66 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा घर में सुसाइड करने की सूचना मिली, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक किराने

- एक नाबालिग बच्ची की मां ने बुजुर्ग पर छेड़छाड़ की शिकायत दी थी, जिस पर पॉस्को एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था

की दुकान लगाता था, एक नाबालिग बच्ची की मां ने कुछ दिन पूर्व बुजुर्ग पर छेड़छाड़ की शिकायत दी थी, जिस पर पॉस्को एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों के अनुसार अपने उपर लगे मुकदमे से आहत होकर बुजुर्ग ने घर में फांसी का फंदा लगा लिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं इस मामले में मृतक के परिजनों ने भी महिला के खिलाफ शिकायत दी है, परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है मामले की जांच की जा रही है। वहीं मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने बाद में थाना इलाके में प्रदर्शन भी किया।

## बकाया वसूली अभियान के तहत कार्रवाई की

**छबड़ा, (निसं)।** विद्युत निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए रामपुरिया और बटावदाऊँचा गांव से कटे कनेक्शन पर बकाया राशि 6.33 लाख पर चार सिंगल फेज के ट्रांसफार्मर उठाए तथा छह अवैध ट्रांसफार्मर जब्त किए। सहायक अभियंता जयेंद्रसिंह झाला ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता, केडिया और उनके नेतृत्व में विद्युत निगम की टीम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई करते हुए कटे हुए कनेक्शन पर अवैध रूप से विद्युत का उपयोग कर रहे 3.07 लाख की बकाया राशि पर रामपुरिया गांव से दो सिंगल फेज तथा 3.26 लाख की बकाया राशि पर बटावदाऊँचा गांव से दो सिंगल फेज ट्रांसफार्मर उठाए।

# तीस हजार के इनामी तस्कर को पकड़ा

**बज्जू, (निसं)।** पुलिस ने चार साल से फरार तीस हजार रुपये के इनामी आरोपी राजकुमार उर्फ राजू विश्नोई को गिरफ्तार किया है। वह 2022 में एक क्विंटल डोडा-पोस्त तस्करी के मामले में वांछित था।

थानाधिकारी जगदीश पांडर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई। जुलाई 2022 में एक सफेद स्विफ्ट कार से 1 क्विंटल 1 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त जब्त किया गया था। इस मामले में प्रकाशचंद्र विश्नोई और प्रेमाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया था। जांच में राजकुमार उर्फ राजू विश्नोई निवासी जोधाणियों की ढाणी जैसला, पुलिस थाना भोजासर, जिला फलौदी का नाम भी तस्करी के आपराधिक षड़यंत्र में सामने आया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह अपने गांव से फरार होकर बेंगलुरु चला गया था। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार, बज्जू पुलिस ने तकनीकी और गोपनीय जानकारी जुटाई। राजू के बेंगलुरु से फलोदी के आसपास आने की सूचना मिली, जिसके बाद उसे सुआप गांव के पास से तलाशी के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी राजकुमार उर्फ राजू से अवैध डोडा-पोस्त की खरीद-बिक्री के संबंध में आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक जगदीश पंडार के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, सोनू शर्मा और कांस्टेबल हड़मानाराम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ब्याज के लेनदेन को लेकर महिला की हत्या की थी, आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** आरकेपुरम् इलाके के गणेश नगर में महिला की हुई हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला घर में रविवार को संदिग्ध अवस्था में मृत मिली थी, मृतका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दी थी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पुखराज पारेता को उद्योग नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में मामले में ब्याज के रूपयो के लेनदेन एवं व्यक्तिगत कारण सामने आये है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 22 मार्च को

- कोटा के आरकेपुरम् इलाके में घर में महिला का शव मिला था

आरकेपुरम् इलाके के गणेश नगर में घर में अकेली रह रही महिला ब्रजेश शर्मा घर में मृत अवस्था में मिली थी। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चंचल मिश्रा, पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा आरकेपुरम् थानाधिकरी सिद्धार्थ श्रीवास्तव मय टीम सहित मौके पर पहुंचे और मौके पर एफएसएल, एमओबी अन्य टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किये। शहर एसपी ने बताया कि प्रथमदृष्टा से हत्या का मामला प्रतीत होने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में आरकेपुरम थानाधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव (आईपीएस प्रो.) के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने तकनीकी आधार, सीसीटीवी फुटैज मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए महिला की हत्या के आरोपी उद्योग नगर थाने के इन्द्रा गांधी नगर निवासी पुखराज पारेता को गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से प्रारंभिक अनुसंधान व पूछताछ में सामने आया कि मृतका द्वारा विभिन्न व्यक्तियों को ब्याज पर रूपया दिया जाता था, जिसके चलते उसका कई लोगो से आर्थिक लेनदेन था। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि इसी संबंध में आरोपी का मृतका के घर पर आना-जाना था, जिसके चलते रूपयों को लेकर विवाद हो गया। अनुसंधान में सामने आया कि आरोपी द्वारा मृतका के पास रखी नकदी एवं आभूषणों की जानकारी पूर्व में थी। आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया। आरोपी महिला के घर पहुंचा और मौका देखकर आरोपी ने मृतका के साथ मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने घर में रखी नकदी व सोने चांदी के आभूषण को लेकर फरार हो गया। घटना को लूट का रूप देने का प्रयास किया था।

## दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**कोटा, (निसं)।** नाबालिग से दुष्कर्म के दो साल पुराने मामले में पॉस्को क्रम-4 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा से दंडित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक वंदना नागर ने बताया कि 20 मार्च 2024 को पीड़िता की मां ने कोटा ग्रामीण के थाने में रिपोर्ट दी। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि वह मजदूरी करती है, वह मजदूरी करने गई थी उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी लेकिन जब शाम को आई तो उसकी बेटी घर नहीं मिली उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसकी बेटी का कोई पता नहीं चला। युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

# राज्य स्तर का टॉप-10 अपराधी भैरू झोंपड़ा अहमदाबाद से गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला एसपी के निर्देशन में वांछित और इनामी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में डीएसटी भीलवाड़ा को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राज्य स्तर के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल और तीस हजार रुपये के इनामी बदमाश भैरू लाल उर्फ भैरू झोंपड़ा को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी भैरूलाल गुर्जर निवासी दौलाजी का खेड़ा (झोंपड़ा), थाना गंगरार चित्तौड़गढ़ का हिस्ट्रीशीटर है। इस पर भीलवाड़ा पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये और चित्तौड़गढ़ पुलिस द्वारा पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। अभियुक्त थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ में एक एएसआई के पुत्र की हत्या और हमीरगढ़ थाने में जानलेवा हमले के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहा था। इसके विरुद्ध हत्या, तस्करी और आर्म्स एक्ट के 20 प्रकरण दर्ज हैं। घटना के अनुसार, 31 मई 2024 की रात स्वरूपगंज चौराहे पर प्रहलाद जाट और उसके साथी चाय पी रहे थे। इसी दौरान भैरू झोंपड़ा और उसकी गैंग ने स्कॉर्पियो गाड़ियों से आकर उन पर लोहे के सरियों और टामियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में प्रहलाद के हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए थे और उसे गंभीर हालत में अहमदाबाद रेफर करना पड़ा था। वारदात के बाद से ही आरोपी अपनी पहचान छिपाकर फरार चल रहा था। डीएसटी प्रभारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान की मदद से आरोपी की लोकेशन अहमदाबाद में ट्रेस की। पुलिस टीम ने दबिश देकर अपराधी को धर दबोचा।

# पुलिस पर युवक से मारपीट करने का आरोप

**डूंगरपुर, (निसं)।** थाने में युवक से मारपीट के विरोध में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा सोमवार को पीड़ित युवक व उसके परिजनों के साथ बिछीवाड़ा थाने के सामने धरने पर बैठ गए। उन्होंने पुलिस पर युवक के साथ मारपीट करने के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की।

प्राप्त जानकारी में सामने आया है कि बिछीवाड़ा थाने में मजदूरी पर गए एक युवक के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर पुलिस पीड़ित युवक महेंद्र होता को पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के दौरान पुलिस ने युवक के साथ बुरी तरह से मारपीट की। इसी मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा सोमवार दोपहर के समय बिछीवाड़ा पहुंचे। विधायक के साथ ही कई समर्थक, पीड़ित महेंद्र और उसके परिवार के लोग मौजूद रहे। धरने पर बैठे विधायक गणेश घोघरा ने पुलिस पर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने के आरोप लगाए। उन्होंने मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के ही शिशोद फला, वागदरी निवासी नेपाल पुत्र पूजा गौड़ की ओर से 18 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें बताया है कि 25 जनवरी को उसका बड़ा भाई कालू गौड़ उसकी पत्नी ममता घर पर थे। उस समय महेंद्र होता उसके घर आया और बडे भाई कालू को गुजरात के नडियाद में मजदूरी करने के लिए ले जाने का कहकर साथ ले गया, लेकिन उसका भाई होली के त्यौहार भी वापस घर नहीं आया और न ही उससे कोई बात हुई। कुछ पता नहीं चलने पर वे 3 मार्च को भाई के बारे में पूछताछ करने मजदूरी करने ले जाने वाले महेंद्र होता के घर गए लेकिन महेंद्र ने भी कोई सही जवाब नहीं दिया। इस पर नेपाल गौड ने बिछीवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें मजदूरी करने ले जाने वाले महेंद्र होता और उसके पिता जीवतराम पर शक जताया। इसी आधार पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने महेंद्र होता से कालू के बारे में पूछताछ की थी। जिसके बाद युवक व उसके परिजनों ने पुलिस पर पूछताछ के दौरान मारपीट के आरोप लगाए थे। वहीं 21 मार्च को लापता युवक भी घर आ गया था। वह कहीं और काम के लिए चला गया था।

# शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर एक्सईएन से 31 लाख की ठगी

## आरोपियों ने वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराकर खातों में पैसे जमा करवाए और 1.47 करोड़ का मुनाफा दिखाया

**बीकानेर, (निसं)।** सायबर थाना पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 31.71 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया है। आईजीएनपी कॉलोनी निवासी अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार जैन को फरवरी में व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर निवेश के लिए प्रेरित किया गया। आरोपियों ने वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराकर अलग-अलग खातों में पैसे जमा करवाए और अकाउंट में 1.47 करोड़ का मुनाफा दिखाया। रकम निकालने पर पैसे नहीं मिले तो पीड़ित ने हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई।

सायबर थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार इंदिरा गांधी नहर विभाग में अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार जैन को फरवरी माह में एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। यहां ग्रुप एडमिन ने खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताते हुए शेयर बाजार में निवेश

- रकम निकालने पर पैसे नहीं मिले तो पीड़ित अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार जैन ने हैल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई
- एफआईआर में पांच बैंक खातों का जिक्र किया गया है, जिनमें 31 लाख रुपए से ज्यादा का लेनदेन किया गया है

का सुझाव दिया। परिवादी ने बताया कि आरोपियों के कहने पर उन्होंने एक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों में किस्तों में कुल 31.71 लाख रुपए जमा करवा दिए। निवेश के बाद उनके अकाउंट में करीब 1.47 करोड़ रुपए का मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो रकम नहीं निकली। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने एसटीसीजी टैक्स के नाम पर करीब 23 लाख रुपए और जमा करवाने की मांग की। इसी दौरान परिवादी को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने सायबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने फर्जी तरीके से कई लोगों को निशाना बनाया है। निवेश के लिए अलग-अलग बैंक खातों का उपयोग किया गया। एफआईआर में पांच बैंक खातों का जिक्र किया गया है, जिनमें 31 लाख रुपए से ज्यादा का लेनदेन किया गया है।

# 12 हजार की रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने कार्रवाई करते हुए भरतपुर जिले के रूपवास थाना क्षेत्र में तैनात सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को बारह हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि भरतपुर एसीबी चौकी को शिकायत मिली थी कि परिवादी के भाई के खिलाफ दर्ज

- परिवादी के भाई के खिलाफ दर्ज मुकदमे में नाम निकालने की एवज में रिश्वत मांगी थी

मुकदमे में नाम निकालने की एवज में आरोपी एएसआई रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में ट्रेप कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी प्रवीण कुमार को 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। यह कार्रवाई एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव और महानिरीक्षक एस परिमला के सुपरविजन में की गई।

## डूंगरपुर में मछली ठेकेदार के कर्मचारियों पर हमला

**डूंगरपुर, (निसं)।** ओबरी थाना क्षेत्र स्थित लोडेश्वर बांध पर बदमाशों ने मछली ठेकेदार के कर्मचारियों पर हमला कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की और हजारों रुपये की मछली, मोबाइल फोन तथा अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मछली ठेकेदार तौसीफ पुत्र मियामद हुसैन ने ओबरी थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीती रात 12 से 15 युवक पावर बाइकों पर सवार होकर लोडेश्वर बांध पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों पर अचानक हमला कर दिया और उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। बदमाशों ने मारपीट के साथ लूटपाट और तोड़फोड़ को भी अंजाम दिया। वे करीब 90 किलो मछली लूटकर ले गए, जिसकी बाजार कीमत लगभग 25 हजार बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त, चार्जिंग पर लगे दो मोबाइल और 3-4 टॉर्च भी बदमाश अपने साथ ले गए।

# "स्टेपी ईगल" की प्रजाति को संरक्षण देने के लिए जोड़बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व चिन्हित

**बीकानेर, (निसं)।** जोड़बीड़ गिद्ध संरक्षण क्षेत्र वल्चर्स के साथ अब शिकारी पक्षी "स्टेपी ईगल" का भी ग्लोबल कंजर्वेशन हब कहलाएगा। इस साल 2200 से अधिक संख्या में शिकारी पक्षी जोड़बीड़ पहुंचे हैं। रेड कैटेगरी में शामिल इस प्रजाति के संरक्षण के लिए भारत की पहल पर दुनिया के 62 देशों ने मिलकर एक एक्शन प्लान बनाया है। लुप्त हो रही "स्टेपी ईगल" की प्रजाति को संरक्षण देने के लिए वैश्विक कार्य योजना में जोड़बीड़ कंजर्वेशन रिजर्व को एक महत्वपूर्ण संरक्षण स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, कन्वेंशन ऑन माइग्रेटरी स्पीशीज और रैप्टर्स माऊ नामक संस्था ने मिलकर मई 2025 में महत्वाकांक्षी

- रेड कैटेगरी में शामिल इस प्रजाति के संरक्षण के लिए भारत की पहल पर दुनिया के 62 देशों ने मिलकर एक एक्शन प्लान बनाया है
- जोड़बीड़ गिद्ध संरक्षण क्षेत्र वल्चर्स के साथ अब शिकारी पक्षी "स्टेपी ईगल" का भी ग्लोबल कंजर्वेशन हब कहलाएगा

ग्लोबल एक्शन प्लान तैयार किया है। इन तीनों संगठनों में दुनिया के 62 देशों की भागीदारी है। भारत ने इस कार्य योजना में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व डॉ. दाऊलाल बोहरा ने किया था।

"स्टेपी ईगल" राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण प्रजाति है। यह बड़ा शिकारी पक्षी प्राकृतिक कीट नियंत्रण में अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि यह रेगिस्तानी चूहों (जैसे जर्बिल) और स्पाइनी-टेल्ड लिज़र्ड जैसे सरीसृपों की संख्या को नियंत्रित कर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखता है। शीतकालीन प्रवास के दौरान यह पक्षी मध्य एशिया, मंगोलिया और रूस से भारत आता है, जो यूरेशियन स्टेपी क्षेत्र और अरावली रेंज के बीच ऐतिहासिक पारिस्थितिक संबंध को दर्शाता है। यह प्रजाति सीएमएस रैप्टर्स माऊ के अंतर्गत संरक्षित है, जो इसके अंतरराष्ट्रीय संरक्षण महत्व को दर्शाता है। दुनिया भर में "स्टेपी ईगल" की कुल आबादी लगभग 50,000 से 75,000 वयस्क पक्षी होने का अनुमान है।

**रेड लिस्ट में कब दर्ज :-** आईयूसीएन की रेड लिस्ट में इसे पहली बार 2015 में एंडेंजर्ड श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया था, क्योंकि इसकी आबादी में तेजी से गिरावट आई थी। स्टेपी ईगल एक बड़ा और शक्तिशाली शिकारी पक्षी है, जो अपने चौड़े पंखों और लंबी दूरी की उड़ान के लिए जाना जाता है। यह एक पूर्ण प्रवासी प्रजाति है, जो हर साल प्रजनन स्थलों यूरेशिया से लेकर अफ्रीका, अरब प्रायद्वीप और भारतीय उपमहाद्वीप तक 30 देशों की यात्रा करती है। भारत में राजस्थान और गुजरात इसके प्रमुख शीतकालीन आवास क्षेत्र हैं। इसे अंब्रेला प्रजाति के रूप में भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है कि इसके संरक्षण से इसके आवास में रहने वाली कई अन्य प्रजातियों को भी स्वतः ही सुरक्षा मिल जाती है।

डॉ. दाऊलाल बोहरा, वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ बीकानेर का कहना है कि इस वर्ष के शीतकालीन प्रवास (विंटर माइग्रेशन) के दौरान जोड़बीड़ में 2200 से अधिक स्टेपी ईगल दर्ज किए गए, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत किशोर पक्षी शामिल थे। यह संख्या जोड़बीड़ को पूरे दक्षिण एशिया में मध्य एशिया से आने वाले गिद्धों और अब स्टेपी ईगल के लिए सबसे बड़ी साइटों में से एक बनाती है।

# मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

## काकड़ा गांव में दो दलित युवक पानी की टंकी पर चढ़े

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के काकड़ा गांव में दलित दो युवक पानी की टंकी पर चढ़ गए। उन्होंने कहा कि मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया। कार्रवाई नहीं होने तक नीचे नहीं उतरेंगे। वहीं सूचना के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा।

जानकारी के अनुसार काकड़ा गांव में दलित युवकों के साथ मारपीट और अपशब्द कहने का मामला सामने आने के बाद से ही क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित पक्ष में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। आक्रोश के चलते दो युवक बीकानेर शहर के स्वर्ण जयंती नगर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। टंकी पर चढ़े युवकों ने साफ कहा है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वे नीचे नहीं उतरेंगे। इस घटना को लेकर जसरासर थाने में पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। युवकों ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए जल्द न्याय दिलाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने युवकों को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए समझाइश की। फिलहाल स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। फिलहाल प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

## संक्षिप्त

### 28 छात्राओं को दी साइकिलें

निवाई। राज्य सरकार की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विधायक रामसहाय वर्मा ने 28 छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरों पर खुशी नजर आई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य शिक्षा को आसान व सुलभ बनाना है। जिससे दूर-दराज क्षेत्र से आने वाली बेटियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में कुल 1430 छात्राओं को साइकिलें दी जाएंगी। जिनका वितरण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। विधायक ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वह पूरी लगन से पढ़ाई करें और अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बालिकाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व आसाराम ईसड़े सहित कई जनप्रतिनिधि, एसडीएमसी सदस्य, अभिभावक मौजूद थे।

### ट्रेक्टर सहित चालक गिरफ्तार

टोंक। अति. पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिंह सोलकी के निर्देशन में मोर थानाधिकारी मुकेश द्वारा गठित टीम ने अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के तहत थाना मोर क्षेत्र में नाकाबन्दी के दौरान मालपुरा-टोडारायसिंह रोड पर एक ट्रेलर मय अवैध बजरी से भरी हुई ट्रोली को जब्त किया जाकर चालक धर्मराज मीणा पुत्र रणजीत सिंह उम्र 31 साल निवासी लाम्बाकलां थाना मेहन्दवास को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के बाद थाना मोर पुलिस ने चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# गणगौर हेला ख्याल संगीत दंगल चढ़ा परवान पर, गीतों में झलकी देशभक्ति



समारोह में पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने कलाकारों को सम्मानित किया।

लालसोट। 276वां गणगौर हेला ख्याल संगीत दंगल रविवार देर रात शुरू होकर सोमवार दोपहर तक अपने पूरे शबाब पर पहुंच गया। गणगौर महोत्सव के तहत आयोजित इस दंगल में भाग ले रही विभिन्न गायन मण्डलियों ने अपनी अनूठी शैली में देश और प्रदेश की राजनीति, सामाजिक मुद्दों, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और देशभक्ति को गीतों में पिरोकर प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं।

गायन मण्डलियों ने दिल्ली से लेकर राजस्थान सरकार तक पर कटाक्ष करते हुए स्थानीय समस्याओं और जनभावनाओं को खुलकर मंच पर रखा। सोने की चिड़ियां बने मेरे भारत को लूटा इन नेताओं ने और फांसी पर लटके भगतसिंह भारत देश के लिए जैसे गीतों ने माहौल को जोशीला बना दिया। राधा रमण मण्डल गण्डाल ने राजनीतिक हालात पर तीखा व्यंग्य करते हुए प्रस्तुति दी, वहीं महाकाली मण्डल लालसोट और सैनी मण्डल लालसोट ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों के माध्यम से दर्शकों में जोश भर दिया। पारख मण्डल लालसोट ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर करारा व्यंग्य करते हुए जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया।

दंगल के दौरान स्वर्गीय हजारीलाल ग्रामीण अवार्ड इस बार तालेड़ा जमात के ईश्वरदास स्वामी, नाथूदास स्वामी और मुकेश स्वामी को संयुक्त रूप से समाजसेवी रमेशचंद्र ग्रामीण द्वारा 5100 रुपये नगद व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। परशुराम सर्किल पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा, विधायक रामबिलास मीणा, छोटू अमित जोशी, जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक विनोद सीपा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप तन्मय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान आगंतुक अतिथियों का हेला ख्याल संगीत दंगल समिति के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

276वें गणगौर हेला ख्याल संगीत दंगल का समापन मंगलवार सुबह सभी गायन मण्डलियों के सम्मान समारोह के बाद किया जाएगा। दंगल में कलाकारों ने सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों को जिस प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, उसने श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मण्डलियों की प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की और कलाकारों ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी।

# राजमेस के 1267 पदों को समाप्त किए जाने का जताया विरोध



कलेक्टर को मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा।

भरतपुर (निस)। राजमेस के अधीन संचालित 7 चिकित्सा महाविद्यालयों एवं नर्सिंग महाविद्यालयों में विभिन्न संवर्ग के स्वीकृत 1267 नियमित पदों को समाप्त करने के विरुद्ध नर्सेज एसोसिएशन द्वारा विरोध जताया गया! जिला संयोजक सत्यवीर सोगरवाल के नेतृत्व में नर्सेज ने मुख्यमंत्री के नाम

- 1267 पदों में से 746 पद नर्सिंग संवर्ग के हैं जिनको राजमेस के द्वारा समाप्त किया

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ! जिला संयोजक सत्यवीर सोगरवाल ने बताया कि 1267 पदों में से 746 पद नर्सिंग संवर्ग के हैं जिनको राजमेस के द्वारा समाप्त किया गया है पूरे प्रदेश में इन पदों पर लंबे समय से नियमित नर्सिंगकर्मी कार्यरत हैं!

राजमेस नियमित पदों को समाप्त कर इन पदों पर संविदा के द्वारा भर्ती करना चाहता है! राजमेस द्वारा श्रीजगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज भरतपुर में नर्सिंग ऑफिसर के 91 पद समाप्त किए गए हैं इन नियमित पदों को समाप्त करने से नर्सेज में भारी रोष व्याप्त है ! एसजीपी मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध आरबीएम अस्पताल और जनाना अस्पताल में हाल ही में नए विभाग जैसे सुपर स्पेशलिटी विंग,बर्न आईसीयू, मेडिकल आईसीयू ,सर्जरी आईसीयू ,ऑपरेशन थिएटर , गैस्ट्रोलॉजी, यूरोलॉजी आदि विभाग संचालित किए गए हैं ! 91 पदों को समाप्त करने से संभाग के सबसे बड़े आरबीएम चिकित्सालय एवं जनाना अस्पताल में नर्सिंग कर्मियों की भारी कमी हो जाएगी जिससे मरीजों के इलाज में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा! संभाग के सबसे बड़े चिकित्सालय आरबीएम में नर्सिंग कर्मियों की पहले से ही कमी चल रही है ! इन 91 नियमित पदों को समाप्त करने से संकट और गहरा हो जाएगा! आरबीएम चिकित्सालय में एक नई बिल्डिंग निर्माणाधीन है जिसके चालू होने पर और चिकित्सा कर्मियों की जरूरत होगी! नर्सेज संगठन माननीय मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री से मांग करना चाहता है की इन पदों पर कार्यरत नर्सेज कर्मियों के लिए नए पद सृजित किए जाएं या फिर इन पदों पर कार्यरत कार्मिकों को यथा स्थान पदस्थापित रखा जाए! इस मौके पर अभय प्रताप, उमाकांत, रतन सिंह ,अरविंद कुमार , कपूरचंद, लक्ष्मीकांत, लोकेंद्र, प्रीति, प्रीति जैन, प्रीति शर्मा, कविता कुमारी, बृजेश कुमारी, राधा कुमारी, राहुल, राजेश, नितेश कुमारी, सुनीता, संजू, लतेश ,कमलेश , करण सिंह आदि नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे !

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की M.L. No.123/1996, श्री सुभाष अग्रवाल को खनिज मार्बल, क्षेत्रफल 2.9422 हेक्टेयर व उत्पादन क्षमता 48,557 TPA, निकट ग्राम - गादरवाड़ा गुजरान, तहसील-बसवा, जिला दौसा, - (राजस्थान) में खनन के लिए पर्यावरण के पुनर्मूल्यांकन की स्वीकृति दिनांक 18.09.2024 को जारी की गयी हैं। पर्यावरण के पुनर्मूल्यांकन की स्वीकृति का फाइल क्रमांक No. RJ/24/SEAC2/MIN/EC/0664/Cat.B2/2023-24 जयपुर, दिनांक 18.09.2024 हैं । इसकी प्रति विभाग की वेबसाइट WWW.PARIVESH.NIC.IN पर उपलब्ध हैं।

### खोया पाया

मेरे मकान नम्बर 124/69 का अदेय प्रमाण पत्र (No Dues) कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- मो. 8824480095

मेरे मकान- 124/183 जिसका आवंटन पत्र, परपुचल (Perpetual Lease) एवं Conveyance Deed, Allottee कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें- 9571809351

भूखण्ड संख्या एफ/55, क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर, जेडीए स्कीम हरित विहार, वाटिका, तह. सांगानेर जिला जयपुर का जेडीए द्वारा जारी ओरिजीनल अलॉटमेन्ट लेटर कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। संजय यादव-मो.नं. 8209103792

### कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़, जिला-अजमेर (राज)

क्रमांक / नपकि / विकास / 2026 / 3200 दिनांक 18.03.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या - 40/2025-2026**

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी सिविल कार्यो में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाऍ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 19.03.2026 को 09:00 एएम से तथा प्राप्त करने की अन्तिम दिनांक 25.03.2026 को 06:00 पीएम तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526B3227

आयुक्त
नगर परिषद, किशनगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 23078

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू

कमांक / न.पा.चा. / 2026 / 9129 दिनांक :- 17.03.2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि इस नगर पालिका क्षेत्र स्थित विभिन्न भूखण्डों की निम्नानुसार पत्रावली / प्रार्थना पत्र मय साईट प्लान राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि के अकृषि उपयोग के अनुज्ञा एवं आवंटन नियमन 2012 के तहत् निस्तारण हेतु विचाराधीन है :-

| कं सं. | आवेदक का नाम | पिता / पति का नाम | भूखण्ड संख्या एवं योजना / कॉलोनी का नाम | क्षेत्रफल वर्गमीटर में | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विनोद कुमार देशवाल | घनानन्द देशवाल | भूखण्ड संख्या 50 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 167.17 | नियमन |
| 2 | विनोद कुमार देशवाल | घनानन्द देशवाल | भूखण्ड संख्या 49 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 167.17 | नियमन |
| 3 | विनोद कुमार देशवाल | घनानन्द देशवाल | भूखण्ड संख्या 48 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 167.17 | नियमन |
| 4 | विनोद कुमार देशवाल | घनानन्द देशवाल | भूखण्ड संख्या 47 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 167.17 | नियमन |
| 5 | विनोद कुमार देशवाल | घनानन्द देशवाल | भूखण्ड संख्या 46 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 167.17 | नियमन |
| 6 | मुकेश कुमार मीना | कल्याण मल मीना | भूखण्ड संख्या 415 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 92.96 | नियमन |
| 7 | भरत सिंह राजावत | दशरथ सिंह राजावत | भूखण्ड संख्या 407 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 92.96 | नियमन |
| 8 | कमोज मीना | दीपक मीना | भूखण्ड संख्या 408 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 92.96 | नियमन |
| 9 | वाई. एन. इंडस्ट्रीज जरिये पार्टनर नितिन गर्ग एवं योगेश कुमार अग्रवाल | | भूखण्ड संख्या 277 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 275.21 | नियमन |
| 10 | वाई. एन. इंडस्ट्रीज जरिये पार्टनर नितिन गर्ग एवं योगेश कुमार अग्रवाल | | भूखण्ड संख्या 276 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 139.29 | नियमन |
| 11 | वाई. एन. इंडस्ट्रीज जरिये पार्टनर नितिन गर्ग एवं योगेश कुमार अग्रवाल | | भूखण्ड संख्या 275 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 139.29 | नियमन |
| 12 | वाई. एन. इंडस्ट्रीज जरिये पार्टनर नितिन गर्ग एवं योगेश कुमार अग्रवाल | | भूखण्ड संख्या 274 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 139.29 | नियमन |
| 13 | वाई. एन. इंडस्ट्रीज जरिये पार्टनर नितिन गर्ग एवं योगेश कुमार अग्रवाल | | भूखण्ड संख्या 273 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 139.29 | नियमन |
| 14 | वाई. एन. इंडस्ट्रीज जरिये पार्टनर नितिन गर्ग एवं योगेश कुमार अग्रवाल | | भूखण्ड संख्या 272 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 139.29 | नियमन |
| 15 | वाई. एन. इंडस्ट्रीज जरिये पार्टनर नितिन गर्ग एवं योगेश कुमार अग्रवाल | | भूखण्ड संख्या 271 "स्वर्ण नगरी" ग्राम बीड संतोषपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर | 139.29 | नियमन |
| 16 | रानी | अमरपाल निमेश | भूखण्ड संख्या 29 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 97.00 | नियमन |
| 17 | अमित कुमार जैन | अशोक कुमार जैन | भूखण्ड INFORMAL "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 178.46 | नियमन |
| 15 | अशोक कुमार जैन | चिरंजी लाल जैन | भूखण्ड संख्या 54 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 80.14 | नियमन |
| 19 | मुकेश कमार | श्रीमन मीना | भूखण्ड संख्या 18 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 113.87 | नियमन |
| 20 | सीनू जैन | अमित कुमार जैन | भूखण्ड संख्या 55 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 78.05 | नियमन |
| 21 | मुकेश मीना | श्रीमन मीना | भूखण्ड संख्या 19 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 113.79 | नियमन |
| 22 | शुभम गुप्ता | सत्यनारायण गुप्ता | भूखण्ड संख्या 74 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 83.61 | नियमन |
| 23 | विष्णु कुमार सोनी | मनीराम सोनी | भूखण्ड संख्या 73 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 83.61 | नियमन |
| 24 | पूनम सोनी | विष्णु कुमार सोनी | भूखण्ड संख्या 72 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 83.61 | नियमन |
| 25 | वीणा गुप्ता | मदन मोहन मितल | भूखण्ड संख्या 75 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 83.61 | नियमन |
| 26 | शोएब खान | मोहम्मद यामीन | भूखण्ड संख्या 48 "जयपुर प्राईड" चाकसू जिला जयपुर | 83.61 | नियमन |
| 27 | ललित कुमार शर्मा | विष्वनाथ शर्मा | भू.स. 35, सुन्दर नगर, नगर पालिका के पीछे, सूरजकुण्ड रोड, चाकसू, जयपुर | 183.33 वर्गगज | नियमन |
| 28 | गिर्राज प्रसाद मीणा | कालूराम मीणा | दू0स0 ST-51, संजीवनी रॉयल्स, ब्लॉक टीटी, फागी रोड, चाकसू, जयपुर | 55.70 वर्गमीटर | नियमन |
| 29 | महेन्द्र शर्मा | नाथू लाल शर्मा | दू0स0 ST-50, संजीवनी रॉयल्स, ब्लॉक टीटी, फागी रोड, चाकसू, जयपुर | 55.70 वर्गमीटर | नियमन |
| 30 | राम किशोर | जगदीश नारायण | दूकान संख्या 4 का पश्चिम भाग, आईडीएसएमटी आवासीय योजना, कोटखावदा रोड, वार्ड नं. 19, चाकसू | 33.44 वर्गमीटर | पट्टा नवीनीकरण |
| 31 | सोहन लाल शर्मा | जगदीश प्रसाद शर्मा | दुकान संख्या 5 व दुकान संख्या 4 का पूर्वी भाग आईडीएसएमटी आवासीय योजना, कोटखावदा रोड, वार्ड नं. 19, चाकसू | 50.16 वर्गमीटर | पट्टा नवीनीकरण |
| 32 | अब्दुल रसीद | हुसैन खॉ | वार्ड नं. 17, नया 32, मोहल्ला नागोरियान, चाकसू, जयपुर | 124.00 वर्गगज | नियमन |
| 33 | चम्पेश्वर शर्मा | किशन लाल शर्मा | भू.सू. 37, मंगल विहार, वार्ड नं. 15, सूरज कुण्ड रोड, चाकसू, जयपुर | 184.45 वर्गगज | नियमन |

उक्त भूमि के नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति हैं तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर-2 इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जावेगी एवं तदानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।

उक्त सूचना आज दिनांक 17.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया।

राज.संवाद / सी / 25 / 22996 अधिशाषी अधिकारी

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 30/2026

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री गंगा सहाय शर्मा ने पंजीकृत प्रन्यास श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर ट्रस्ट ग्राम महापुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 34/जयपुर/2015 है के सम्बन्ध मे राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रपत्र-8 प्रस्तुत किया जिसमें उनके द्वारा प्रन्यासी श्री जमना सहाय शर्मा द्वारा त्याग पत्र देने के कारण उनका नाम प्रन्यास रिकार्ड से हटाने तथा श्री दुर्गाशंकर को नवीन प्रन्यासी नियुक्त कर उनका नाम प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख किये जाने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 22.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1358

चूंकि प्रार्थी श्री GOBIND BOUOMAL GURBANI, 126, BIRJOMAL MARG BANI PARK JAIPUR-302016 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सिंधी अधिकार मंच एसोसिएशन A405BI ROAD NO. 9F VKI AREA JAIPUR-302013 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर - 0141-4901853

क्रमांक : 887 **आम जाहिर सूचना** दिनांक : 19.03.2026

राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर आवास संख्या **7/14 मालवीय नगर जयपुर, 122.50 वर्ग मीटर** का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक **1303** दिनांक **22/10/1997 श्री सुनील डागा पुत्र श्री इन्द्र चन्द डागा** के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक **12/02/1998** को करवाया गया। **श्री सुनील डागा** की मृत्यु दिनांक **13/05/2025** को हो जाने के कारण **श्रीमती कविना डागा पत्नी स्व. श्री सुनील चन्द डागा** के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्रीमती कविना डागा पत्नी स्व. श्री सुनील चन्द डागा** के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर**

### इतलानामा बनाम रेस्पोडेन्ट

**न्यायालय अतिरिक्त जिलाधीश तृतीय जयपुर जिला जयपुर।**

**रेफरेन्स प्रार्थना पत्र संख्या 05/2025**

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 82 एल.आर.एक्ट**

**अभिनन्दन कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री राम कंवार शर्मा उम्र 81 वर्ष जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम ठाकुरसी का बास, तहसील जोबनेर जिला जयपुर ...प्रार्थी**

**बनाम**

**राजस्थान सरकार व अन्य**

ओमप्रकाश पुत्र गजानन्द, यशोदा नन्दन पुत्र गजानन्द, जयप्रकाश पुत्र गजानन्द, महेश कुमार पुत्र गजानन्द, रमेश कुमार पुत्र गजानन्द, बाबूलाल पुत्र दामोदर शर्मा सुरेश कुमार पुत्र दामोदर शर्मा, कानाराम पुत्र बोदूराम, सुखदेव पुत्र बोदूराम, गोपाल पुत्र नारायण, हीरालाल पुत्र नारायण, उदाराम पुत्र रूथाराम, गोपाल पुत्र रूथाराम, लालाराम पुत्र रूथाराम, गोरूराम पुत्र श्योला ढाका समस्त निवासीगण ग्राम ठाकुरसी का बास, तहसील जोबनेर जिला जयपुर। जगदीशचन्द्र पुत्र राम लाल, शिवकुमार पुत्र रामलाल, ऋषि कुमार पुत्र रामलाल, इन्दिरा पत्नी गोपालकृष्ण, जिज्ञासा पुत्री गोपालकृष्ण, लक्ष्य पुत्र गोपाल कृष्ण, जितेन्द्र कुमार पुत्र माता प्रभाजी, तनिश्का पुत्री कमल किशोर, दीनदयाल पुत्र कृष्ण, पवन कुमार पुत्र कृष्ण, धीरेन्द्र पुत्र हरिशचन्द्र, सुरेन्द्र कुमार पुत्र हरिशचन्द्र समस्त निवासीयान शिव शक्ति आरोग्य भवन, बडा मन्दिर के पास, किशनगढ रेनवाल जिला जयपुर राजस्थान

मुतिला हो कि रेफरेन्स बिनाराजी व तारीख 30.10.2025 इस मुकदमें में अभिनन्दन कुमार ने पेश किया है और इस अदालत की तजबीज 09.04.2026 ई. वास्ते समाअत इस रेफरेन्स के मुकर्रर की गयी है। अगर खुद आप या आपके वकील या कोई और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से रेफरेन्स हाजा में जवाब व सवालात करने का माजज हो हाजिर न आवेगा तो इसकी समाअत और की जावेंगे।

आज तारीख 19 माह 03 सन् 2026 ई. मेरे दस्तखत, मोहर अदालत से जारी किया।

मोहर अदालत

**अतिरिक्त कलेक्टर**
**अति. जिला मजिस्ट्रेट्र (तृतीय) जयपुर**

### नाम परिवर्तन

हम नारायण कन्दोई एवं पूनम निवासी वार्ड नं. 31, चौधरी मार्ग, सरदारशहर चूरू, राजस्थान-331403 हमने हमारी पुत्री का नाम इशिका से बदलकर इशिका कन्दोई रख लिया है। भविष्य में इशिका कन्दोई के नाम से जाना जावें।

मैंने अपना नाम हेमंत कुमार से बदलकर हेमंत कुमार करमचंदानी कर लिया है। हेमंत कुमार करमचंदानी पुत्र श्री लखीराम करमचंदानी निवासी 182/116 कुंभा मार्ग, साइंस यूनिवर्सिटी, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302033

मैंने अपना नाम संजय कुमार से बदलकर संजय कुमार माहेश्वरी पुत्र जीवराज 100, गोविन्द नगर ईस्ट, आमेर रोड, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें।

I miss poonam kanwar legally daughter of army no. 1070213F Ex DFR Ratan Singh Rathore resident of plot no. 45 mahant colony khatipura jaipur that I want to change my name in record POONAM KANWAR TO POONAM RATHORE vide affidavit dated 18 March 2026 before district sub majistrate jaipur.


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


### कार्यालय नगर पालिका जोबनेर जिला जयपुर

क्रमांकः न.पा.जो. / 2025-26 / 3509-3511 दिनांक 19.03.2026

(सार्वजनिक सूचना)
प्रारूप-5 (नियम 6(2))

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका मण्डल जोबनेर में 69 क / स्टेट ग्रान्ट / खांचा भूमि पटटा / नामान्तरण / निमार्ण ईजाजत के तहत् निम्न लिखित पत्रावलियां विचाराधीन है। अगर इन सम्पतीयों का निस्तारण करने में किसी को कोई आपति हो तो 7 दिवस के अन्दर मियाद अपनी आपति सबूतों सहित पालिका में दर्ज करवा सकते है। अवधि पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी व नियमानुसार अग्रीम कार्यवाही की जायेगी।

**69क / स्टेट ग्रान्ट पट्टा / खांचा भूमि पटट्ा**

| क्रं. सं. | आवेदक का नाम मय पिता / पति | वार्ड / कॉलोनी / गली का नाम | आसे पासे का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | आवासीय / व्यावसायिक | क्षेत्रफल (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेश कुमार व श्री जगदीश प्रसाद मोहिल पुत्र श्री नारायण लाल | वार्ड सं. 07 रैगरों का मोहल्ला जोबनेर | श्री रामाकिशन पुत्र श्री छोटूराम मौर्य की जमीन | श्री बालूराम रैगर की जमीन | श्री हुक्मा रैगर का मकान | जेबनेर कालवाड रोड | आवासीय | 177.77 वर्गगज |
| 2. | श्री संगीता भूतिया पत्नी श्री सत्यप्रकाश भूतिया | भूतियो कमा मोहल्ला जोबनेर | श्री नाथू लाल अग्रवाल की दुकान | श्री अनाखी लाल सोनी की दुकान | आम रास्ता 10 फिट0 | श्री राधाकिशन मीणा का मकान | व्यावसायीक | 16.80 वर्गगज |
| 3. | श्री शान्ति कुमार जैन पुत्र श्री तेजकरण जैन | जैन मोहल्ला जोबनेर | श्री भागचन्द जी बडजात्या का बाडा | आम रास्ता | श्री अनिल पाटनी का मकान | श्री भागचन्द व सोहन लाल का मकान | आवासीय | 142.23 वर्गगज |
| 4. | श्री बाबूलाल मीणा पुत्र श्री केशर लाल मीणा | वार्ड न. 09 मीणो का मोहल्ला जोबनेर | अन्य की जमीन | रामलाल, मदन लाल मीणा का भूखण्ड | पुराना बाजार का रास्ता | कल्याण जी का मन्दिर | आवासीय | 101.84 वर्गगज |
| 5. | श्री मूल चन्द मीणा पुत्र श्री केशर लाल मीणा | वार्ड न. 09 मीणो का मोहल्ला जोबनेर | अन्य की जमीन | रामलाल, मदन लाल मीणा का भूखण्ड | पुराना बाजार का रास्ता | बाबूलाल मीणा का मकान | आवासीय | 18.75 वर्गगज |
| 6. | श्री बजरंग लाल मीणा पुत्र श्री केशर लाल मीणा | वार्ड न. 09 मीणो का मोहल्ला जोबनेर | अन्य की जमीन | रामलाल, मदन लाल मीणा का भूखण्ड | पुराना बाजार का रास्ता व ओम जी की दुकान | मूल चन्द मीणा का मकान | आवासीय | 101.84 वर्गगज |
| 7. | श्रीमति मीना देवी पत्नि श्री मुरारी लाल | गुजराती मोहल्ला जोबनर | श्री शिवप्रसाद जी केसोट का मकान | आम रास्ता | श्री नारायण पारिका का नोहरा | श्री बनवारी लाल, बजरंग लाल का मकान | आवासीय | 77.85 वर्गगज |
| 8. | श्रीमति रेणु अग्रवाल पत्नि श्री राजेन्द्र अग्रवाल | भूतियो का मोहल्ला जोबनेर | श्री ओमप्रकाश भूतिया का मकान | श्री गोपाल जी सकलीगर | स्वमं का पटटा सूदा मकान | आम रास्ता | आवासीय | 37.10 वर्गगज |

**निमार्ण ईजाजत**

| क्रं. सं. | आवेदक का नाम मय पिता / पति | वार्ड / कॉलोनी / गली का नाम | आसे पासे का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | आवासीय / व्यावसायिक | क्षेत्रफल (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बजरंग लाल शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा | वार्ड नं.04 गणेश चोक केसोटो का मोहल्ला जोबनेर | श्री राधेश्याम बडागणा का मकान | आम रास्ता | आम रास्ता | श्री सीताराम जी कैसोट का मकान | आवासीय | 158.19 वर्गगज |
| 2. | भूतिया अतिथी गृह जरिये तेजपाल भूतिया पुत्र स्वं श्री जगदीश प्रसाद भूतिया | रेनवाल रोड जोबनेर | श्री मालचन्द कुमावत व श्री गोविन्द अग्रवाल का नोहरा | रेनवाल रोड | आम रास्ता | आम रास्ता | संस्थानिक | 1235.47 वर्गगज |

राज.संवाद / सी / 25 / 23075 अधिशाषी अधिकारी

राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

# कार्यालय- देवनारायण राजकीय आवासीय विद्यालय

**गुडला, जिला-करौली ( राज. )**

क्रमांक: 1555 दिनांक: 22.03.2026

## विज्ञप्ति

श्रीमान अतिरिक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (राईस) के पत्र क्रमांक: एफ (A) स्था/राईस/गैस्ट फैकल्टी/2022/ई-01965 राजकाज रेफ नं. 20951949 दिनांक 17/03/2026 एवं वित्त (सामा. वित्तीय एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांक प-6 (2) वित्त/सा.वि.ले.नि./2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 एवं संशोधन परिपत्र दिनांक 07.08.2023 की अनुपालना में राईस जयपुर के नियंत्रणाधीन राजकीय बालक आवासीय विद्यालय गुड़ला (करौली) के लिए "विद्या संबल योजना" के अन्तर्गत निम्नांकित पदों के विरूद्ध RSR सेवा नियमों में अंकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वो सेवानिवृत कार्मिक/निजी अभ्यर्थियोंं से परिपत्र में वर्णित दरो पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अधीन गैस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन की अंतिम तिथि 30.03.2026 सांय 4.00 बजे तक रहेगी चयन प्रक्रिया में चयन समिति का निर्णय अन्तिम एंव सर्वमान्य होगा।

**रिक्त पदो का विवरण**

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्त पदो की संख्या | विषय एवं योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | PHYSICS - 01 | राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधिनस्थ) सेवा नियम 2021 में वर्णित प्रावधान के अनुसार |
| 2 | अध्यापक L-2 | अंग्रेजी-01 | राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधिनस्थ) सेवा नियम 2021 में वर्णित प्रावधान के अनुसार |
| 3 | प्रयोगशाला सहायक | PHY. -1<br>CHE.-1<br>BIO. - 1 | राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधिनस्थ) सेवा नियम 2021 में वर्णित प्रावधान के अनुसार |

प्रधानाचार्य
देवनारायण राजकीय बालक आवासीय विद्यालय- गुड़ला ( करौली )

# शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू का बलिदान दिवस समारोह मनाया

## भगत सिंह चौराहे को रंग बिरंगे बैनर व झण्डों से सजाया

**अलवर।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू का 95वां बलिदान दिवस समारोह आज जोशखरोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिये भगत सिंह चौराहे को रंग बिरंगे बैनर व झण्डों से सजाया गया। चौराहे पर प्रात: से ही देशभक्ति के गीतों ने माहौल को जोशमय बना दिया।

शहीद भगतसिंह बलिदान दिवस समारोह समिति के संयोजक जोगेन्द्र सिंह कोचर एवं सचिव प्रमोद मलिक ने बताया कि आज प्रात: 8 बजे भगत सिंह चौराहे पर बडी तादाद में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर आजादी के आन्दोलन में कुर्बानी देने वाले सभी शहीदों को नमन किया।



वन मंत्री संजय शर्मा, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने शहीद भगत की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।

■ लोगों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर आजादी के आन्दोलन में कुर्बानी देने वाले सभी शहीदों को नमन किया

इस अवसर पर कब्बाल हुकमचन्द रौनक एण्ड पार्टी ने "ऐसे माहौल पर इल्जाम लगाते क्यों हो, आग के शहर में बारूद बनाते क्यों हो" "हमे इन्सानियत का दीप हर दिल में जलाना है, हमे इन मन्दिरो-मस्जिदों के झगड़ों को मिटाना है, मेरा भारत निराला है जमाने भर से ए अंजुम, हमें इस देश के हर एक मजहब को बचाना है" "कह गये देश पर मरने वाले, यह वतन है तुम्हारे हवाले" जैसे नगमे सुनाकर लोगों को झूमने के लिये मजबूर कर दिया।

शहीद भगत की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने वालों में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, एमिड के सचिव नूर मोहम्मद, दीवानचन्द सेतिया, अपना घर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी, हरमीत सिंह मेहन्दीरत्ता, भाजपा अलवर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, महासचिव हरिशंकर रावत, जिला मेव पंचायत के सदर शेर मोहम्मद, उद्योगपति शशांक झालानी, डॉ. जीवन सिंह मानवी, अशोक आहूजा, डॉ. रामानन्द यादव, सुनील बिल्खा, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश गुप्ता, शरद शर्मा, राजेश रवि, जिनेश जैन, सुनील जैन, रमेश जुनेजा, मूलचन्द गुर्जर, अमरदीप सिंह, तेजपात सैनी, पुरूषोत्तम मिश्रा, भारत कपूर, भरत सिंह अहरोदिया, रामचरण राग, दीपक पंडित, रेणु मिश्रा, मंजू शर्मा, प्रदीप पंचोली, प्रणाली पराते, रूकसाना खान, सेवक सिंह, संदीप पंडित, अनिल चुध, पं. जले सिंह सहित अनेक अनेक विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**अलवर।** राजस्थान के विकास की धुरी कहे जाने वाले ग्राम विकास अधिकारी अब अपनी लंबित मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। सोमवार को अलवर जिला मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी संघ के बैनर तले जिले भर के ग्राम सेवकों ने विरोध प्रदर्शन किया। अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर आक्रोशित अधिकारियों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में ग्राम विकास अधिकारियों की पदोन्नित की प्रक्रिया पिछले कई वर्षों से अटकी हुई है। वर्तमान में पूरे प्रदेश में सहायक विकास अधिकारी के करीब ढाई हजार पद, अतिरिक्त विकास अधिकारी के ढाई सौ पद और विकास अधिकारी के लगभग दो सौ पद खाली पड़े हैं।

■ अलवर जिला मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी संघ के बैनर तले जिले भर के ग्राम सेवकों ने विरोध प्रदर्शन किया

यादव ने आरोप लगाया कि सरकार इन महत्वपूर्ण पदों को भरने के बजाय अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार देकर काम चला रही है। इस वैकल्पिक व्यवस्था के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य पूरी तरह चौपट हो गए हैं और निचले स्तर के अधिकारियों पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी अनदेखी के कारण पूरे प्रदेश के संवर्ग में भारी रोष व्याप्त है। ग्राम विकास अधिकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से वेतन विसंगति को दूर करने और एक पारदर्शी तबादला नीति लागू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक इस पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है। उनकी मुख्य मांगों में संवर्ग का कैडर स्ट्रेंथन करना और पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन के अनुपात में पदों का सृजन करना शामिल है। बजट घोषणाओं की पालना नहीं होने से भी कर्मचारियों में नाराजगी है।

# जागरूकता शिविर आयोजित

**बौंली -बामनवास।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सवाई माधोपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सचिव के निर्देशानुसार 23 मार्च सोमवार को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारोंको लेकर एक विधिक जागरूकता शिविर चिकित्सा बौंली के सभागार में आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता न्यायाधीश एवं विधिक सेवा तालुका बौंली के अध्यक्ष विकास नेहरा ने की। आयोजित शिविर में पैनल अधिवक्ता अनिल कुमार शर्मा, मोहम्मद जाहिद शिरवानी, गणपत लाल गुर्जर एवं अधिकार मित्र बामचंद्र भदोरिया ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को लेकर विभिन्न जानकारियां दी।

कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमंत कुमार, डॉक्टर नवल किशोर, समाज कल्याण विभाग के हरिराम, पंकज कुमार सहित अनेकों कर्मचारी व आमजन उपस्थित थे।

# महात्मा ज्योतिराव फुले के स्टेच्यू तोड़ने का विरोध

**भरतपुर।** भरतपुर के सूरजपोल इलाके में एक ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया किया जा रहा है। जिसको लेकर सड़क के दोनों तरफ निर्माणों को तोड़ा जाएगा। चौराहे पर एक 2 सौ साल पुराना मंदिर भी है। मंदिर के बगल में महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा है उसे भी तोड़ने के लिए प्रशासन तैयारी कर रहा है। मंदिर और स्टेच्यू तोड़ने के विरोध में आज सर्व समाज ने शहर के सूरजपोल चौराहे से एक रैली निकाली। रैली का समापन कलक्ट्रेट पर हुआ। रैली में महिलाएं बच्चे भी शामिल रहे। महिला भजन कीर्तन करती हुई कलेक्ट्रेट पर पहुंची। जिसके बाद 11 लोग कलेक्टर से मिलने के लिए गए। यदुवंशी सैनी समाज के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा भरतपुर का निरीक्षण किया गया था। भरतपुर में चारों तरफ विकास कार्य चल रहे हैं। सूरजपोल चौराहे पर 2 सौ साल पुराना हनुमान भगवान का मंदिर है। निरीक्षण के दौरान मंदिर को अतिक्रमण माना था।

# 'फ्लैगशिप योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें'

**भरतपुर ।** जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क, पेयजल, चिकित्सा, बिजली एवं शिक्षा सहित विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

■ जिला कलक्टर ने नालों की सफाई, पेंशन सत्यापन व योजनाओं में तेजी लाने पर जोर



जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बिजली एवं शिक्षा सहित विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिला कलैक्टर ने समाज कल्यान विभाग के कार्य पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के सत्यापन कार्य में धीमी गति पर कार्य करने पर नराजगी जताई। उन्होने समीक्षा के दौरान नगर निकाय क्षेत्रों में धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को टीम गठित कर विशेष अभियान चलाने तथा लाभार्थियों के परिजनों से लिखित सत्यापन रिपोर्ट लेने बात कही।

उन्होंने सभी अधिकारियों को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं विभागीय कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावी क्रियान्वयन से ही जिले की राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार संभव है।

जिला कलक्टर ने नगर निगम सचिव को शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि बड़े नालों को चिन्हित कर उनकी नियमित साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार के लिए शीघ्र निविदा प्रक्रिया शुरू की जाए।

उन्होंने वर्षा ऋतु से पूर्व आगामी तीन महीनों में सभी मुख्य नालों की सफाई के लिए गूगल मैप आधारित कार्ययोजना तैयार कर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां दी

**निवाई।** शहर के मायला कुण्डों पर स्थित श्री संतोषी माता जी के मंदिर परिसर में नवरात्रि के महोत्सव पर चल रहे एकादश कुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ में सोमवार को श्रद्धालुओं ने हवन कुण्डों में आहुतियां दी गई।

यज्ञ के दौरान मंत्रोचारण से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु विनोद खंगार ने बताया कि संत रामगोपालदास महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह 9 से 4 बजे तक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने पचेवर में प्रेरणा क्लस्टर का दौरा किया

**टोंक।** महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में सोमवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने प्रेरणा क्लस्टर पचेवर का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने क्लस्टर की कार्यप्रणाली का विस्तार से अवलोकन किया तथा वहां संचालित सेनेटरी नेपकिन निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया।

क्लस्टर मैनेजर सीमा राठौड़ तथा अन्य समूह महिलाओं से संवाद कर क्लस्टर ग्राम संगठन ओर समूह की कार्य प्रणाली की जानकारी ली और उनके कार्य की सराहना की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार ने राजीविका के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में महिलाओं को लाभान्वित कर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में बताया।

इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नितेश जैन व राजीविका के जिला प्रबन्धक मुरारीलाल मीणा भी उनके साथ मौजूद रहे।

दौरे के दौरान अधिकारियों ने क्लस्टर के बेहतर संचालन और उत्पाद की गुणवत्ता को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल को अपने लिए रोजगार का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन

**कोटपुतली ।** राजस्थान सरकार द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष चरण का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिनांक 23 मार्च से 30 मार्च, तक विशेष चरण के रूप में चलाया जा रहा है।

■ कलेक्टर ने कहा कि उक्त कार्यक्रमो का उद्देश्य वंदे मातरम् के महत्व और इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है

इस विशेष चरण के दौरान, प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव तथा वंदे मातरम् के इतिहास से जुड़े हुये वीर शहीदों और योद्धाओं को केन्द्रित कर विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।




शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा एवं वंदे मातरम् के इतिहास और महत्व पर व्याख्यान व चर्चा का आयोजन किया।

इसी शृंखला में सोमवार को जिले के शैक्षिणक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ जिला कलेक्ट्रेट, स्थानीय निकाय क्षेत्रों और तहसील स्तर पर महत्वपूर्ण स्थानों पर वंदे मातरम् (पूरा गाना) का सामूहिक गायन किये जाने के साथ साथ स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा एवं वंदे मातरम् के इतिहास और महत्व पर व्याख्यान और चर्चा का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में कोटपुतली-बहरोड़ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण की उपस्थिति में सभी कलेक्ट्रेट अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि उक्त कार्यक्रमो का उद्देश्य वंदे मातरम् के महत्व और इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है।

# 'बदमाशों के लिए राजस्थान सरकार का बुलडोजर खड़ा है'

**टोंक।** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का युवा संवाद यात्रा के तहत टोंक आगमन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया, वही भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान युवा संवाद कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने भाजपा कार्यालय पर युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को केंद्र में रखकर अपनी राजनीति और नीतियों को आगे बढ़ा रही है, केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही हैं। भाजपा सरकार की नीतियां रोजगार, शिक्षा और स्वावलंबन को केंद्र में रखकर बनाई जा रही हैं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 2026 में अलग-अलग विभागों में युवाओं के लिए एक लाख से अधिक सरकारी भर्ती निकालकर कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है, ताकि निर्धारित समय पर परीक्षा हो तथा भर्ती प्रक्रिया पूरी होकर पात्र युवाओं को रोजगार मिले। आगे गोरा ने कहा कि 2018 में कांग्रेस पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का नाम लेकर सत्ता में आई थी, कांग्रेस ने किसान जातियों को गुमराह करके भ्रम फैलाया था। सचिन पायलट को ही अपनी सरकार के खिलाफ पदयात्रा अजमेर से जयपुर करनी पड़ी, अपनी मांगों के लिए अपने ही विधायकों को लेकर मानेसर बैठना पड़ा। मुझे लगता है कि सचिन पायलट की कांग्रेस में ही अपने ही नेताओं से लड़ाई है, वो कहां तक पहुंच पाएंगे ये तो कांग्रेस पार्टी ही तय कर पाएगी, नेता-प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा में भी नहीं बन रही।

गोरा ने गत दिनों टोंक शहर में हुई पथराव की घटना को लेकर कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे बदमाशों के लिए राजस्थान सरकार का बुलडोजर तैयार हैं, लेकिन उनके लिए अभी भी कांग्रेस में संकट है, क्योंकि अन्य नेता है उनमें और आपस में पटरी बैठ नहीं पाती है। आगे पायलट का क्या होगा मुझे पता नहीं। पिछली बार पायलट के साथ जो हुआ उसे राजस्थान की जनता भूली नहीं है, जनता समझ चुकी है।

# क्रांतिकारी वीरों को श्रद्धांजलि

**निवाई।** अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वक्ताओं ने शहीदों के जीवन, उनके संघर्ष, त्याग व देश के प्रति समर्पण पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इन महान क्रांतिकारियों का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज व देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर योगराज गंगवाल, सीएम गंगवाल, मोहन सालोदिया, चिरंजीलाल मधुकर, मनोज वर्मा, ताराचंद वर्मा, एडवोकेट मुकेश सालोदिया, ललित बैरवा, तेजकरण बैरवा, रघुनंदन बैरवा, किशन संगत, सुनील वर्मा, प्रमोद गंगवाल, संगठन सचिव रमेश सांवलिया, संगठन सचिव पदम जाबड़ोलिया, संगठन मंत्री ओमप्रकाश नागर, संगठन मंत्री महेन्द्र परिड़वाल, महेन्द्र गोमल, राधेश्याम मीमरोठ, प्रवक्ता धनराज नकवाल, पवन वर्मा, अजय मधुकर, दिनेश बैरवा, रोहित मधुकर, राजू बैरवा, भारत जोलिया, नरेश बैरवा, भारत वर्मा, बनवारीलाल वर्मा, मुकेश बैरवा, मोनू बैरवा व सुरेश बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### डॉ. गर्ग ने विद्यालय कच्ची बस्ती में कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया



**भरतपुर ।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने रणजीत नगर की गोकुल नगर स्थित कच्ची बस्ती में राजकीय प्राथमिक विद्यालय में भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेस लिमिटेड की आरे से नवनिर्मित दो कक्षा कक्षों का लोकार्पण कर विद्यार्थियों व शिक्षकों लिये समर्पित किया। विद्यालय के कक्षा कक्षों का लोकार्पण कर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने समारोह को सम्बोधित करते हुये षिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि शिक्षा का समाज के विकास में महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा के माध्यम से ज्ञान बुद्धिमता व समझदारी बढती है। उन्होंने अभिभावकों से आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को पढा लिखाकर योग्य बनाये। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज विकसित समाज होता है और जहां षिक्षा होती है वहां विकास की संभावनायें बढती हैं। उन्होंने अपने बच्चों को षिक्षा को प्रोत्साहित कर नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आव्हान किया। इस मौके पर उनका क्षेत्रिय लोगों ने माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बीईएसएल के सीईओ आकाश सक्सैना ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। लोकार्पण समारोह में पूर्व पार्षद जगदीश सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राधेष्याम मडरपुर, सीडब्ल्यूसी के पूर्व सदस्य मदनमोहन शर्मा, विनोद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### नेता प्रतिपक्ष जूली ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**अलवर।** शहीद दिवस के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भगत सिंह सर्किल पहुंचकर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने ने शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान, शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने शहीदों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अपना अमूल्य योगदान दिया और अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा इन वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

### फुलेरा में मुख्यमंत्री का स्वागत

**फुलेरा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को जोबनेर स्थित ज्वाला माता से शाकंभरी माता के दर्शन एवं अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए जाते हुए फुलेरा आगमन पर राजस्थान विप्र महासभा के तत्वावधान में परशुराम भवन विप्र वाटिका जोबनेर रोड के सामने ब्राह्मण बंधुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। महासभा अध्यक्ष राजू दाधीच के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का माला, साफा पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं बालिका मानवीका वशिष्ठ एवं उमा शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री का दुपट्टा पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। इस अवसर पर सभापति यादराम जोशी, नंदकिशोर शर्मा, महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, नटवरलाल शर्मा, नवनीत शर्मा, तनिष्क गौड़, हर्षिक गौड़, रामप्रसाद जोशी, श्याम सुंदर, आदित्य दाधीच, भरत शर्मा, प्रेमशंकर शर्मा सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# 'अधिकारी प्रतिदिन शिकायतकर्ताओं से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर फीडबैक लेवें'

**खैरथल।** जिला सचिवालय खैरथल पर सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई । बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और लंबित कार्यों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के अतिरिक्त जिला कलेक्टर की ओर से निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 30 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को उन्होंने तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए कहा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ताओं से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करें और उनसे फीडबैक प्राप्त करें तथा उसका विधिवत रिकॉर्ड संधारित करें, जिससे निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने समीक्षा बैठक ली

■ खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा बैठक में लंबित कार्यों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए दिए निर्देश

इसके अलावा उन्होंने बैठक में सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं-प्रधानमंत्री कुसुम योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वामित्व योजना, 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, हरियालो राजस्थान तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी)-की प्रगति की समीक्षा की। जिन योजनाओं में प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उनसे संबंधित अधिकारियों को योजना में सुधार लाने व 'पंच गौरव' के अंतर्गत 31 मार्च तक निर्धारित कार्य पूर्ण करने एवं वर्ष 2026-27 हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वृद्धाश्रमों में विशेष स्वास्थ्य शिविर (राष्ट्रीय कार्यक्रम) आयोजित करने के निर्देश दिए तथा समाज कल्याण अधिकारी को असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को वृद्ध आश्रम में पंजीकृत कर लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।

इसके अतिरिक्त 'सबको बीमा अभियान-2047' के अंतर्गत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सर्वे कर अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा बीमा दावों के वितरण के समय व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश एलडीएम अधिकारियों को दिए गए।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकालेगी शोभायात्रा

**पावटा।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर हखडेत मंदिर पावटा मे ब्राह्मण महासभा पावटा की बैठक का आयोजन पंडित सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष अमरनाथ पटेल के देवलोकगमन के बाद 2 मिनट का मौन रख विप्र बंधुओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद बैठक का आयोजन पुरानी कार्यकारिणी द्वारा सामूहिक रूप से इस्तीफा देने के बाद सभी उपस्थित विप्र बंधुओ की सर्व सम्मति से ब्राह्मण समाज पावटा के वरिष्ठ सुरेश नयाबासी को अध्यक्ष, गिरिराज बोहरा व दीपक पटेल को उपाध्यक्ष, सचिव के पद पर विष्णु पटेल, कोषाध्यक्ष के लिए ललित शर्मा को नियुक्त किया गया।

वही ब्राह्मण समाज पावटा संरक्षक के रूप मे सुरेश शर्मा, सुरेश शास्त्री, महेश शर्मा टोरडा वाले, दिनेश शर्मा टोरडा वाले, ओमप्रकाश गौड, गजानंद बोहरा, कुंज बिहारी शर्मा को व संगठन मंत्री नरेंद्र शर्मा को मनोनीत किया गया। इस दौरान पूर्व कार्यकारिणी ने समाज का समस्त लेखा झोंखा वर्तमान कार्यकारिणी को सौपा। महासभा के पूर्व महामंत्री विष्णु पटेल ने बताया कि आगामी 19 अप्रैल रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा, जीवंत झांकी सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। शोभायात्रा आदर्श रामलीला मैदान पावटा से रवाना होकर पावटा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस आदर्श रामलीला मैदान पावटा पर पहुंच कर भगवान परशुराम की महाआरती के साथ संपन्न होगी। बैठक के दौरान सुरेश शर्मा, आशीष शर्मा, लक्की भारद्वाज, शंकर पाकोजरा, योगेश शर्मा, रामशरण बोहरा, विकास शर्मा, दामोदर बोहरा, सांवर बोहरा, प्रिंस मिश्रा, नितेश शर्मा, मोहित शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, संजय गौड, भविष्य पटेल सहित अनेक विप्रबंधु मौजूद रहे।

■ ब्राह्मण महासभा पावटा की नई कार्यकारिणी का गठन, सुरेश नयाबासी अध्यक्ष व गिरिराज बोहरा व दीपक पटेल उपाध्यक्ष, विष्णु पटेल बने महामंत्री



मैंने अपने कैरियर की शुरूआत विशुद्ध बल्लेबाज के तौर पर की थी और कड़ी मेहनत तथा अतिरिक्त प्रयासों से उन्हें कामयाबी मिली।
- हार्दिक पंड्या

भारतीय खिलाड़ी, अपने खेल कैरियर को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — नेमार



**ब्राजील** फुटबॉल फेडरेशन के साथ विवाद गहराया; अनसेलोटी से भी नहीं मिले, फिटनेस पर भी सवाल। नेमार जूनियर के 2026 फीफा वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीदें अब लगभग खत्म होती नजर आ रही हैं। नेमार ने पहले संकेत दिए थे कि यह उनका आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है, लेकिन ब्राजील फुटबॉल फेडरेशन के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए ऐसा संभव होता नहीं दिख रहा है। सीएनएन ब्राजील की रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील फुटबॉल फेडरेशन के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि नेमार का टीम में चयन अब अत्यंत जटिल हो गया है और यह लगभग नामुमकिन सा लगता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय क्रिकेट टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए हैं। भारत 1983 और 2011 में वनडे विश्व कप और 2007 व 2026 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली प्रमुख टीमों में शामिल है।

## केएल राहुल सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे : अक्षर पटेल

नई दिल्ली, 23 मार्च। आईपीएल 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने अपने प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जहां फ्रेंचाइजी ने कई अहम संकेत दिए। मिचेल स्टार्क की उपलब्धता पर अब भी अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं जबकि ओपनिंग कॉम्बिनेशन को लेकर टीम ने साफ किया है कि केएल राहुल सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं। वहीं कप्तान अक्षर पटेल ने माना कि पिछले सीजन की सबसे बड़ी कमजोरी ओपनिंग ही रही थी।

इस बार ऑक्शन में इस मुद्दे पर खास तौर पर टारगेट किया गया। अब सवाल ये है कि क्या दिल्ली कैपिटल्स अपनी पुरानी गलतियों से सीखकर इस सीजन नई शुरुआत कर पाएगी या मिचेल स्टार्क की अनिश्चितता और कॉम्बिनेशन की चुनौतियां फिर से रास्ता रोकेंगी।

मीडिया से मुखातिब होते हुए अक्षर पटेल ने मिचेल स्टार्क के बारे में कहा कि, हमें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जवाब का इंतजार है। हम उन्हें एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली के कप्तान ने आगे कहा कि, मिचेल स्टार्क आ रहे हैं, लेकिन उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के जवाब



का इंतजार है। क्योंकि उन्हें अपनी फिटनेस के साथ-साथ अपने वर्कलोड को भी मैनेज करना है।

केएल राहुल और ओपनिंग पोजिशन के बारे में कोच हेमंग बदानी ने कहा कि, अगर आपकी ओपनिंग ठीक से काम नहीं कर रही है तो इसे सही करने का एकमात्र तरीका ये है कि आप किसी ऐसे खिलाड़ी को ढूंढें जो हमारे लिए ये काम कर सके।

दिल्ली के कोच ने आगे कहा कि, पिछले साल हम ऐसा नहीं कर पाए थे इसलिए आपने पिछले सीजन में अभिषेक पोरेल, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, फाफ डुप्लेसिस और अन्य खिलाड़ियों के साथ बदलाव देखे। फाफ आधे समय चोटिल रहे थे। इस बार हमने कुछ ओपनर्स को चुना है। हम पृथ्वी शॉ के पास लौटे हैं। उन्होंने कहा कि, हमने बेन डकेट और पथुम निसांका को चुना है। हमने इन खिलाड़ियों को चुनकर इस समस्या को सचमुच हल कर लिया है। नीलामी में ओपनिंग स्लॉट हमारे लिए एक मुख्य लक्ष्य था और हमने इसे काफी हद तक पूरा कर लिया है।

**अक्षर पटेल को इम्पैक्ट प्लेयर नियम पसंद नहीं**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना करते हुए कहा, "मुझे यह पसंद नहीं है", क्योंकि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (हरफनमौला) के विकास में बाधा आती है। बता दें कि, रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी एकादश में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं।

## केकेआर ने बदला अपना पेस अटैक : आकाश दीप की जगह आए सौरभ दुबे


नई दिल्ली, 23 मार्च। आईपीएल शुरू होने से ठीक पहले टीमों में बदलाव का दौर जारी है और अब कोलकाता की टीम से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। चोट की वजह से एक खिलाड़ी के बाहर होने के बाद टीम ने नए विकल्प की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने तेज गेंदबाज आकाश दीप के स्थान पर विदर्भ के खिलाड़ी सौरभ दुबे को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। मौजूद जानकारी के अनुसार आकाश दीप पीठ के निचले हिस्से की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, जिसके चलते उन्हें इस सत्र से बाहर होना पड़ा है। हालांकि टीम की ओर से अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक 28 वर्षीय सौरभ दुबे पहले ही कोलकाता में टीम के साथ अभ्यास शुरू कर चुके हैं। गौरतलब है कि आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले इस तरह के बदलाव टीम की रणनीति पर असर डाल सकते हैं। सौरभ दुबे एक बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज हैं और घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने सीमित ओवर क्रिकेट में अच्छा प्रभाव छोड़ा है। बता दें कि वे 2019 में उभरती टीम एशिया कप के लिए भारत की टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं।

## स्टेट लेवल यूथ कप अंडर-17 दी राजस्थान एकेडमी पीएस एकेडमी को हराया



जयपुर, 23 मार्च। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर - 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए मैच दी राजस्थान एकेडमी ने पी एस एकेडमी को 95 रनों से हराया। दी राजस्थान एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रवि कश्यप के 20 रन, तक्ष नगर के 34 रन, ध्रुव गुर्जर के 56 रन, मनीष हरितवाल के 26 रन, अली चौधरी के 16 रनो से 35 ओवर में 9 विकेट पर 199 रन बनाए। पी एस एकेडमी के लिए पृथ्वी ने 51 पर 4, जुलफान ने 16 पर 3 विकेट लिये। जवाबी पारी में पी एस एकेडमी की टीम कौशांक जोशी के 30 रन, पुरानजय राठौड़ के 21 रन से 35 ओवर में 8 विकेट पर 104 रन ही बना सकी। दी राजस्थान एकेडमी के लिए मनीष हरितवाल ने 9 पर 4, अली चौधरी ने 22 पर 2 व युग परेरा ने एक विकेट लिया।

## राजस्थान ने लहराया अपना परचम, प्रथम बीच ताईचीक्वान वुशू प्रतियोगिता में जीते 3 पदक




जयपुर, 23 मार्च। भारतीय वूशु संघ के तत्वावधान में दिनांक 20 से 23 मार्च 2026 तक ब्लू फ्लैग बीच, चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित हुई प्रथम बीच ताईचीक्वान राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान वुशू टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, 01 रजत व 02 कांस्य पदक जीत राजस्थान का नाम रोशन किया। हीरानन्द कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ के अनुसार पदक विजेता खिलाडियों के नाम इस प्रकार है- किशन कच्छावा - रजत पदक (ताईचीक्वान, रिधि पारीक - कांस्य पदक (ताईचीशान), रिधि पारीक एवं अभिज्ञा शर्मा- कांस्य पदक (पेयर ताईचीक्वान)। खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने प्रशिक्षक राजेश कुमार टेलर एवं अपने परिवार को दिया।

## आईपीएल के आगे पस्त पड़ा पीएसएल, अनुबंध उल्लंघन और वेतन वृद्धि की मांग ने बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली, 23 मार्च। विदेशी खिलाड़ियों के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बावजूद नाम वापस लेने के कारण दो नई टीमों के साथ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की मेजबानी करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए लॉजिस्टिक्स (आयोजन संबंधी) और अनुबंध संबंधी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। विदेशी खिलाड़ी अधिक आकर्षक इंडियन प्रीमियर लीग से करार मिलने के बाद पीएसएल को छोड़ रहे हैं। दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल करने के साथ विस्तारित पीएसएल बृहस्पतिवार को लाहौर में शुरू होने वाली है। यह आईपीएल के 28 मार्च को शुरू होने से दो दिन पहले है। इस तरह इन दोनों लीगों का आयोजन एक साथ होगा। पीएसएल तीन मई तक चलेगा, जबकि आईपीएल का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन यह मई के अंतिम या जून के शुरुआती सप्ताह तक चल सकता है।

एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, पीसीबी न केवल खिलाड़ियों द्वारा अनुबंधों के उल्लंघन से जूझ रहा है, बल्कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कुछ खिलाड़ियों द्वारा अंतिम समय में फीस बढ़ाने की मांग से भी परेशान है। सूत्र ने बताया, "पीसीबी इस समय पीएसएल को निर्धारित समय पर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और उसने अभी तक नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ कोई कार्रवाई तय नहीं की है।"



नाम वापस लेने वाले खिलाड़ियों पर दो से चार साल तक का प्रतिबंध लगाने के बारे में आंतरिक चर्चा हुई है, लेकिन चिंता बनी हुई है कि ऐसे उपाय भविष्य में शीर्ष विदेशी प्रतिभाओं को पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध करने से और भी हतोत्साहित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, "ऐसे में एक तर्क यह भी है कि प्रतिबंधों से पीएसएल के आगामी सत्रों के लिए बड़े विदेशी खिलाड़ियों से करार करना और भी मुश्किल हो जाएगा।"

सूत्र ने स्वीकार किया कि दोनों लीगों के बीच वित्तीय असमानता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कई खिलाड़ी चोट से जूझ रहे आईपीएल में काफी अधिक वेतन पैकेज दिए जा रहे हैं, जबकि पीएसएल फ्रेंचाइजी उन वेतन पैकेजों का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पीसीबी ने पिछले साल अनुबंध उल्लंघन के लिए दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी और उन पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। यह कदम हालांकि प्रभावी साबित नहीं हुआ, क्योंकि बॉश ने पीएसएल खिलाड़ी ड्राफ्ट में शामिल होने से पहले ही अगली नीलामी में आईपीएल अनुबंध हासिल कर लिया।

पीसीबी द्वारा इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अन्य सदस्यों के समक्ष भी उठाने की उम्मीद है, ताकि एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा सके, जो यह सुनिश्चित करे कि खिलाड़ी किसी लीग में शामिल होने के बाद अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करें। इस वर्ष के पीएसएल से अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती और जॉनसन चार्ल्स, श्रीलंका के दासुन शनाका, जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी, ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन और जेक फ्रेजर-मैकगर्क, दक्षिण अफ्रीका के ओटनेल बार्टमैन, अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज और इंग्लैंड के टायमल मिल्स शामिल हैं।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया के मार्नुस लाबुशेन, न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और डेवोन कॉन्वे कुछ अन्य विदेशी खिलाड़ियों के साथ पीएसएल में भाग लेने के लिए लाहौर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पीएसएल सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि अगले 48 घंटों में और भी विदेशी खिलाड़ियों और कोचिंग दल के सदस्यों के पहुंचने की उम्मीद है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन और उनका स्टाफ भी शामिल है। पीसीबी ने रविवार को घोषणा की कि क्षेत्र में चल रहे संघर्ष और सरकार द्वारा खर्च कम करने के उपायों के कारण पीएसएल मैच दर्शकों के बिना आयोजित किए जाएंगे। बोर्ड ने उद्घाटन समारोह भी रद्द कर दिया और आयोजन को केवल दो स्थानों (लाहौर और कराची) तक सीमित कर दिया।

## राजस्थान रॉयल्स ने सैम करन के रिप्लेसमेंट के रूप में दासुन शनाका को टीम में शामिल किया



जयपुर, 23 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने आज श्रीलंका के ऑलराउंडर और टी20। कप्तान दासुन शनाका को इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन की चोट के चलते इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीज़न के लिए उनके रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल करने की घोषणा की। राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट और हेड कोच कुमार संगकारा ने कहा, "सीज़न की शुरुआत से ठीक पहले सैम जैसे खिलाड़ी का टीम से बाहर होना हमारे लिए निराशाजनक है। सैम बल्ले और गेंद दोनों से टीम को काफी मजबूती देते हैं। हालांकि, हमें खुशी है कि हमें दासुन शनाका के रूप में एक बेहतरीन विकल्प मिला है, जो एक फिनिशर बल्लेबाज होने के साथ-साथ एक क्वालिटी ऑलराउंडर भी हैं और टीम के संतुलन को बनाए रखने में मदद करते हैं।" दासुन शनाका श्रीलंका के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं और उनके पास निचले मध्यक्रम में खेलने का अच्छा अनुभव और दबाव में शांत रहने की क्षमता है। राजस्थान रॉयल्स अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत 30 मार्च को गुवाहाटी के एसीए स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ करेगी।

## पीएसएल 2026 के बीच खिलाड़ियों की भगदड़, चीफ मोहसिन नकवी ने दी सख्त एक्शन की चेतावनी



नई दिल्ली, 23 मार्च। क्रिकेट की दुनिया में इस समय दो बड़ी लीग के टकराव को लेकर हलचल तेज हो गई है, जहां खिलाड़ियों के अचानक टीम बदलने से विवाद गहराता नजर आ रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अब इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। बता दें कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने साफ कहा है कि जो खिलाड़ी आखिरी समय पर पाकिस्तान सुपर लीग छोड़कर दूसरी लीग में शामिल होंगे, उनके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौजूद जानकारी के अनुसार यह विवाद तब और बढ़ गया जब श्रीलंका के खिलाड़ी दासुन शनाका ने लाहौर कलंदर्स की टीम से हटकर राजस्थान की टीम का रुख कर लिया।

गौरतलब है कि शनाका को एक घायल खिलाड़ी के स्थान पर शामिल किया गया है। इससे पहले भी जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड से अलग होकर कोलकाता की टीम से जुड़ने का फैसला लिया था। ऐसे लगातार मामलों ने पाकिस्तान लीग प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है।

मोहसिन नकवी ने कहा कि पिछले साल भी ऐसा मामला सामने आया था, जिसमें एक खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगाया गया था। उनका कहना है कि इस बार भी उसी तरह की कार्रवाई दोहराई जा सकती है। उन्होंने यह भी साफ किया कि दोनों लीग का एक साथ होना बड़ी समस्या नहीं है, क्योंकि जहां कुछ खिलाड़ी जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कई अच्छे खिलाड़ी पाकिस्तान लीग में भी आ रहे हैं।

## सुरेश रैना और ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन टीम के पहले 'हाल ऑफ फेम' में शामिल

नई दिल्ली, 23 मार्च। चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को भारत के पूर्व हरफनमौला सुरेश रैना और आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम के पहले 'हाल आफ फेम' में शामिल किया। यह घोषणा एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर टीम के प्रशंसकों के लिये विशेष कार्यक्रम 'रोअर 26' के दौरान की गई। रैना 2008 से 2021 तक चेन्नई टीम का हिस्सा थे।



वह चार बार आईपीएल में चेन्नई की विजेता टीम (2010, 2011, 2018 और 2021) के सदस्य रहे। प्रशंसकों के बीच 'चिन्ना थाला' के नाम से मशहूर रैना 2010 और 2014 में चैम्पियंस लीग जीतने वाली चेन्नई टीम में भी थे और 2014 में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। चेन्नई के लिये उन्होंने सर्वाधिक 5529 रन बनाये हैं। हेडन 2008 से 2010 तक चेन्नई टीम में थे। उन्होंने 2009 में 572 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल की थी। इस मौके पर चेन्नई सुपर किंग्स के कई पूर्व खिलाड़ी मौजूद थे।

## धमकी के बावजूद पाक पहुंचे स्टीव स्मिथ



नई दिल्ली, 23 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ तमाम कयासों और धमकी के बावजूद पाकिस्तान पहुंच गए हैं। वह पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में मुल्तान सुल्तांस की ओर से खेलेंगे। दरअसल, पाकिस्तान के सशस्त्र संगठन जमात-उल-अहरार ने हाल ही में स्मिथ, डेविड वॉर्नर और डेरिल मिचेल जैसे विदेशी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में हिस्सा न लेने की चेतावनी जारी की। इस दौरान संगठन ने कहा कि विदेशी खिलाड़ी तुरंत पीएसएल से अपने नाम वापस ले लें क्योंकि उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं। मुल्तान सुल्तांस ने भी स्मिथ का वीडियो शेयर किया है। इस दौरान वीडियो में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का स्वागत किया जा रहा है। साथ ही बल्लेबाज ने इस दौरान कहा कि, पाकिस्तान आ गया हूं। टूर्नामेंट में मुल्तान सुल्तांस की ओर से खेलने को लेकर उत्सुक हूं।इस संगठन का कहना है कि, मौजूदा सुरक्षा हालात अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि अगर खिलाड़ी पाकिस्तान आते हैं तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से हटने की सलाह दी गई है। ये भी कहा गया है कि इस धमकी को नजरअंदाज करने के गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। यहां तक कहा गया है कि मैचों को रद करने कोशिश की जा सकती है।

## प्रमोद ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता

नई दिल्ली, 23 मार्च। पैरालम्पिक चैम्पियन प्रमोद भगत ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। भगत ने पुरूष एकल एसएल3 में भारत के ही नितेश कुमार को 21 . 17, 10 . 21, 21 . 18 से हराया। मिश्रित युगल में उन्होंने मनीषा रामदास के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने ब्राजील के रोजेरियो जूनियर जेवियर डि ओलिवियरा और एडवर्डो डि ओलिवियरा डायस को 13 . 21, 21 . 12, 21 . 19 से मात दी। भगत ने पुरूष युगल एसएल3 और एसयू5 श्रेणी में सुकांत कदम के साथ रजत पदक जीता।

**चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता**

## जितेन्द्र व मोहित के अर्द्धशतकों तथा रिषभ मोदी की गेंदबाजी से कृष्णा एकेडमी जीती

जयपुर, 23 मार्च। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज करोल क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये नॉकआउट दौर के मैच में कृष्णा क्रिकेट एकेडमी ने जितेन्द्र यादव 65 रन (43 गेन्द, 5 चौके, 4 छक्के), मोहित प्रजापत 50 रन (35 गेन्द, 3 चौके, 5 छक्के) के अद्धर्शतको तथा रिषभमोदी 27 रन पर 3 विकेट की शानदार गेन्दबाजी




की बदोलत जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी को नजदीकी मुकाबले में 5 रन से हराकर क्वार्टर फाईन्ल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर कृष्णा क्रिकेट एकेडमी पहले बल्लेबाजी करते हुए जितेन्द्र यादव 65 रन, मोहित प्रजापत 50 रन, राहुल शर्मा 33 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए। गेंदबाजी में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी की ओर से तोषित भाटिया 38 रन पर 2 विकेट, हर्ष त्रिपाठी 42 रन पर 2 विकेट तथा अभिजय भण्डारी व रोहन राजभर एक-एक विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। जवाबी पारी में जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी की ओर से राहुल खण्डेलवाल 44 रन, तोसित भाटिया 46 रन, अमन शेखावत 42 रन नाबाद तथा रोहन राजभर 15 रन की पारियों के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 174 रन ही बना सकें और 5 रन से मैच कवा दिया। गेंदबाजी में कृष्णा एकेडमी की और 27 रन पर 3 विकेट अनामिक 49 रन पर 2 विकेट तथा रवि शर्मा, राहुल सिंह तथा देवांश सिंह प्रत्येक एक-एक विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच जितेन्द्र यादव कृष्णा क्रिकेट एकेडमी रहे।

## महिला ए डिजीवन लीग : मैना सियोल के पंजे से जीती क्रिकेट एकेडमी




जयपुर, 23 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में खेले गए उदघाटन मैच में जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने यूनियन क्लब को 7 विकेट से हराया। जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले यूनियन क्लब को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। यूनियन क्लब ने तानिया शर्मा के 24 रन, दीक्षा चौधरी के 33 रन, अनुष्का शर्मा के 15 रन, रोशेल यादव के 14 रन व चीनू राठौड़ के 10 रनो से 33.1 ओवर में 127 रन बनाए। जयपुर क्रिकेट एकेडमी के लिए मैना सियोल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 19 पर 5, रुतबा चौधरी ने 26 पर 2, प्रिया समिता, सीधी शर्मा व वेदिका सिंह ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में जयपुर क्रिकेट एकेडमी ने शिवानी चौधरी के 50 रन, संजना सोनी के 31 रन व सीमा जाट के 24 रनो से 20.5 ओवर में 3 विकेट पर 130 रन बना कर मैच जीत लिया। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए सीमा शर्मा ने एक विकेट लिया। मैच से पूर्व प्रतियोगिता के उदघाटन के अवसर पर तदर्थ समिति के कन्वीनर सुरेश शर्मा, सदस्य आनंद सिंह राठौड़, पूर्व रणजी कप्तान राहुल कांवट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सलीम खान, तपेश कौशिक, रणजीत सैनी, रफीक जोया, रोशन कटारिया सहित अनेक खिलाड़ी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा पहली बार यह प्रतियोगिता आयोजित की है। प्रतियोगिता रंगीन पोशाक में खेले जा रही है तथा प्रतियोगियों से सभी मैचों में खिलाड़ियों को भोजन आदि की व्यवस्था भी जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा की गई है।

## द्वितीय सीनियर राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैम्पियनशिप आज से




जयपुर, 23 मार्च। द्वितीय सीनियर राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 24 से 27 मार्च तक सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम, जयपुर में किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत, मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता होंगे। विशिष्ट अतिथि गोपाल शर्मा, विधायक सिविल लाइंस उपस्थित रहेंगे। देवेंद्र झाझरिया, पद्म भूषण सम्मानित एवं अध्यक्ष, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। सत्यनारायण, चेयरमैन पैरालंपिक फेडरेशन ऑफ इंडिया भी उपस्थित रहेंगे। नरेंद्र सिंह, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी- द्वितीय सीनियर राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैम्पियनशिप भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। जयवंत , सचिव पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांगवान, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की उपस्थिति भी रहेगी। द्रोणाचार्य अवार्डी कोच महावीर प्रसाद सैनी की उपस्थिति भी कार्यक्रम के दौरान रहेगी। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 राज्यों के 130-140 प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में कुल 18 मेडल इवेंट्स आयोजित किए जाएँगे। 22 भारतीय फेंसिंग टीम ने अब तक विश्व कप, एशियाई चैंपियनशिप एवं कॉमनवेल्थ खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए हैं।अब तक पैरालंपिक फेंसिंग में भारत कोई पदक हासिल नहीं कर पाया है। 24 फैसिंग एक उभरता हुआ खेल है और यह इस प्रतियोगिता का दूसरा संस्करण है। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अंतर्गत 6 खेल सीधे संचालित किए जाते हैं, जिनके लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं।इस चैम्पियनशिप का आयोजन दिव्यांग पैरा स्पोर्टस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा किया जा रहा है। यह संस्था पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है। राजस्थान में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए खेल गतिविधियों का संचालन करने वाली यह प्रमुख संस्था है। प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करना एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है।

## जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब ने जरेठी फुटबॉल क्लब को 2-0 से हराया



जयपुर, 23 मार्च। राजस्थान फुटबॉल संघ और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के सयुंक्त तत्वाधान में जारी आर लीग ए डिवीज़न फुटबॉल लीग के आज तीन मैच खेले गए। पहला मैच जिंक फुटबॉल क्लब और सनराइज फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया व निर्धारित समय तक दोनों ही टीमों असमर्थ रही मैच 0-0 से मैच बराबर। दूसरा मैच ए स एल फुटबाल क्लब जयपुर और ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय तक दोनों ही टीमों असमर्थ रही मैच में निर्णायक की तरफ़ से 5 मिनट अतिरिक्त दिए गए जिसमें अंतिम मिनट में दोनों ही टीमों ने एक एक गोल किया मैच 1-1 से मैच बराबर रहा । ब्रदस यूनाइटेड की तरफ़ से प्रीत ने ओर ए स एल की तरफ से अमित ने गोल किया। तीसरे मैच में जरेठी फुटबॉल क्लब और जयपुर सिटी फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया जिसमे जयपुर सिटी फुटबॉल अकादमी 5-0 से जीता! फल गोल धर्मबीर सिंह की तरफ से आत्मघाती गोल कर लिया गया। दो गोल महीपत ने 46 और 49 मिनट पर किया एक एक गोल अनुज ओर जिवेश ने किया। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 20 मार्च से शुरू हुई आर लीग 1 महीने तक चलेगी। कुल 42 मैच खेले जाएंगे। आज तक 6 मैच खेले जा चुके हैंअब 26 मार्च को अगले तीन मैच खेले जाएंगे।

## महावीर स्कूल एलुमिनाई खेल महोत्सव सम्पन्न

जयपुर, 23 मार्च। महावीर स्कूल एलुमिनाई एसोसिएशन का खेल महोत्सव का उद्घाटन महात्मा ज्योतिबा फूले यूनिवर्सिटी के चेयरमन निर्मल पवार ने किया इस मौके पर उन्होंने क्रिकेट मैच का ड्रा निकाला तथा मैच का टॉस कराकर खेल महोत्सव की शुरुआत की। खेल महोत्सव में महेश्वरी के स्कूल के एलुमिनाई ने दो खिताब जीते तथा सेंट जेवियर व विद्या आश्रम स्कूल के एलुमिनाई ने एक-एक खिताब जीता। महेश्वरी स्कूल ने बैडमिंटन में विद्या आश्रम स्कूल को दो एक से परास्त किया। महेश्वरी स्कूल के अतुल भास्कर ने पहले सिंगल्स में विद्याश्रम की अभिषेक जैन को 21- 13, 21 -18 से प्राप्त किया वही महेश्वरी स्कूल की जुगल जोड़ी अतुल व अंकुर विद्याश्रम की जोड़ी चितवन व कपिल से 21-23, 12-21 से हार गई। दूसरे सिंगल्स में महेश्वरी स्कूल के अंकुर जोशी ने विद्याश्रम के सम्यक को हराकर बैडमिंटन का खिताब महेश्वरी स्कूल ने जीता वही शतरंज फाइनल में महेश्वरी स्कूल के दीप्तिमान भौमिक ने म अपने ही स्कूल के डॉक्टर आशुतोष गोयल को हराकर खिताब जीता। क्रिकेट का फाइनल सेंट जेवियर स्कूल तथा विद्याश्रम के बीच रहा विद्याश्रम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 130 रन बनाने की चुनौती सेंट जेवियर स्कूल ने 9.3 ओवर में एक विकेट पर 131 रन बना खिताब जीता। मैन ऑफ द मैच आदित्य शेखावत रहे।

# मुख्यमंत्री ने ज्वाला माता व शाकंभरी माता मंदिर में पूजा की

## उन्होंने नौ देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया व हवन में आहुति दी

जयपुर, 23 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नवरात्र के अवसर पर जोबनेर स्थित ज्वाला माता मंदिर और सांभर स्थित शक्तिपीठ शाकम्भरी माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि के लिए कामना की। ज्वाला माता मंदिर में पुजारियों द्वारा मुख्यमंत्री शर्मा को आशीर्वाद स्वरूप माता की चुनरी ओढ़ाई गई तथा मंदिर ट्रस्ट द्वारा साफा पहनाकर और माता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में नौ देवी का स्वरूप बनी कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बस्सी नागा स्थित बजरंग गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया तथा जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय में श्री कर्ण नरेन्द्र की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने यहाँ छात्राओं से भी संवाद किया।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जोबनेर स्थित ज्वाला माता मंदिर और सांभर स्थित शक्तिपीठ शाकम्भरी माता मंदिर में पूजा-अर्चना की।*

इसके बाद मुख्यमंत्री सांभर स्थित शक्तिपीठ शाकम्भरी माता मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने माता के दरबार में शीश नवा कर पूजा-अर्चना की एवं हवन में आहुति भी दी। इस दौरान, मुख्यमंत्री मंदिर में आए श्रद्धालुओं से भी मिले। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आमजन में उत्साह नजर आया। जयपुर लौटते समय मुख्यमंत्री ने दहमीकलां स्थित श्री खेड़पति बालाजी मंदिर में दर्शन किए। यहां पुजारी ने शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।

आमजन ने जगह-जगह मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। झोटवाड़ा में स्थानीय लोगों एवं हाथोज में विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद, धानक्या मोड़ पर किसानों ने मुख्यमंत्री को गेहूं की बालियां भेंट कीं तथा कालवाड़ में आमजन ने राम जल सेतु लिंक परियोजना के लिए आभार जताया।

शर्मा ने बस्सी नागा स्थित बजरंग गोशाला में गायों को गुड़ खिलाकर गौ सेवा की तथा जोबनेर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में श्री कर्ण नरेन्द्र की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। यहां छात्राओं ने संवाद के दौरान मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात जोबनेर में लोगों ने मुख्यमंत्री को तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद, फुलेरा में आमजन ने मुख्यमंत्री को गदा भेंट कर अभिनंदन किया। शर्मा ने फुलेरा सर्किल पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इसके बाद रिणगी, बिचून एवं मोखमपुरा गांव में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक निर्मल कुमावत सहित, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दिल्ली में सोमवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई

नई दिल्ली, 23 मार्च। दिल्ली में मार्च में हुई बारिश से बीते दो वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया है। सोमवार तक दिल्ली में 18.6 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे पहले 2025 में 1.8 और 2024 में 4.3 एमएम बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने इस सप्ताह दो दिन और झमाझम बारिश का अनुमान जताया है,

- **इस माह 24 से 28 तक आसमान आंशिक रुप से बादलों से ढका रहेगा।**

जिससे रिकॉर्ड में और बढ़ोतरी होगी।

तड़के हल्की फुहारों और हवाएं चलने से सोमवार की सुबह मौसम खुशनुमा हो गया। अचानक काले बादलों के कारण अंधेरा छा गया और कई जगहों पर तेज आंधी के साथ बारिश हुई। दिन चढ़ने के साथ धूप तेज हो गई, लेकिन बीच-बीच में बादलों की आवाजाही भी बनी रही।

मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी भारत पर दो पश्चिमी विक्षोभ का असर पड़ने की आशंका है। पहला 26 और दूसरा 29 मार्च को सक्रिय हो सकता है।

विभाग के अनुसार, दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में अगले हफ्ते मौसम में हल्के बदलाव की संभावना है। ऐसे में तापमान धीरे-धीरे बढ़ कर 32-34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। 24 से 28 मार्च तक आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। हवाएं उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम दिशा में 5-20 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगी।

# बंगाल में ओवैसी ने हुमायूं कबीर से हाथ मिलाया

## राजनैतिक हलको में चर्चा है कि इससे तृणमूल को नुकसान होगा

कोलकाता, 23 मार्च। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए हुमायूं कबीर की पार्टी, आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ गठबंधन का एलान किया है। हुमायूं कबीर तृणमूल कांग्रेस से विधायक रहे हैं, लेकिन बीती साल टीएमसी ने कबीर को पार्टी से निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद हुमायू कबीर ने नई पार्टी बनाने का फैसला किया।

हुमांयू कबीर ने आगामी विधानसभा चुनाव में 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। वो 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान भी कर चुके हैं तथा रेजीनगर सीट से वे स्वयं चुनाव लड़ेंगे। हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद जिले की दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे, जिनमें रेजीनगर के अलावा नौवाला सीट शामिल है।

हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे हैं, जिसके लिए उन्हें करोड़ों रुपये का चंदा मिलने की बात कही जा रही है। बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर वे बीते दिनों काफी चर्चा में थे और जिस तरह से उन्हें लोगों का समर्थन मिला, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में हुमायूं कबीर और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का गठबंधन सत्ताधारी टीएमसी को मुस्लिम बहुल सीटों पर खासा नुकसान पहुंचा सकता है।

- **प.बंगाल में 85 सीटों पर मुस्लिम वोटर निर्णायक स्थिति में हैं, और ये अब तक तृणमूल का वोट बैंक माने जाते रहे हैं, अगर इस वोट बैंक में हुमायूं कबीर व ओवैसी ने सेंध लगा ली तो भाजपा को भारी लाभ होगा।**

पश्चिम बंगाल में मुस्लिम मतदाता 85 सीटों पर निर्णायक स्थिति में हैं। ये सीटें राज्य के पांच जिलों में फैली हैं, जिनमें मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर, बीरभूम और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। मुर्शिदाबाद में 66 फीसदी, मालदा में 51 फीसदी, उत्तरी दिनाजपुर में 49 फीसदी, बीरभूम में 37 फीसदी और दक्षिण 24 परगना में 35 फीसदी के करीब मुस्लिम आबादी रहती है।

साल 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने इन जिलों की 85 विधानसभा सीटों में से 75 पर कब्जा जमाया था। मुर्शिदाबाद जिले में 22 विधानसभा सीटें हैं और मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर का अच्छा खासा प्रभाव है। खासकर बाबरी मस्जिद के निर्माण की शुरुआत करने से हुमायूं कबीर का इस जिले में जनसमर्थन और बढ़ा है। ऐसे में अगर हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम का गठबंधन मुर्शिदाबाद सहित, अन्य मुस्लिम बहुल सीटों पर कुछ प्रतिशत वोट पाने में सफल रहा तो इससे टीएमसी की जीत का गणित गड़बड़ा सकता है। साथ ही कांग्रेस और लेफ्ट भी मुस्लिम बहुल सीटों में सेंध लगाने की कोशिश में हैं। यही वजह है कि हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम के गठबंधन से टीएमसी नेतृत्व की चिंता बढ़नी स्वभाविक है।

## ट्रंप ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान के साथ बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी।

उन्होंने लिखा, "मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान ने पिछले दो दिनों में मध्य पूर्व में हमारी दुश्मनी के पूर्ण और समग्र समाधान को लेकर बहुत अच्छी और उपयोगी बातचीत की है। पूरे सप्ताह जारी रहने वाली इन गहन, विस्तृत और रचनात्मक वार्ताओं के लहज़े और रुख के आधार पर, मैंने अपने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि ईरान के बिजली संयंत्रों और ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी और सभी सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए स्थगित किया जाए, जो चल रही बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर करेगा। इस विषय पर आपके ध्यान के लिए धन्यवाद।"

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की छत गिरी, 4 की मौत

प्रयागराज, 23 मार्च। उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में फाफामऊ क्षेत्र के चांदपुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज की धमाके के साथ छत ढहने से चार मजदूरों की मौत हो गई।

हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं। यह कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है।घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि सोमवार दोपहर कोल्ड स्टोरेज में मजदूर आलू रखे रहे थे। इसी बीच स्टोरेज का एक हिस्सा भराभराकर

- **यह कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी नेता व पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है।**

गिर गया, जिसकी वजह से अमोनिया गैस का पाइप फट गया। छत के मलबे में कई मजदूर दब गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि हादसे के वक्त वहां 120 लोग मौजूद थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चुनाव आयोग के पत्र पर केरल भाजपा की मुहर

## माकपा ने सोशल मीडिया पर मार्च 2019 का चुनाव आयोग का पत्र शेयर किया

तिरुवनंतपुरम, 23 मार्च। चुनाव आयोग के एक पुराने पत्र पर केरल भाजपा की मुहर पाए जाने के बाद सियासी विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले ने चुनावी निष्पक्षता को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्षी दलों ने इसे गंभीर चूक बताते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं, जबकि आयोग ने इसे सिर्फ "क्लैरिकल एरर" यानी लेखन की गलती कहकर तुरंत सुधार करने की बात कही है।

यह विवाद तब सामने आया जब सीपीआईएम ने सोशल मीडिया पर एक दस्तावेज साझा किया, जिसमें 19 मार्च 2019 के चुनाव आयोग के पत्र के साथ लगे हलफनामे पर केरल भाजपा की मुहर दिखाई दी। इस पर कांग्रेस और

- **उक्त पत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र पर केरल भाजपा की मुहर को लेकर भारी विवाद हुआ है। चुनाव आयोग ने इसे लेखन की गलती कहकर टाल दिया।**

सीपीआईएम ने तीखी प्रतिक्रिया दी। चुनाव आयोग के केरल कार्यालय ने सफाई देते हुए कहा कि यह गलती अनजाने में हुई और इसे तुरंत ठीक कर लिया गया है। यह मामला 2019 के एक आधिकारिक पत्र से जुड़ा है, जो राजनीतिक दलों को भेजा गया था। सीपीआईएम ने दावा किया कि इस पत्र के साथ जो दस्तावेज भेजा गया, उस पर चुनाव आयोग की बजाय भाजपा की मुहर थी। पार्टी ने कहा कि यह दस्तावेज कई दलों को मिला और इसकी पुष्टि भी की गई। इससे यह सवाल उठने लगा कि क्या चुनाव आयोग के दस्तावेजों में बाहरी हस्तक्षेप हुआ है। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने कहा कि यह पूरी तरह एक क्लैरिकल एरर था। भाजपा केरल यूनिट ने हाल ही में एक पुरानी गाइडलाइन की कॉपी जमा की थी, जिस पर उनकी मुहर लगी थी। इसी कॉपी को गलती से अन्य पार्टियों को भेज दिया गया। कार्यालय ने माना कि यह चूक नजरअंदाज होने की वजह से हुई और बाद में इसे तुरंत वापस ले लिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बताया कि जैसे ही गलती का पता चला, 21 मार्च को एक नया पत्र जारी कर गलत दस्तावेज वापस ले लिया गया। सीपीआईएम और कांग्रेस ने इस घटना को लेकर चुनाव आयोग पर तीखा हमला किया। सीपीआईएम ने आरोप लगाया कि क्या अब चुनाव आयोग और भाजपा एक ही पावर सेंटर से चल रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने सवाल किया कि आयोग के पास भाजपा की मुहर कैसे पहुंची। विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए खतरा बताया। चुनाव आयोग ने साफ किया है कि यह सिर्फ एक तकनीकी गलती थी और इससे चुनाव प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आयोग ने कहा कि उसकी व्यवस्था पूरी तरह मजबूत और निष्पक्ष है। साथ ही लोगों और मीडिया से अपील की गई कि इस मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश न किया जाए।

## यूपी चुनाव से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की आवश्यकता होती है, जो कांग्रेस के बिना संभव नहीं है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सरकार इस विधेयक पर सर्वसम्मति बनाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के समर्थन के बिना यह संभव नहीं है, जबकि अब तक उससे कोई परामर्श नहीं किया गया है।

परिसीमन एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि सरकार इसे अलग रखना चाहती है और इसे बाद में, किन्तु 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले, उठाने की योजना बना रही है।

लेकिन सवाल यह है कि बिना परिसीमन के महिलाओं के लिए सीटों की संख्या कैसे बढ़ाई जाएगी।

वस्तुत: नरेन्द्र मोदी और अमित शाह जल्दबाजी में नज़र आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के गत चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद राजनीतिक दबाव बढ़ गया है। ऐसे में अमित शाह की राजनीतिक रणनीति नुकसान की भरपाई करने की दिशा में काम कर रही है। अभी तो खेल शुरु हुआ है।

## दो और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से पहले दोनों टैंकर ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र से होकर गुजरे थे।

ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाजों में शामिल हैं, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद फारस की खाड़ी में फंस गए थे। 28 फरवरी से युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट लगभग बंद हो गया है। होर्मुज स्ट्रेट ईरान और ओमान के बीच संकरा रास्ता है, जहां से तेल और गैस की सप्लाई होती है।

## ट्रंप ने अपनी "टाको" ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जैसे देशों को अमेरिका-इज़रायल के हमलों के जवाब में ईरान के हमलों का सामना करना पड़ा है।

ट्रंप के इस फैसले के बाद वित्तीय बाजारों ने तुरंत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेल बाजार में भी सुधार देखने को मिला और कीमतों में लगभग 12 प्रतिशत की गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड की कीमत पिछले सप्ताह के 118 डॉलर प्रति बैरल से गिरकर सोमवार को लगभग 96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई।

वित्तीय बाजार भी तेजी से संभले और पश्चिम के प्रमुख शेयर बाजारों में सूचकांक 5 प्रतिशत से अधिक उछल गए। सरकारी बॉन्ड पर ब्याज दरों में भी तेज गिरावट आई, जो संघर्ष शुरू होने के बाद बढ़ गई थीं।

संघर्ष के अचानक बढ़ने से वैश्विक वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, तेल की कीमतें बढ़ गई थीं और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरे पैदा हो गए थे। भारत, विशेष रूप से होर्मुज़ स्ट्रेट के बंद होने से, प्रभावित हो सकता था, क्योंकि भारत का बड़ा हिस्सा तेल आयात इसी मार्ग से होता है।

प्रधानमंत्री ने आज संसद में कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष ने भारत के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। भारत को कतर से मिलने वाली रसोई गैस भी इसी मार्ग से आती है। पश्चिम एशिया में स्थित दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडार 24 दिन के इस संघर्ष में बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और लंबे समय तक उनमें काम ठप्प रह सकता है।

# बैंगलूरु से लंदन जा रही एयर इंडिया फ्लाइट में खराबी

नई दिल्ली, 23 मार्च। भारतीय विमानन कंपनी एअर इंडिया का एक विमान आपात स्थिति में सउदी अरब के जेद्दा शहर में उतारा गया है।

जानकारी के मुताबिक, विमान बैंगलूरू से लंदन जा रहा था, इस दौरान उसे तकनीकी खराबी के कारण सउदी अरब के जेद्दा शहर में उतारा गया। जानकारी के मुताबिक, उड़ान संख्या एआई133,बोइंग 787-8 विमान, छह घंटे से अधिक समय तक हवा में था। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने बताया कि विमान ने एक एहतियाती कदम उठाते हुए जेद्दा की ओर रुख किया।

# पैरासिटामॉल सहित 90 दवा नमूने अप्रमाणित पाए गए

## भारत के औषधि महानियंत्रक ने अप्रमाणित फिक्स्डडोज़ दवाओं के खिलाफ राष्ट्र व्यापी अभियान शुरु किया।

नई दिल्ली, 23 मार्च। देश में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए, भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने अप्रमाणित फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। नियामक ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को 90 एफडीसी दवाओं की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, 2025 के सुगम लैब परीक्षण डेटा में बड़ी संख्या में दवाओं के सैंपल अप्रमाणित पाए गए हैं, जिन्हें नई दवा की श्रेणी में रखा गया है। नियमों के मुताबिक, किसी भी नई दवा का निर्माण और बिक्री बिना

- **पैरासिटामॉल, मल्टीविटामिन फोलिक एसिड के अलावा बेटामेथासोन क्रीम, डाइक्लोफेनाक सहित कई दवाएं शामिल हैं।**

केन्द्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण की अनुमति के नहीं की जा सकती। जांच के दायरे में आने वाली दवाओं में मल्टीविटामिन, फोलिक एसिड, सिरप, पैरासिटामोल, क्लोट्रिमाज़ोल और बेटामेथासोन क्रीम, डाइक्लोफेनाक पोटेशियम और डाइसाइक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट्स समेत अन्य शामिल हैं।

डीसीजीआई से राज्यों को भेजे पत्र में कहा गया कि आपूर्ति शृंखला में अप्रमाणित दवाओं की मौजूदगी सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। यह ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और उससे जुड़े नियमों के उल्लंघन का भी संकेत है। डीसीजीआई ने संबंधित निर्माताओं, विपणनकर्ताओं और अन्य हितधारकों के खिलाफ जांच शुरू कर उचित नियामकीय कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही, ऐसी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सतीश चंद्र शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश कटारा की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। बाबूलाल कटारा की ओर से जमानत याचिका में कहा गया था कि किसी भी आरोपी को अनिश्चितकाल तक जेल में नहीं रखा जा सकता। जांच एजेंसी ने केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोप लगाए हैं और उनसे कोई बरामदगी नहीं हुई है। इसके आधार पर कोर्ट ने 9 फरवरी को कटारा को अंतरिम जमानत दे दी थी। अंतरिम जमानत को रद्द करने के लिए राज्य सरकार ने प्रार्थना पत्र पेश किया। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.डी. संजय व अधिवक्ता अनीशा रस्तोगी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने तथ्य छिपाकर याचिका पेश की है। उसके खिलाफ पांच आपराधिक मामले लंबित हैं और 51 लाख 20 हजार रुपए व 500 ग्राम से अधिक सोने के आभूषण बरामद हुए। उन्होंने यह भी कहा कि कटारा की ओर से कई बार ट्रायल को स्थगित करवाया गया, जिसकी वजह से ट्रायल में देरी हो रही है। वहीं, कटारा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय में भी मामला दर्ज है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को मिली अंतरिम जमानत को रद्द कर दिया है।

## 'मैंने पश्चिम एशिया के सभी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिलाने के लिए मोदी ने कहा, "हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति बाधित न हो और आम परिवारों को परेशानी न उठानी पड़े।"

उन्होंने कहा, "हम सभी जानते हैं कि भारत अपनी एलपीजी की जरूरत का 60 प्रतिशत आयात करता है। आपूर्ति अनिश्चित होने के कारण सरकार घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता दे रही है। देश में एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया जा रहा है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने गर्मी के फसल सीजन के लिए उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है।

उन्होंने कहा, "जून-जुलाई में शुरू होने वाले गर्मी के बुवाई सीजन के लिए उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और बढ़ते तापमान के साथ बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कोयले की भी पर्याप्त व्यवस्था है।"

उन्होंने आगे कहा, "भारत के पास पर्याप्त पेट्रोलियम उपलब्ध है और हमारे रणनीतिक भंडार इस समय 5.3 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हैं, साथ ही 6.5 मिलियन मीट्रिक टन के अतिरिक्त भंडार बनाने का काम भी जारी है।"

मोदी ने कहा, "भारतीय किसानों को इस संकट से सुरक्षित रखा गया है। जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया है और सरकार किसानों की मदद जारी रखेगी।"

उन्होंने बताया, "कच्चा तेल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की बड़ी मात्रा होर्मुज़ जलडमरूमध्य के जरिए भारत आती है। सरकार खाड़ी क्षेत्र के समुद्री मार्गों पर नजर रख रही है, ताकि इन वस्तुओं से जुड़े जहाज सुरक्षित रूप से भारत पहुंच सकें।"

भारत के नाइट्रोजन उर्वरकों के आयात का लगभग 63 प्रतिशत (जिसमें यूरिया और अमोनिया शामिल हैं) और डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) का 32 प्रतिशत खाड़ी देशों से आता है, जो कृषि-आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

मोदी ने कहा, "फिलहाल हमारे पास पर्याप्त कोयला भंडार है", और आश्वासन दिया कि बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि भारत ने शांति के लिए कूटनीतिक प्रयास किए हैं। "लेकिन व्यापारिक जहाजों पर हमले और होर्मुज़ जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) में बाधा स्वीकार्य नहीं है।"

उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध की शुरुआत से ही होर्मुज़ स्ट्रेट के जरिए माल की आवाजाही एक चुनौती बनी हुई है, फिर भी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि गैस और ईंधन की आपूर्ति पर कम से कम असर पड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष ने आर्थिक, मानवीय और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी कई अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा कर दी हैं।

उन्होंने कहा, "संघर्ष से प्रभावित देशों के भारत के साथ व्यापक व्यापारिक संबंध हैं। यह क्षेत्र हमारे कच्चे तेल और गैस की जरूरतों का बड़ा हिस्सा पूरा करता है। साथ ही, चूँकि वहां लगभग 1 करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं, इसलिए यह क्षेत्र हमारे लिए महत्वपूर्ण है।"

उन्होंने कहा कि इस संकट पर संसद से दुनिया तक एकजुट और सर्वसम्मत संदेश जाना जरूरी है।

मोदी ने यह भी कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद से, प्रभावित क्षेत्रों में हर भारतीय को आवश्यक सहायता दी गई है।

उन्होंने कहा, "मैंने पश्चिम एशिया के अधिकांश देशों के प्रमुखों से दो बार फोन पर बात की है और उन्होंने सभी भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से इस संघर्ष में कुछ लोगों की मौत हुई है और कुछ घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को मदद दी जा रही है।

प्रधानमंत्री के भाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, "उन्होंने देश को स्थिति के बारे में बताया, लेकिन कुछ नया नहीं कहा।"

उन्होंने कहा, "हमने चर्चा के लिए जो नोटिस दिया है, वह चर्चा होनी चाहिए, ताकि हम भी जवाब दे सकें और सभी पक्ष अपने विचार रख सकें। संसद में चर्चा होना अच्छा रहेगा।"

## बंगाल में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सहित, समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव लिए हैं। सुझाव एकत्र करने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर ड्रॉप बॉक्स भी लगाए गए थे। इस बार बंगाल में भाजपा के लिए दांव बहुत बड़े हैं, तथा पार्टी अगले महीने होने वाले दो चरणों के चुनाव में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाने की उम्मीद कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करने वाले हैं, जिनमें भवानीपुर भी शामिल है, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मुकाबला भाजपा के सुवेन्दु अधिकारी से है। पिछले 2021 के चुनावों में, बनर्जी सुवेन्दु अधिकारी से मामूली अंतर से हार गई थीं। कभी ममता कैबिनेट के सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में से एक रहे अधिकारी, 2021 विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले भाजपा में शामिल होने के बाद, उनके सबसे बड़े विरोधी और आलोचक बन गए। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने 2021 में 294 में से 215 सीटें जीतकर सत्ता में जोरदार वापसी की, लेकिन बनर्जी नंदीग्राम सीट से सुवेन्दु अधिकारी से 1956 वोटों से हार गई थीं।

## 'अगर अमेरिका ने हमला ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चयन जानबूझकर किया गया है। ये केवल जनसंख्या केन्द्र नहीं हैं, बल्कि भारत की राजनीतिक शक्ति और आर्थिक मजबूती के प्रतीक हैं। इन्हें चर्चा में लाना मनोवैज्ञानिक और रणनीतिक दबाव को बढ़ाना है। हालांकि भारत के लिए ऐसी बयानबाजी नई नहीं है। उरी हमले से लेकर बालाकोट एयरस्ट्राइक तक के अनुभवों ने एक ऐसी रणनीति को जन्म दिया है जो दृढ़ता और संयम के बीच संतुलन बनाती है। इसका जोर संतुलित प्रतिक्रिया पर है, ऐसी क्षमता जो लागत थोप सके, लेकिन उन सीमाओं को पार न करे, जो अनियंत्रित तनाव बढ़ा सकती हैं। इस ढांचे में बयानबाजी को ध्यान में रखा जाता है, लेकिन यह भारत की रणनीतिक स्थिति को मूल रूप से नहीं बदलती।

वास्तव में, ऐसे बयान मौजूदा तैयारियों को और मजबूत करने का कारण बनते हैं। मुंबई, अब भी 2008 के हमलों को भूला नहीं है और राजधानी दिल्ली पहले से ही बहुस्तरीय सुरक्षा, खुफिया निगरानी और आपात योजनाओं के तहत है। इन शहरों का उल्लेख कोई नई आशंका पैदा नहीं करता, बल्कि एक पुरानी सच्चाई को उजागर करता है कि हाई-प्रोफाइल लक्ष्य तनाव के समय रणनीतिक संकेतों का हिस्सा होते हैं।

बासित के बयान में एक व्यापक श्रोता वर्ग भी शामिल है। अमेरिका-पाकिस्तान संभावित संघर्ष के संदर्भ में भारतीय शहरों का जिक्र एक त्रिकोणीय संदेश है। इसका उद्देश्य वॉशिंगटन को यह याद दिलाना है कि पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई से क्षेत्रीय तनाव फैल सकता है और भारत को इसमें शामिल किया जा सकता है, चाहे जानबूझकर या परिस्थितियों के कारण। यह एक क्लासिक रणनीति है, जिसमें बड़े शक्ति संतुलन को प्रभावित करने के लिए हस्तक्षेप की लागत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है।

नई दिल्ली के लिए यह पहलू खास तौर पर महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया है, लेकिन अपनी स्वायत्तता बनाए रखी है। ऐसे बयान, जो संघर्ष को क्षेत्रीय बनाने का संकेत देते हैं, भारत के विकल्पों को अप्रत्यक्ष रूप से सीमित करने का प्रयास माने जाते हैं।

इन सबके ऊपर परमाणु पृष्ठभूमि हमेशा मौजूद रहती है। भारत-पाकिस्तान तनाव पर कोई भी चर्चा परमाणु हथियारों की उपस्थिति से प्रभावित होती है, जो सावधानी और जटिलता दोनों को बढ़ाती है। यही कारण है कि भारत सीमित और सटीक प्रतिक्रिया को प्राथमिकता देता है और ऐसी बयानबाजी से बचता है, जो व्यापक संघर्ष का संकेत दे। इस क्षेत्र में तनाव केवल सीढ़ी नहीं, बल्कि एक खाई जैसा है।

अंततः, बासित की टिप्पणियों को किसी अलग घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक पैटर्न के हिस्से के रूप में समझना चाहिए। ये एक ऐसी रणनीतिक संस्कृति को दर्शाती हैं, जो जोखिम दिखाकर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करती है। भारत के लिए उचित प्रतिक्रिया बयानबाजी में उलझना नहीं, बल्कि अपने स्थापित दृष्टिकोण को मजबूत करना है, बिना घबराहट के सतर्कता बरती जाए, बिना उकसावे के पूरी तैयारी की जाए और सबसे महत्वपूर्ण, ऐसे क्षेत्र में तनाव को नियंत्रित रखने की प्रतिबद्धता रखी जाए, जहां गलत आकलन हमेशा एक वास्तविक खतरा रहा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908